सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
15.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 66



12 बांधगाड़ी में भगवान विष्णु का होगा दर्शन

## न्यूज डायरी

### पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा बने जेएसएससी अध्यक्ष



**रांची।** राज्य के पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष बनाये गये हैं। इससे संबंधित आदेश सरकार ने गुरुवार की शाम जारी कर दिया। श्री सिन्हा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष पद पर 27 सितंबर के प्रभाव से नियुक्त हुए।

### सीएम हेमंत सोरेन ने दी हिंदी दिवस की बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। हिन्दी हमारे सम्मान और स्वाभिमान की भाषा है। हिन्दी से हमें विश्व में एक नई पहचान मिली है। हम सभी देशवासियों को हिन्दी पर गर्व है।

### आज रांची आयेंगे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

**रांची।** 15 सितंबर को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची आयेंगे। रांची एयरपोर्ट से वो छतीसगढ़ के लिए रवाना हो जायेंगे। जानकारी के अनुसार जेपी नड्डा छतीसगढ़ जाने के क्रम में रांची आ रहे हैं। श्री नड्डा एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

### 30 बच्चों को ले जा रही नाव डूबी, 20 को बचाया

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बृहस्पतिवार को करीब 30 बच्चों को ले जा रही एक नाव बागमती नदी में डूब गयी। हादसे में अब तक 20 बच्चों को बचाया लिया गया है और अन्य की खोजबीन जारी है। हादसा जिले के बेनीबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के भटगामा के मधुरपट्टी घाट के समीप हुआ।

### रांची में होटल के कमरे में मिला युवती का शव

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेजिडेंसी के कमरे से गुरुवार को एक युवती का शव फंदे से लटकता मिला। उसकी शिनाख्त कांटाटोली ओल्ड एचबी रोड की डोली घोष के रूप में हुई है। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है।

### हजारीबाग के जंगल में मिला पंसस का शव

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के जोराकाट जंगल से गुरुवार को एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी शिनाख्त गोंदलपुरा के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो के रूप में हुई है। परिजनों ने कहा कि 13 की शाम वह मुर्गी फार्म गया था। इसी दौरान कुछ लोग उसे उठा ले गये थे।

### मुंबई एयरपोर्ट पर प्राइवेट जेट क्रैश, 8 लोग थे सवार

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर एक प्राइवेट प्लेन क्रैश हो गया। प्लेन में दो क्रू मेंबर समेत 8 लोग सवार थे। सभी को प्लेन से निकालने की कोशिश की जा रही है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फारूक अब्दुल्ला का पाक से बातचीत पर जोर

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम डॉ फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीर से आतंकवाद के संकट को खत्म करने के प्रयास के रूप में भारत और पाकिस्तान से बातचीत शुरू करने का आग्रह किया।

### इडी कोर्ट ने दिया जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन मामले में जेल में बंद पंकज मिश्रा के फंड मैनेजर भगवान भगत की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |




फोटो : समीर

# कांके ब्लॉक के सामने दिनदहाड़े जमीन कारोबारी को मारी गोली

## चार गोलियां लगीं, निकाली गयीं सभी गोलियां, खतरे से बाहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांके।** एक बार अपराधियों ने जमीन कारोबारी को निशाना बनाया है। अपराधियों ने गुरुवार को दिनदहाड़े कांके ब्लॉक के पास जमीन कारोबारी अवधेश कुमार उर्फ अवधेश यादव (45) पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस गोलाबारी में अरसंडे के अवधेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बतायी जाती है। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार कांके थाना क्षेत्र में दिन के दस बजे के करीब हुई इस वादात में अपराधियों ने जमीन कारोबारी को लक्ष्य कर सात गोलियां चलायी थीं। इसमें से दो गोली अवधेश के पेट में, एक गोली उनके सीने में और एक गोली उनके हाथ में लगी है। उन्हें कांके जनरल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। (शेष पेज 11 पर)

### मित्र के साथ जमीन विवाद सुलझाने घर से निकले थे



जानकारी के अनुसार अवधेश यादव अपने एक मित्र के साथ एक जमीन विवाद के मामले को सुलझाने के लिए घर से निकले थे, जैसे ही वे कांके ब्लॉक चौक के पास पहुंचे, पहले से ही घात लगाये अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन अपराधी ताबड़तोड़ गोलीबारी फरार हो गये। गोलीबारी के बाद अपराधी एक मोटरसाइकिल सवार युवक को गन प्वाइंट पर रखकर उसकी बाइक लेकर वहां से भाग निकले।

## पहली और दूसरी जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# हाइकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट पांच को होगी अगली सुनवाई

- पूछा, आरोपियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति में क्या कदम उठाये गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने पहली और दूसरी जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) की परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई के बारे में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी।

गुरुवार को सीबीआइ जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा कि सीबीआइ ने जिन आरोपियों (राज्य सरकार के अधिकारियों) के खिलाफ अभियोजन चलाने की स्वीकृति आदेश मांगी थी, उसपर क्या हुआ? किनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी गयी? मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में सीबीआइ ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया। पूर्व में कोर्ट ने सीबीआइ डीआइजी, पटना को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर यह भी बताने को कहा था कि किन-किन आरोपियों के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए राज्य सरकार से स्वीकृति मांगी गयी है और यह अभियोजन स्वीकृति कब-कब मांगी गइयी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।




पूर्व में इसी मामले में राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने कोर्ट को मौखिक बताया था कि सरकार ने उन्हें पद पर फिर से बहाल कर प्रमोशन दे दिया है। उनमें से बहुत लोगों का कंफर्मेशन भी हो गया है इसलिए सरकार की अपील पर मेरिट पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। सरकार एक तरफ जेपीएससी द्वितीय की परीक्षा के नियुक्त अधिकारियों को रीइंस्टेट कर उन्हें प्रमोशन दे रही है और उनकी नियुक्ति कंफर्म कर रही है। वहीं दूसरी ओर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अपील भी दायर कर रही है, यह समझ से परे है। दरअसल, बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंको की हेरा फेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआइ से कराने का आग्रह किया है। वही राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है। बता दें कि पहले राज्य सरकार द्वारा ली गई प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच निगरानी ब्यूरो कर रही थी, बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर इसकी जांच सीबीआई को दे दिया गया था।

# घमंडिया ने सनातन संस्कृति समाप्त करने की ठानी : मोदी

## विपक्षी गठबंधन पर पीएम का हमला, देश-समाज को बांटने का आरोप

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक जनसभा में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने इसे घमंडिया गठबंधन करार देते आरोप लगाया कि इसके नेताओं ने सनातन संस्कारों और परंपराओं को समाप्त करने का संकल्प लिया है। ये लोग उस 'सनातन धर्म' को मिटाना चाहते हैं जिसने स्वामी विवेकानंद और लोकमान्य तिलक को प्रेरणा दी। यह गठबंधन 'सनातन धर्म' को नष्ट करना चाहता है। आज उन्होंने खुलेआम सनातन को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के बीना में एक कार्यक्रम के दौरान 50,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन के नेताओं ने सनातन संस्कारों व परंपराओं को खत्म करने की ठानी है। उन्होंने गठबंधन पर देश और समाज को विभाजित करने का आरोप भी लगाया। (शेष पेज 11 पर)



### उन्हें हर हाल में रोकना होगा

पीएम ने कहा कि विपक्षी नेताओं ने अब सनातन धर्म के खिलाफ खुलकर बोलना शुरू किया है और आने वाले दिनों में इनके हमले और बढ़ने वाले हैं। उन्होंने कहा, देश के कोने-कोने में हर सनातनी को, इस देश को प्यार करने वाले को सतर्क रहने की जरूरत है। गठबंधन वाले सनातन को मिटाकर देश को एक हजार साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं, लेकिन हमें मिलकर ऐसी ताकतों को रोकना है। हमारी एकजुटता से उनके मंसूबों को नाकाम करना है। उन्होंने कहा, यहां कुछ ऐसे दल भी हैं, जो देश और समाज को विभाजित करने में जुटे हैं।

### कांग्रेस का पलटवार, जयराम ने एनडीए को बताया गंदा

पीएम मोदी द्वारा विपक्षी गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताने पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को मोदी के तंज पर निशाना साधा है। उन्होंने एनडीए गठबंधन को उद्योगपति गौतम अडानी से जोड़ते हुए एनडीए गठबंधन को 'गंदा' (जीएएनडीए) कहा है। जयराम रमेश ने कहा, पीएम वही करने के लिए वापस आ गये हैं जो वह सबसे अच्छा करते हैं - अपमान।

# तीन दिन ठप रहेगा कोयले का उत्पादन

## रांची में श्रमिक संघों ने की 5 से हड़ताल की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया, उसकी सहायक कंपनियों और एससीसीएल में 5 अक्टूबर से तीन दिनी हड़ताल होगी। यह निर्णय कोयला उद्योग में कार्यरत पांचों केंद्रीय श्रम संगठनों की रांची में हुई संयुक्त बैठक में गुरुवार को लिया गया। हड़ताल का नोटिस श्रमिक संगठनों ने कोल इंडिया और एससीसीएल के चेयरमैन को भेज दिया है। बैठक में बीएमएस, एचएमएस, इंटक, एआईटीयूसी, सीटू के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि कोल इंडिया और एससीसीएल प्रबंधन पूर्व-निर्धारित वेतन और भत्तों को रोकने या कम करने का फैसला लेता है, तो 5, 6, 7 अक्टूबर, 2023 को कोयला उद्योग के पांचों केंद्रीय श्रम संगठन से जुड़े कर्मी हड़ताल पर जायेंगे। बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में प्रबंधन को भेजे नोटिस में श्रमिक संगठनों ने कहा है कि 20 मई, 2023 को कानून सम्मत एनसीडब्लूए-11 समझौता कोल इंडिया एवं सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन और इनमें कार्यरत ट्रेड यूनियनों के बीच संपन्न हुआ। समझौते के बाद जुलाई-अगस्त, 2023 माह के वेतन का भुगतान अगस्त/सितंबर, 2023 में किया गया। (शेष पेज 11 पर)

# रन फॉर विजन में नेत्रदान को दौड़ी रांची

## नेत्रदान कर किसी की जिंदगी रोशन करें : राज्यपाल

- आइडेक और कश्यप मेमोरियल आई बैंक का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब और कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। गुरुवार को खेलगांव के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ ने रंग- बिरंगे गुब्बारों को आसमान में उड़ाकर रन फॉर विजन को रवाना किया।

मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जीते- जी तो हमलोगों को सबकी मदद करनी चाहिए, मगर नेत्रदान कर हम मरने के बाद भी किसी के अंधकारमय जीवन में रोशनी ला सकते हैं। उन्होंने कश्यप मेमोरियल और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब द्वारा किए जा रहे नेत्र प्रत्यारोपण और नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की।



### ब्लाइंड फोल्ड था थीम

इस दौड़ में उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल एवं स्पोर्ट्स अकादमी के सैकड़ों छात्रों एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस बार के रन का थीम ब्लाइंड फोल्ड था। इस दौड़ में भाग लेने वाले दो प्रतिभागी एक साथ दौड़ते हैं, जिसमें से एक प्रतिभागी की आंखों में ब्लाइंड फोल्ड यानी काली पट्टी लगी होती है। उसे बिना पट्टी वाला प्रतिभागी एक समान गति से ट्रैक पर सही दिशा में दौड़ने में मदद करता है। इससे आपसी सहयोग की प्रवृत्ति विकसित होती है।

# अनंतनाग हमले में पाकिस्तान का हाथ

## क्रॉस बॉर्डर कॉल इंटरसेप्ट में प्लानिंग का खुलासा

- देशभर में उठी पाक को फिर से सबक सिखाने की मांग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अनंतनाग हमले के पीछे पाकिस्तान की साजिश की बात सामने आयी है। क्रॉस बॉर्डर कॉल इंटरसेप्ट में हमले की योजना का पता चला है। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि पिछले 5 दिनों की क्रॉस बॉर्डर कॉल इंटरसेप्ट से पता चला है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकी एक साथ कई हमले की योजना बना रहे थे।

बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के छिप कर किये गये हमले में सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धानौत और जम्मू कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट्ट शहीद हो गये थे। अपने जवानों की शहादत से देशभर में उबाल है। हर ओर पाकिस्तान को एक बार फिर सबक सिखाने की मांग उठ रही है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षाबलों ने भी आतंकियों के सफाये की रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

**जी-20 की सफलता से बौखलाहट :** सूत्रों ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 की सफलता से पाकिस्तान में बौखलाहट है। पाक आर्मी जी-20 के बाद से बड़े अटैक की प्लानिंग कर रही थी। डिफेंस सूत्रों ने बताया है कि पाकिस्तान की ओर से बौखलाहट में आतंकियों को सीमापार हमले के लिए भेजा जा रहा है।

**लश्कर के आतंकियों को घेरा :** अनंतनाग जिले में गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। कोकरनाग के गाडोल इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी गुरुवार को फिर से हुई। आतंकियों के डेरों को ढेर करने के लिए दूसरे दिन भी ऑपरेशन जारी है। पुलिस का कहना है कि तीन पुलिस अधिकारियों की हत्या में शामिल दो आतंकियों को घेर लिया गया है।

# ऐतिहासिक दिन : एनजेडीआइ के अंदर आया सुप्रीम कोर्ट

- अब एक क्लिक में मिलेगी लंबित और निपटाये गये मामलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट को जल्द ही राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीआइ) से जुड़ गया। एनजेडीजी, ई-कोर्ट परियोजना के तहत एक ऑनलाइन मंच के रूप में बनाये गये जिला और अधीनस्थ अदालतों और हाईकोर्ट्स के आदेशों, निर्णयों और मामलों के विवरण का एक डेटाबेस है। उन्होंने कहा, एक छोटी सी घोषणा, पर यह एक ऐतिहासिक दिन है। यह एक अनूठा और सूचनात्मक मंच है जिसे एनआइसी और सुप्रीम कोर्ट की इनहाउस टीम ने विकसित किया है। अब एक बटन के क्लिक पर आप लंबित मामलों और निपटाये गये मामलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी, वर्षवार पंजीकृत और गैरपंजीकृत लंबित मामले, कोरम-वार तय मामलों की संख्या देख सकते हैं।

## सीजेआइ चंद्रचूड़ बोले- कामकाज में आयेगी पारदर्शिता



उन्होंने कहा कि वर्तमान में पोर्टल केवल हाईकोर्ट्स स्तर तक के डेटा दिखाता है। चीफ जस्टिस ने कहा जब शीर्ष अदालत में दिन की कार्यवाही शुरू की तो उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत का डेटा वास्तविक समय के आधार पर एनजेडीजी पर अपलोड किया जायेगा। सीजेआई ने कहा कि एनजेडीजी पर डेटा अपलोड करने से न्यायिक क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। एनजेडीजी 18,735 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और हाईकोर्ट्स के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक डेटाबेस है। इससे जुड़ी जिला और तालुका अदालतों द्वारा डेटा को वास्तविक समय के आधार पर अपडेट किया जाता है। यह देश के सभी कम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाही/निर्णयों से संबंधित डेटा प्रदान करता है। सभी हाईकोर्ट भी वेब सेवाओं के माध्यम से एनजेडीजी) में शामिल हो गये हैं, जिससे वादी जनता को आसान पहुंच की सुविधा मिलती है।

# पीपी की जमानत पर फैसला 20 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में गुरुवार को अवैध खनन के साथ अन्य जमीन फजीर्वाड़े से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैला सुरक्षित रख लिया।

अदालत अपना आदेश 20 सितंबर को सुनायेगी। प्रेम प्रकाश ने जमानत की गुहार लगाते हुए 11 सितंबर को अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी में वह जमीन से जुड़े फजीर्वाड़े में अपने आप को निर्दोष बतलाया है। अदालत में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील शिव कुमार काका ने जमानत अर्जी का विरोध किया और कहा कि आरोपी के खिलाफ जमीन फर्जीवाड़े में पर्याप्त सबूत है।

### मनी लांड्रिंग मामला

**विजय हांसदा की गवाही तीन दिन से जारी :** पंकज मिश्रा से जुड़े अवैध खनन मामले में ईडी का अहम गवाह विजय हांसदा की गवाही गुरुवार को भी ईडी की विशेष अदालत में जारी रही। अवैध खनन मामले में विजय ने कोर्ट के समक्ष कहा कि जो बयान दर्ज किया है, वह मैंने किसी और के दबाव में दिया था। मुझे समर्थन में बयान देने को कहा गया था। ऐसा नहीं करने पर जेल में रहते खाना-पीना भी बंद करने की बात कही थी। अब शुक्रवार को फिर विजय हांसदा का अभियोजन पक्ष जिरह करेगा।

# राज्य के नेत्र बैंकों में समन्वय जरूरी : बन्ना

## झारखंड में कॉर्नियां जनित दृष्टिहीनों की लंबी सूची, लेकिन स्थानीय नेत्रदान की कमी

- राज्य में स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन आर्गानाइजेशन की कार्य क्षमता बढ़ाने की जरूरत
- खेलगांव में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में एक साथ दौड़ी रांची




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन के मौके पर गुरुवार को खेलगांव में आयोजित स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बाहर से कॉर्निया मंगाने की वजह से हमारे राज्य की गिनती में वह नहीं दिखते हैं. केवल स्थानीय नेत्रदान हमारे राज्य की गिनती में दिखते हैं। इसलिए नेत्र बैंकों में समन्वय स्थापित करना जरूरी है, ताकि स्थानीय नेत्रदान उन आई बैंकों को मिले, जो बाहर से कॉर्निया मंगाते हैं। इससे राज्य में नेत्रदान की स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी दिखेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि इससे नेत्रदान के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी।

मौके पर आईएमए झारखंड के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह, एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, आदित्य मल्होत्रा समेत आईडेक के पदाधिकारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ विभूति कश्यप ने किया।

### आई बैंकों में नेटवर्किंग की जरूरत : डॉ भारती कश्यप

कश्यप मेमोरियल आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप ने कहा कि पिछले 21 वर्षों से हर वर्ष रन फॉर विजन का आयोजन हो रहा है। देश की राष्ट्रपति और तत्कालीन गवर्नर द्रौपदी मुर्मू ने भी लगातार 5 वर्षों तक इस कार्यक्रम में न केवल भाग लिया, बल्कि नेत्रदान का शपथ पत्र भर कर झारखंड में नेत्रदान को काफी बढ़ावा दिया। अब तक 806 नेत्र प्रत्यारोपण हो चुके हैं और वर्ष 2022 से अब तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा झारखंड में 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए, जबकि झारखंड का लक्ष्य 2022-2023 में 150 था। हमारे पास कॉर्निया जनित दृष्टिहीनों की लंबी सूची है और स्थानीय नेत्रदान की कमी है। इसलिए आई बैंकों में नेटवर्किंग की जरूरत है, ताकि स्थानीय नेत्रदान को बढ़ावा मिल सके। इससे मरीजों को भी सहूलियत होगी और हमारे राज्य की स्थिति नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में अच्छी दिखेगी।

### पूरे शरीर का दान करना चाहिए : संजय सेठ

संजय सेठ ने कहा कि हमें न सिर्फ नेत्र बल्कि पूरे शरीर का दान करना चाहिए। अभी कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य का निधन हुआ और उन्होंने अपना पूरा शरीर दान कर दिया।

### कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा : अरुण सिंह

स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरुण सिंह ने कहा कि सरकार के आई बैंक लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। देर रात के आई डोनेशन कॉल में सजगता नहीं दिखा पाते हैं। राज्य में स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन आगेर्नाइजेशन की कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा।

### विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

रन फॉर विजन और पेंटिंग कंपटीशन के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नेत्रदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आईएमए झारखंड, आईएमए रांची, एफजेसीसीआई, उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं झारखंड स्पोर्ट्स विभाग के पदाधिकारियों ने नेत्रदान करनेवालों के परिजनों और डॉ निधि गडकर कश्यप को सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर में

### सीबीआई को गुमराह करने वाला आरोपी जावेद खान पर आरोप तय

**रांची।** अदालत ने फर्जी दस्तावेजों पर करीब 10 करोड़ रुपए का बैंक लोन लेकर आठ साल तक फरार रहने के साथ ही मौत की भ्रामक खबर देकर अदालत एवं सीबीआई को गुमराह करने वाला आरोपी जावेद खान पर आरोप तय कर दिया है। इसी मामले के एक अन्य और आरोपी शाहिद खान पर आरोप तय कर दिया गया है। दोनों जेल में है। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। आरोपी जावेद खान ने 21 अगस्त 2023 को अदालत में सरेंडर किया था। मालूम हो कि 46 वर्षीय जावेद खान जमशेदपुर के गोलमुरी थाना क्षेत्र के तुइला डूंगरी निवासी है। उसने अपने रिश्तेदारों के सहायता से जमशेदपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की बिष्टुपुर शाखा से मार्च 2011 में ही व्यापार बढ़ाने के नाम पर 10 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। लेकिन कर्ज नहीं चुकाया गया। जांच में पता चला कि बैंक लोन लेने के लिए आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया था। मामले में अन्य सात आरोपियों के खिलाफ 2019 में आरोप तय किया जा चुका है।

### झारखंड हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाकर्ता अरुण दुबे पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अरुण कुमार दुबे पर 25,000 हजार का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने जुमार्ने की राशि झालसा के कोष में जमा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि गलत मंशा से जनहित याचिका दाखिल की गई है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की कोर्ट में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। दरअसल, रिम्स में एडमिशन में धांधली का आरोप लगाते हुए अरुण दुबे ने जनहित याचिका दाखिल की थी।

### प्रधानाध्यापकों एवं विशिष्ट शिक्षकों का दो दिवसीय कार्यशाला आज

**रांची।** डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, राँची एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जे.ई.पी.सी.) के तत्वाधान में झारखण्ड राज्य के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रति विद्यालय एक शिक्षक के लिए आज ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन डीपीएस में किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के प्राचार्यों को सीबीएसई के अंतर्गत संचालन की मानक प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण देना है, ताकि 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के संचालन की व्यवस्था को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा निर्धारित तय मानकों के अनुरूप किया जा सके। इस कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. राम सिंह, डीपीएस के प्राचार्य और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, के अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा एवं इसका संचालन पी.एस.कालरा, प्राचार्य, विकास विद्यालय एवं सचिव, डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स करेंगे।

### मनरेगा घोटाला : पूजा सिंघल के खिलाफ जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** मनरेगा घोटाला से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। खूंटी की तत्कालीन डीसी व निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर अदालत ने मेंटेनेबिलिटी पर बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दाखिल की है। झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हाइब्रिड मोड में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन और उनके सहयोगी अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पैरवी की। हाईकोर्ट ने दोनों तरफ की दलीलों को सुनते हुए मेंटेनेबिलिटी के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की।

### संकट मोचन मंदिर को धार्मिक न्यास पर्षद के दायरे में लाना गलत

**रांची।** संकट मोचन मंदिर को धार्मिक न्यास पर्षद के दायरे में लाने का विरोध श्री महावीर मंडल ने किया है। इस को लेकर श्री महावीर मंडल की बैठक गुरूवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुणाल अजमानी ने कहा कि संकट मोचन मंदिर को धार्मिक न्यास परिषद के अंदर लाना गलत है। क्योंकि इस मंदिर का वर्षों से रखरखाव निजी हाथों से होता आ रहा है। झारखंड गठन के बाद से कभी भी न्याय पर्षद के कोई भी लोग आज तक देखने तक नहीं आए पर आज जब मंदिर को पूरे सूचना रूप में चलाया जा रहा है तब एक नई कमेटी बना दिया गया जो सरासर गलत है। श्री संकट मोचन मंदिर के पुजारी श्यामानंद पांडे ने कहा कि मंदिर में महावीर मंडल महानगर द्वारा शुरू से निर्माण कार्य में सहयोग किया जा रहा है। इस बैठक में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर सूर्यनारायण दास त्यागी, विश्वकर्मा ,सतीश सिंह, आदि लोग मौजूद थे ।

## झामुमो ने खोल रखी है झूठ की फैक्ट्री : प्रदीप वर्मा

> भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य का प्रेस कांफ्रेंस सुनील तिवारी की सुरक्षा से संबंधित आशंका को प्रबल करता है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा है कि झामुमो ने झूठ की फैक्ट्री खोल रखा है। उन्होंने प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि बाबूलाल मरांडी ने अपने सलाहकार सुनील तिवारी की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार में पत्र लिखा। लेकिन आज उससे संबंधित प्रेसवार्ता झामुमो के प्रवक्ता कर रहे हैं। इसी से स्पष्ट है कि सरकार सुनील तिवारी से कैसा प्रतिशोध की भावना रखती है। उन्होंने कहा कि सरकार को कोई भी जनप्रतिनिधि आम आदमी की सुरक्षा के संबंध में मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन को पत्र लिख सकता है। उन्होंने कहा कि मुंबई मॉडल कांड में मुख्यमंत्री पर आरोप जग जाहिर है। सुनील तिवारी उस मामले में इंटरवेनर हैं। आज भी वह मामला समाप्त नही हुआ है, न्यायालय में लंबित है। उन्होंने कहा कि सुनील तिवारी को केस मुकदमा में फंसाकर हेमंत सरकार बदला लेना चाहती है। सुनील तिवारी जिस मामले में बेल पर हैं, वह मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सुप्रियो भप्ताचार्य में हिम्मत है तो सुनील तिवारी के बेल ऑर्डर को मीडिया में पढ़ कर सुना दें। उन्होंने कहा कि झामुमो मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के आरोपों में रोज रोज उलझता देख बौखलाहट में है। बाबूलाल के नेतृत्व में भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ जनांदोलन को और तेज करेगी।

## 30 तक बिजली उपभोक्ता पांच किस्तों में कर सकते हैं बिल जमा

### ओटीएस स्कीम को 30 सितंबर तक का मिला अवधि विस्तार

### डीपीएस में भी मिलेगी छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को फिर से अवधि विस्तार दिया गया है। इसके तहत अब उपभोक्ता 30 सितंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते है। स्कीम के तहत अधिक बिजली बिल बकायेदार पांच किस्तों में बिजली बिल जमा कर सकते है। वहीं, लंबे बकायेदार डिले पेमेंट सरचार्ज या डीपीएस में माफी का लाभ उठा सकते है। झारखंड बिजली वितरण निगम की माने तो उपभोक्ताओं से मिलने वाले आवेदन की संख्या को देखते हुए स्कीम को अवधि विस्तार दिया गया है। इसके पहले 30 जून तक के लिये योजना लागू की गयी थी। जिसके बाद इसे अगस्त तक का अवधि विस्तार दिया गया। सोशल मीडिया के जरिये भी स्कीम का प्रचार किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता अधिक से अधिक स्कीम का लाभ ले सकें। हालांकि बिजली आपूर्ति कार्यालयों की ओर से अलग-अलग समय में कैंप के जरिये भी ओटीएस की जानकारी दी जा रही है।

### ऑनलाइन उपलब्ध हैं आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिये बिजली उपभोक्ता ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिये उपभोक्ताओं की जेबीवीएनएल के आधिकारिक साइट में फॉर्म मिलेगा। निगम की मानें तो निगम के आधिकारिक वेबसाइट के सिटीजन कॉर्नर में ओटीएस लाभ ले सकते हैं। सिटीजन कॉर्नर में ओटीएस में क्लिक करते उपभोक्ताओं को फॉर्म मिलेगा। जिससे भरकर उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। बता दें उपभोक्ता योजना का लाभ नजदीकी बिजली कार्यालय जा कर भी ले सकते है। अब सुविधा ऑनलाइन होने से कहीं से भी उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले सकते हैं। जेबीवीएनएल की मानें तो इस स्कीम का लाभ सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा राज्य के सात जिलों में डीवीसी बिजली देती है लेकिन उपभोक्ता जेबीबीएनएल के होते हैं, ऐसे में डीवीसी के उपभोक्ताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा।

## बस्तर व सरगुजा के 26 सीटों पर झारखंड भाजपा खिलायेगी कमल !

### छत्तीसगढ़ के दो संभागों में झारखंड भाजपा के नेताओं को मिली चुनाव जीताने की जिम्मेदारी

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड भाजपा ने छत्तीसगढ़ के चुनावी समर में नयी उर्जा के साथ चुनावी समर में कूदा है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने झारखंड के नेताओं को छत्तीसगढ़ के बस्तर व सरगुजा के दो आदिवासी संभाग की जिम्मेदारी दी है। झारखंड से सटे होने के कारण यहां झारखंड भाजपा के नेताओं को लगाया गया है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह बस्तर संभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं, राजमहल के विधायक अनंत ओझा सरगुजा संभाग के जिलों में सांगठनिक बैठकें कर रहे हैं। इससे पहले झारखंड के 15 भाजपा विधायकों ने भी 8 दिन तक इन दोनों संभागों में डेरा जमाया था। संगठन को मजबूत करने के लिये बूथ स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठक की थी। फिर से भाजपा के सभी विधायकों को चुनाव कार्य को लेकर पूरी जिम्मेदारी देकर भेजा जायेगा। हर विधायक एक विधानसभा क्षेत्र में कैंप कर सांगठनिक बैठकों, जनसंपर्क, सभाओं में हिस्सा लेंगे।

बस्तर, सरगुजा की 26 विस सीटों में है कांग्रेस का कब्जा झारखंड भाजपा को छत्तीसगढ़ चुनाव में काफी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। दोनों संभाग बस्तर और सरगुजा में कुल 26 विधानसभा सीटें हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां से सिर्फ एक सीट दंतेवाड़ा ही जीत पाई थी। भाजपा विधायक की नक्सली हमले में मौत के बाद हुये उपचुनाव में वह सीट भी कांग्रेस के कब्जे में चली गई है। दोनों संभाग की सभी 26 सीटें कांग्रेस के कब्जे में है। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड भाजपा के नेताओं को काफी उम्मीद के साथ यहां जिम्मेदारी दी है। दोनों संभाग की 26 सीटों में 20 सीटें जनजातियों के लिये आरक्षित हैं। गौरतलब है कि सरगुजा संभाग की 14 विधानसभा सीटों में से 9 सीट अनूसूचित जनजाति के लिये आरक्षित है। वहीं बस्तर संभाग की 12 विधानसभा सीटों में से 11 सीट एसटी सुरक्षित है। सिर्फ जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर बाकी सीटें एसटी रिजर्व है।


यहां आदिवासी वोट बैंक पर कांग्रेस का कब्जा है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 13 सितंबर को छत्तीसगढ़ में दो सभा और एक रोड शो करने गये थे। हालांकि, तेज बारिश के कारण श्री मरांडी चुनावी सभा नहीं कर पाये। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सीएम रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, समीर उरांव, आशा लकड़ा समेत कई सांसद और प्रदेश पदाधिकारी भी मोर्चा संभालने वाले हैं।

### राज्य में फायर सेफ्टी और फायर स्टेशन अफसर की होगी नियुक्ति

**रांची।** प्रमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी के अलावा फायर स्टेशन अफसर के पदों पर राज्य सरकार नियुक्ति करेगी। इसके लिए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड की ओर से विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है. साइंस ग्रेजुएट कैंडिडेट को इसके लिए मौका मिलेगा। संविदा पर उनकी सेवाएं एक साल के लिए ली जाएंगी। सेवा संतोषजनक होने पर अगले एक साल के लिए सेवा विस्तार हो सकता है। इन पदों के लिए 3 अक्टूबर तक इच्छुक कैंडिडेट अपना आवेदन प्रोजेक्ट भवन, रांची स्थित विभाग के पते पर भेज सकते हैं। जारी विज्ञापन के मुताबिक प्रमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी के तीन पदों में से एक पद अजजा तथा दो अनारक्षित हैं। इसके लिए आवेदन के समय अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष होगी। चयनितों को हर माह 62,800 रुपये मिलेंगे। फायर स्टेशन अफसर के लिए 33 पद तय किए गए हैं, जिनमें से 13 अनारक्षित और बाकी आरक्षित वर्ग के लिए हैं। इसके लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष तय है।

## झारखंड में कोरोना से मरने वालों के आश्रितों को मिलेगा मुआवजा

> 65 .50 लाख की स्वीकृति, 131 मृतकों के आश्रितों को मिलेगा 50-50 हजार मुआवजा
>
> हजारीबाग, रामगढ़, देवघर पाकुड़ और खूंटी जिले के मृतकों के आश्रितों को होगा भुगतान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के खूंटी, पाकुड़, देवघर, हजारीबाग और रामगढ़ में वैश्विक महामारी कोरोना से मरने वाले 131 लोगों के आश्रितों को 50-50 हजार मुआवजा मिलेगा। झारखंड सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य आपदा मोचन निधि फंड (एसडीआरएफ) से 65 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार दी गयी है।

### बैंक खातों में मुआवजा राशि का होगा भुगतान

आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि मुआवजा राशि का भुगतान आश्रितों/ दावेदारों के के बैंक खातों में किया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जायेगा। स्वीकृत राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे। जिनके द्वारा संबंधित जिले के कोषागार से राशि की निकासी की जायेगी।

### इन जिलों को दी गयी इतनी राशि

- हजारीबाग : 25 लाख (50 मृतकों के आश्रितों के लिए)
- रामगढ़ : 20 लाख (40 मृतकों के आश्रितों के लिए)
- देवघर : 15 लाख (30 मृतकों के आश्रितों के लिए)
- पाकुड़ : 5 लाख (10 मृतकों के आश्रितों के लिए)
- खूंटी : 50 हजार (01 मृतक के आश्रित के लिए)


## ऑस्ट्रेलिया के कोयले के बजाये बंगाल के कोयला से अडाणी पावर कर रहा बिजली उत्पादन

### मुख्य सचिव तक पहुंची शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा में संचालित अडाणी पावर प्लांट पर गंभीर आरोप लगाते हुए पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा है कि अडाणी पावर प्लांट को समझौते के तहत आस्ट्रेलिया से आयातित हाई क्वालिटी के कोयले से बिजली का उत्पादन करना था। इसके बावजूद कंपनी समझौते को ठेंगा दिखाकर घरेलू आयातित कोयले का इस्तेमाल कर बिजली का उत्पादन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध और असुरक्षित तरीके से लोकल स्तर पर कोयले की ढुलाई भी हो रही है। इसकी जानकारी गोड्डा के पुलिस अधीक्षक को भी दी जा चुकी है। उन्होंने इस बाबत राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिखकर इंवायरन्मेंट क्लियरेंस की नये सीरे से समीक्षा और कड़ाई से जरूरी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में विधायक ने लिखा है कि अडाणी पावर प्लांट की ओर से विभिन्न पर्यावरणीय शर्तों के घोर उल्लंघन की जानकारी मिली है। पिछले दिनों, अडाणी पावर प्लांट द्वारा हजारों टन कोयला पश्चिम बंगाल (झरिया रेंज) से लाने की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि अडाणी पावर ने अपने तमाम संबंधित आधिकारिक समझौतों में, गोड्डा पावर प्लांट के लिए उच्च क्वालिटी के आयातित आस्ट्रेलियाई कोयले के इस्तेमाल की बात कही है। जबकि प्रथमदृष्टया यह साफ जाहिर होता है कि आयातित कोयले की जगह घरेलू कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**क्या कहता है नियम :** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नवंबर 2020 के आदेशानुसार किसी भी ताप विद्युत केंद्र के पर्यावरणीय मंजूरी प्रपत्र सहित नियमानुसार परिचालन के लिये यह अनिवार्य है कि पॉवर प्लांट अपने कोयले के स्रोत को लेकर पूर्ण पारदर्शिता रखे एवं कोयले के स्रोत में अगर कोई परिवर्तन होता है तो स्रोत से संबंधित सूचनाओं को अविलंब संबंधित मंत्रालय से साझा करे। जिससे पर्यावरणीय मंजूरी के नवीनीकरण ससमय किया जा सके। कोयले के स्रोत की लोकेशन, कोयले की प्रस्तावित मात्रा एवं गुणवत्ता, स्रोत के लोकेशन से पावर प्लांट की दूरी एवं कोयले के परिवहन का माध्यम आदि। कोयले की दहन से निकलने वाली हानिकारक गैसों यथा- सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और मरक्यूरी ऑक्साइड आदि की मात्रा का तय मानकों के अनुरूप होना चाहिए।



**मंत्रालय के पास होनी चाहिये रिपोर्ट :** विधायक ने पत्र में कहा है कि मंत्रालय की ओर से कोयला परिवहन को लेकर भी एडवायजरी जारी की गयी है। जिसके तहत जहां तक संभव हो कोयले का परिवहन रेल या कन्वेयर बेल्ट से ही होना चाहिए। जबतक रेल या कन्वेयर से परिवहन का विकल्प तैयार न हो जाये, तब तक ही सड़क मार्ग से तिरपाल से ढके वाहनों से कोयले के परिवहन की इजाजत हैं। बशर्ते कि नजदीकी रेलवे साइडिंग से प्लांट तक के रेल कन्वेयर कनेक्टीविटी के निर्माण से संबंधित अद्यतन व्यवहारिक एवं आर्थिक प्रगति की सूचना, पर्यावरणीय मंजूरी के अनुपालन रिपोर्ट में हो। फ्लाई ऐश के उत्पादन, उपयोग एवं निपटान से संबंधित मासिक विवरण पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय एवं उसके क्षेत्रीय कार्यालय के पास जमा होनी चाहिए। पत्र में जानकारी दी गयी है कि अवैध लोडिंग के कारण कई बार ग्रामीण और ग्रामीणों के मवेशियों को भी क्षति पहुंची है। जिसका हजार्ना अडाणी पावर की ओर से दिया गया है।

**बिजली की कीमत का आधार आस्ट्रेलियाई कोयला :** इस पत्र में जिक्र किया गया है कि अडाणी पावर प्लांट द्वारा बांग्लादेश को भेजी जाने वाली बिजली की कीमतों के निर्धारण का मूल आधार ही आस्ट्रेलिया से आयातित कोयला है ना कि घरेलु कोयला का ऐसे में घरेलु कोयले का इस्तेमाल शर्तों का खुला उल्लंघन है। पूर्व में भी अडाणी पावर प्लांट, गोड्डा द्वारा इस तरह के नियमों के उल्लंघन के कई मामलें प्रकाश में आये है। अडाणी पावर की ओर से 26 जून 2023 से अपनी 1600 मेगावाट की पूर्ण उत्पादन शुरू कर दिया है।

### गंगा के बजाये भूगर्भ जल का दोहन

विधायक प्रदीप यादव ने अपने पत्र में अन्य समझौते के शर्तों का भी जिक्र किया गया है। जिसमें बताया गया है कि झारखंड सरकार के साथ हुए समझौते के तहत अडाणी पावर प्लांट, गोड्डा को जल की अपनी व्यावसायिक जरूरतों के मद्देनजर तकरीबन 93 किलोमीटर दूर चिन्हित प्रखंडों साहेबगंज से गंगा का पानी पाईपलाईन के जरिये लाने और इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। इसके बावजूद प्लांट निर्माण के दौरान पाइपलाइन से गंगा का पानी न ला पाने के कारण, भूतल जल का इनके द्वारा किसानों के प्रलोभन देकर उनकी ही जमीन पर डीप बोरिंग कराकर बड़े पैमाने पर अवैध दोहन किया गया। जिसके कारण आसपास के इलाकों के जलस्तर में भारी गिरावट आ गई है। ऐसे में मामले में समीक्षा करते हुए कारवाई की मांग की गयी है।

### प्रदीप यादव ने कईयों को भेजा पत्र की कॉपी

विधायक प्रदीप यादव ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र की कॉपी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अलावा मुख्यमंत्री, झारखंड, प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखंड, प्रधान सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड, अध्यक्ष, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली, रजिस्ट्रार, एनजीटी, नई दिल्ली, अध्यक्ष, झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड और सदस्य सचिव, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दी है। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सितंबर 2006 में थर्मल पावर प्लांट के लिए संशोधित ऑफिस मेमोरेंडर की कॉपी भी साझा की है। उन्होंने वैसे इनवॉयस की कॉपी भी साझा की है जिससे पता चलता है कि ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिडेट, आसनसोन, पश्चिम बंगाल से भारी वाहनों के जरिए अडाणी पावर प्लांट को कोयला की सप्लाई हुई है।

# जमशेदपुर एफसी से जुड़े नोंगदंबा सिंह नाओरेम और थोंगखोसीम हाओकिप

## प्रतिभाशाली मणिपुरी जोड़ी से क्लब को है विशेष उम्मीद

**सेम्बोई के नाम से जाने जाने वाले हाओकिप मुख्य रूप से फॉरवर्ड के रूप में खेलते हैं। नोंगदंबा सिंह नाओरेम फीफा-17 विश्व कप के दौरान भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और केरल ब्लास्टर्स, मिनर्वा पंजाब, मोहन बागान और एफसी गोवा जैसे क्लबों के साथ खेल चुके हैं। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कट कूपर ने कहा, 'नोंगदंबा हमारे पास बहुत सारी प्रतिभा लेकर आते हैं।'**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के नए सीजन की शुरुआत से पहले जमशेदपुर एफसी ने नोंगदंबा नाओरेम सिंह और थोंगखोसियेम हाओकिप के साथ करार कर अपनी टीम की ताकत बढ़ा दी है।

सेम्बोई के नाम से जाने जाने वाले हाओकिप मुख्य रूप से फरवर्ड के रूप में खेलते हैं और आईएसएल में ईस्ट बंगाल में हाल ही में खेलने के बाद क्लब में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने क्लब के लिए नियमित रूप से प्रदर्शन किया था। हाओकिप के साथ एक साल का करार किया गया है और हाल ही में प्री-सीजन फ्रेंडली मैचों में उन्होंने प्रभावित किया है, जहां उन्होंने मेन अफ स्टील के लिए नर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ गोल किया था। 30 वर्षीय खिलाड़ी अपने आप में एक आईएसएल के अनुभवी खिलाड़ी हैं, जिसने कई सीजन खेले हैं और इस टूर्नामेंट में 62 मैच खेलने का मौका मिला है और इस अवधि के दौरान नौ गोल किए और दो असिस्ट की। मणिपुरी फरवर्ड ने बेंगलुरु एफसी के साथ हीरो आईएसएल ट्रफी भी जीती और उसी टीम के लिए खेलते हुए हीरो सुपर कप भी जीता। हाल के सीजन में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद क्लब ने नोंगदंबा सिंह नाओरेम के साथ तीन साल का करार भी पूरा कर लिया है। विंगर ने फीफा -17 विश्व कप के दौरान भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और केरल ब्लास्टर्स, मिनर्वा पंजाब, मोहन बागान और एफसी गोवा जैसे क्लबों के साथ खेल चुके हैं। 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले ही आई-लीग जीत चुके हैं और 2023 में मोहन बागान सुपर जाइंट की डूरंड कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे थे। मणिपुर के मूल निवासी में कई अटैकिंग स्किल हैं जो उन्हें जमशेदपुर एफसी के लिए एक बहुमूल्य खिलाड़ी बना सकता है।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कट कूपर ने कहा, 'नोंगडंबा हमारे पास बहुत सारी प्रतिभा लेकर आते हैं।' हमारा मानना है कि वह भविष्य के ऐसे खिलाड़ी हैं जिसके पास गति, ताकत, क्षमता और शानदार रवैया है। मुझे लगता है कि पहले दुर्भग्यशाली रहने के बाद अब उनके लिए चमकने का समय आ गया है। हमें लगता है कि वह खुद को विकसित कर सकते हैं और खुद को उच्च स्तर पर ले जा सकता है।' कूपर ने आगे कहा, 'हाओकिप एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमारी टीम में लिए बहुत कुछ जोड़ सकते हैं।'वह एक बहुत ही मजबूत और अनुभवी स्ट्राइकर हैं जिसने आईएसएल में कई सीजन बिताए हैं और वह अपना अनुभव टीम में लाएंगे।

नोंगडाम्बा और हाओकिप के क्लब में एक साथ खेलने की उम्मीद से फैंस उत्साहित हो सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### आम बगान मैदान में प्रदर्शनी सह सेल एक्सपो का हुआ उद्घाटन



जमशेदपुर। पी आर इंटरप्राइजेज , थिंक अनलिमिटेड दिल्ली द्वारा और आसि नेलसा इवेंट्स के सहयोग से 14 से 26 सितम्बर 2023 तक स्थानीय आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर में प्रदर्शनी सह सेल एक्सपो का आज उद्घाटन सम्पन्न हुआ। उक्त उद्घाटन पुलिस उपाधिक्षक पीसीआर, सीसीआर हेड क्वार्टर 2 ट्रैफिक के अनिमेश गुप्ता, सिंहभूम चैम्बर अफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, सिख भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू, जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रविश रंजन, एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हुआ। उक्त अवसर पर सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि इस एक्सपो में उपभोक्ता के दैनिक जरूरतों की लगभग सभी उत्पादों की प्रदर्शनी सह सेल लगी हुई है जो एक्सपो प्रेमियों के लिए निश्चय ही खुशखबरी होगी। उन्होंने इस तरह के एक्सपो का और भी अधिक आयोजन की जरूरत को बताया। उक्त अवसर पर एक्सपो के आयोजकों ने बताया कि एक ही छत के निचे 1000 से अधिक उद्यमी और एक्सहिबीटर्स ने हिस्सा लिया। इस बी 2 बी और बी 2 सी बिजनेस ट्रेड शो में उद्यमी 250 से अधिक स्टाल्स लगाये हैं। एक्सपो में 150 से अधिक व्यापारिक और औधोगिक संघठन भागीदारी निभाएंगे, इसके साथ ही व्यापारियों को एक-दूसरे के व्यवसाए को जानने और समझने का अच्छा मौका होगा। एक्सपो 2023 के आयोजकों ने बताया की कुछ साल पहले की तुलना में अब हम अपने आस पास के जीवन में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के बढ़ते अनुकूलन और एकीकरण को देख रहे है। ट्रेड फेयर का मुख्य उद्देश्य बिजनेस नेटवर्क एवं बिजनेस प्रमोशन है। उक्त अवसर पर डायरेक्टर इवेंट प्रोग्राम कोअर्डिनेटर आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस ट्रेड फेयर में स्थानिये लोगो को ध्यान में रखते हुए विभिन राज्यों के फूड स्टाल लगे हैं साथ ही बच्चों के लिए विभिन प्रकार के झूले लगे हैं। ट्रेड फेयर में गेम शो फैशन शो, पेंटिंग कम्पटीशन , डांस और सिंगिंग कम्पटीशन रखा गया है। रोजाना लकी ड्रा के माध्यम से अनेक इनाम दिए जायेंगे।

### जेएफसी में शामिल हुए डेनियल चीमा



जमशेदपुर। डेनियल चीमा चुकूजमशेदपुर एफसी सेटअप में लौट आए हैं और जैसे-जैसे हम नए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन की शुरुआत के करीब पहुंचेंगे, वैसे वैसे वे चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। नाइजीरियाई प्रशिक्षण के पहले महीने तक उपलब्ध नहीं थे लेकिन अब वह नए अभियान की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल हो गए हैं और वापसी के बाद अपने पहले सत्र में तेज दिख रहे हैं। स्ट्राइकर का जमशेदपुर एफसी टीम के लिए अच्छा योगदान रहा है। वह पिछले कुछ सीजन के कुछ स्टार्स खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने गोल किए और मेन ऑफ स्टील के लिए आक्रमण को और मजबूत किया।

चीमा क्लब के सर्वकालिक सर्वोच्च गोल स्कोरर हैं, जिसने पिछले सीजन में ग्रेग स्टीवर्ट को पछाड़ दिया था और उम्मीद है कि वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जहां उन्हें क्रोएशियाई फारवर्ड पेटार स्लिस्कोविक का साथ मिलेगा।

### श्रद्धा और धनंजय ने जीती अंतर विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता



जमशेदपुर। मानगो स्थित गुरुनानक हाई स्कूल में 'शिक्षा के उद्देश्य एवं महत्व' विषय पर गुरुवार को संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर उत्साहपूर्वक हिंदी दिवस सह अन्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित अंतर विद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता में डीबीएमएस गर्ल्स स्कूल, कदमा की छात्रा श्रद्धा कुमारी ने जूनियर और छोटानागपुर विकास हाई स्कूल, शिलपहारी के छात्र धनंजय गोराई ने सीनियर वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में जीत हासिल की। 'शिक्षा के उद्देश्य एवं महत्व' विषय पर आमंत्रित विद्वानों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि राष्ट्र भाषा होने के बावजूद भी हिंदी अपना वजूद तलाश रही है जो काफी गंभीर मसला है। कार्यक्रम में ट्रैफिक डीएसपी अनिमेष गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे जबकि वरिष्ठ पत्रकार ब्रजभूषण सिंह विशिष्ट अतिथि थे। आमंत्रित अतिथि के रूप में टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, मानगो गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन कुलविंदर सिंह पन्नू, बेस्ट संस्था के अध्यक्ष कैप्टन अनिल पांडे, सुनील हेम्ब्रम ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर अपनी बाते रखी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मानगो गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से चेयरमैन राजेंद्र सिंह भाटिया, इकबाल सिंह, हरजिंदर सिंह, रविन्द्र सिंह, हरदीप सिंह, प्रोफेसर मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन शिक्षिका मधुलिका ने किया जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन संतोष सिंह ने किया।

# तेजस्विनी ने बृष्टि को हराया, ओपन कैटेगरी में रोहित और ग्रेबनेव में फिर ड्रा

आज एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चौंपियनशिप 2023 का अंतिम दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो




तेजस्विनी और बृष्टि के डैस पर मोहरा चल मुकाबले की शुरुआत कराते टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के चीफ प्रणय सिन्हा। (दायें) रोहित कृष्णा के चाल के आगे बेबस नजर आये ग्रेबनेव।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चौंपियनशिप 2023 गुरुवार को अपने आठवें दौर में पहुंच गई। प्रणय सिन्हा, चीफ, करपोरेट सर्विसेज (जमशेदपुर), टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में दिन की औपचारिक शुरुआत पहली चाल चलकर की। इस राउंड में ओपन और गर्ल्स श्रेणियों में कई महत्वपूर्ण मैच देखने को मिले।

लड़कियों की श्रेणी में, बोर्ड 1 में संयुक्त रूप से लीडर तेजस्विनी जी और महिला उम्मीदवार मास्टर ब्रिस्टी के बीच मुकाबला हुआ। उतार-चढ़ाव भरे खेल में, तेजस्विनी ने शुरू में दो अतिरिक्त प्यादों के साथ बढ़त बनाए रखी, लेकिन ब्रिस्टी ने उल्लेखनीय वापसी की, अपने प्यादों के साथ बढ़त बनाई और अपनी रानी को फिर से जीवित किया।

हालांकि, तेजस्विनी का सटीक खेल हावी रहा, जिससे उनकी जीत हुई। इस जीत के साथ, तेजस्विनी ने अब 8 राउंड में 7 अंकों के साथ लड़कियों की श्रेणी में स्पष्ट एकमात्र बढ़त हासिल कर ली है। बोर्ड 2 पर, नर्गली ने सफेद मोहरों के साथ महिला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर बोम्मिनी मौनिका का सामना किया। गेम की शुरुआत कोले सिस्टम के साथ हुई और हालांकि बोम्मिनी को थोड़ा फायदा हुआ, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं, जिससे 33 चालों के बाद मैच ड्रा हो गया। बोर्ड 3 में रैपिड सेक्शन में रजत पदक विजेता मृदुल देहनकर के खिलाफ मृत्तिका मलिक खेल रही थी। मृत्तिका ने किंग्स पन ओपनिंग से शुरुआत की और मृदुल ने सलिड कैरो-कन्न डिफेंस के साथ जवाब दिया। 63 चालों तक चले संतुलित और गहन खेल के बाद दोनों खिलाड़ी के बीच खेल ड्रा पर समाप्त हुआ। ओपन सेक्शन में, बोर्ड 1 में रोहित कृष्णा ने सफेद मोहरों के साथ शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रेबनेव एलेक्सी का सामना किया। खेल की शुरुआत क्वीन्स गैम्बिट से हुई और 11 चालों के बाद दोनों खिलाड़ी ने आपसी सहमति से ड्रा पर खेल को समाप्त किया। बोर्ड 2 में भी ऐसा ही परिणाम देखने को मिला, जिसमें शुरुआत में मनीष को असवंथ के खिलाफ खेल के बीच में बढ़त मिली। हालांकि, असवंथ ने स्थिति बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की, जिसके परिणामस्वरूप 53 चालों के बाद खेल ड्रा हो गया। बोर्ड 3 पर, श्रीहरि एल ने लगातार चेक देकर संबित के खिलाफ अपना गेम जबरन ड्रा करा लिया। चौथे बोर्ड में आयुष का मुकाबला इंडोनेशिया के इंटरनेशनल मास्टर गिल्बर्ट एलरय से था।

आयुष ने सफेद रंग के खिलाफ आक्रामक लाइन चुनी और बीच गेम में गिल्बर्ट के गलत कदम के बाद, आयुष ने 29 चालों में आराम से जीत हासिल कर ली। आज होने वाले अंतिम दौर में बेहतर टाई-ब्रेक अंकों के आधार पर विजेताओं का निर्धारण किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### हिंदी देश की सिर्फ मातृभाषा ही नहीं, जीवन शैली है : त्रिपुरा झा



कार्यक्रम में उपस्थित डॉ त्रिपुरा झा व अन्य अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** गुरुवार को पूर्वाहान 10 :30 बजे से मास्टर साबरेन मांझी जिला पुस्तकालय, (जमशेदपुर) के सभा कक्ष में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन एस पी सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलाल राय (आईएएस) पुर्व कमिशनर कोल्हान, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार (एल डी एम बैंक) विशाल कुमार एवं ललन साहू (क्षत्रिय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक) एवं सुशील कुमार (एक्स आर्मी अफिसर)। हिंदी पर मुख्य वक्ता जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की अध्यापिका डक्टर त्रिपुरा जा ने अपना वक्तव्य दिया और उन्होंने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि हिन्दी मातृभाषा और विषय ही नहीं बल्कि भारतीय जीवन शैली हैं और हिन्दी में सभी धर्म, भाषा को जोड़ने की एवं समाहार की अद्भुत क्षमता हैं। यह संसतिक मूल्यों, परंपराओ और इतिहास को जोड़ती हैं। काव्य पाठ ज्योत्सना अस्थाना, राजदेव सिंह, सुरेश चंद्र, बिजेंद्र नाथ मिश्रा जी ने किया। हिंदी के निम्नांकित 6 विभिन्न संस्था को हिन्दी दिवस के लिए हिन्दी सेंवियो को सम्मानित किया गया (गयासाल उड़ा कर गिफ्ट के साथ ) डक्टर त्रिपुरा झा, राजदेव सिंह, ज्योत्सना अस्थाना, सुरेश चंद्र झा, बिजेंद्र नाथ मिश्रा एवं डॉ अनीता शर्मा। जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी ने वक्तव्य दिया। स्वागत गान गुरु नानक साकची उच्च विद्यालय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी प्लस टू विद्यालय सीतारामडेरा की छात्राओं ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में उपयुक्त व्यक्तियों के अतिरिक्त50 अन्य विद्वानों ने भाग लिया, पुस्तकालय के 45 नियमित पाठकों ने भी भाग लिया। हिंदी दिवस के आयोजन की सारी व्यवस्था पुस्तकालय अध्यक्ष कौशिक दत्ता ने किया। मंच संचालन ड अनीता शर्मा ने किया।

### एलएलबी के छठे सेमेस्टर का पेपर आया आउट ऑफ सिलेबस, 10 की जगह मात्र 7 प्रश्न ही छपे, हंगामा



जमशेदपुर। कोल्हन विश्वविद्यालय का अधीन संचालित जमशेदपुर कोअपरेटिव लॉ कॉलेज के सत्र 19-22 के छठे सेमेस्टर के परीक्षा करीम सिटी कॉलेज साकची में हो रही है जिसका अप्शनल पेपर टैक्सेशन का परीक्षा गुरुवार को था, जिसमें 10 प्रश्न की जगह मात्र 7 ही प्रश्न छपे थे और पांच प्रश्न विद्यार्थियों को लिखना था जबकि 10 प्रश्न कम से कम होने चाहिए, और जो प्रश्न आए थे उनमें से आधे से ज्यादा प्रश्न आउट अफ सिलेबस से थे, जिसको लेकर विद्यार्थियों ने हंगामा किया और सत प्रतिशत अंक देने के लिए परीक्षा नियंत्रक के नाम करीम सिटी के प्राचार्य को ज्ञापन दिया, इसके पूर्व भी पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा में इसी विषय की समस्या आई थी, विद्यार्थियों की तरफ से में अमर तिवारी,आदित्य, सुदीप, निरंजन, विजय,जितेंद्र और अन्य विद्यार्थी ने हस्ताक्षर किया।

### गम्हरिया : बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण



**गम्हरिया।** सरायकेला के बीडीओ सह एमओ मृत्युंजय कुमार द्वारा गुरुवार को गम्हरिया प्रखंड के कई पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रखंड के टेटोपोसी स्थित शिव शक्ति महिला समूह का दुकान बंद पाया। दुकान बंद पाए जाने पर उन्होंने सम्बंधित दुकानदार को फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। इसी क्रम में वे नारायणपुर स्थित धनंजय मुखी के दुकान भी पहुंचे। वहां कार्डधारियों द्वारा उन्हें अन्य निलंबित डीलर का भी राशन कार्ड एक ही दुकान में होने के कारण अधिक राशन कार्ड होने से खाद्यान्न वितरण में आ रही समस्या से अवगत कराया गया। इस पर निलंबित दुकान को नियमानुसार पुनः बहाल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का उन्होंने आश्वासन दिया। इसी प्रकार,ऊपरदुगनी पंचायत के राशन डीलर के दुकान पर औचक छापामारी में अनियमितता पाई गई। तत्पश्चात, उक्त दुकानदार से भी स्पष्टीकरण की मांगी गई। बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि संतोषप्रद स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। औचक छापामारी लगातार जारी रहेगी ताकि लाभुकों को उनके हक के अनुसार उचित खाद्यान्न का आवंटन हो सके।

### झामुमो का चांडिल प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

चांडिल। चांडिल प्रखंड के बड़ामटांड स्थित सामुदायिक भवन परिसर मे बुधवार को झामुमो का चांडिल प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष ष्णा किशोर महतो कि अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो उपस्थित हुए। बैठक में संगठन मजबूती व सदस्यता अभियान पर जोर देने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि कार्यकर्ता सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचे यह सुनिश्चित करें। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, ष्णा किशोर महतो, दुखु सिंह मुंडा, सुबोध महतो, अर्जुन सिंह मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दिवंगत शिक्षक हसीन तारिक हैदराबाद में किये गये सुपुर्द ए खाक



जमशेदपुर। गुरुवार को शहर के जाने माने शिक्षक हसीन तारीक जो के करीमिया स्कूल के रिटायर्ड हेड मास्टर थे उनका निधन कल हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हुआ। हसीन तारिक काफी लंबे समय के किडनी की बीमारी से परेशान थे जिसका इलाज लगातार हैदराबाद के जाने माने अस्पताल में चल रहा था । बीमारी बहुत समय से बढ़ती जा रही थी जिसके कारण उनका कल देहांत हो गया। उनके साथ उनके 3 बेटे एक बेटी और पत्नी रहा करते थे। उनके जाने के बाद उनका पूरा परिवार काफी सदमे में है। उनको सुपुर्द ए खाक हैदराबाद के जमाल कुंटा कब्रिस्तान गोकोंडा में बाद नमाज असर मस्जिद ए तकवा में इमाम द्वारा पढ़ाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान,मतीन तारीक,जावेद इकबाल, मोबीन तारीक, शमीम अहमद, अशफाक तारीक, वसीम तारीक, खुराम बेलाल आलम, नदीम तारीक, अजीम तारीक, अर्सलान इकबाल, जावेद इकबाल, इरफान तारीक, जशीं इकबाल, दुबई और हैदराबाद से उनके साथी एवं कुछ रिशदारी भी शामिल हुए।सभी उपस्थित लोगों ने गहरे गम का इजहार किया और उनके इसले सवाब की लिए दुआ की गई।शहर के जाने माने लोगों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया।

## आपसी झगड़े के बाद पति ने गला दबाकर कर दी पत्नी की हत्या

**गम्हरिया।** आरआईटी थाना अंतर्गत गम्हरिया के मीरुडीह में आपस मे झगड़ा होने के बाद पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मीरूडीह बस्ती स्थित काली मंदिर के समीप किराए के मकान में चंद्र मोहन देवगम की पत्नी किरण देवगम अपने एक तीन वर्षीय बेटे के साथ रहती थी। उसका पति चंद्र मोहन देवगम गुजरात में नौकरी करता है और कुछ दिन पूर्व ही वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। बीते बुधवार की रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। उसके बाद आक्रोशित पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। गुरुवार को इस घटना की जानकारी आरआईटी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के पति ने गला दबाकर पत्नी की हत्या किए जाने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। उसका दो पुत्र है, जिसमे पांच वर्षीय बड़ा बेटा चाईबासा में अपने नाना के साथ रहता है। आरोपी पति को शक था कि उसकी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति के साथ गलत सम्बन्ध है।

# मानगो सेंट्रल वर्ज में 5 दुर्गापूजा कमेटियों को पंडाल बनाने की मिली अनुमति

भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह का प्रयास रंग लाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह गांधी मैदान दुर्गा पूजा समिति के मुख्या संरक्षक नीरज सिंह के प्रयास से मानगो डिमना रोड में सड़क के बिच होने वाले पांच पूजा समितियों को दुर्गा पूजा करने की अनुमति जिला प्रशासन की ओर से दे दी गई। मौके पर नीरज सिंह ने जिला प्रशासन, अनुमंडल पदाधिकारी तथा जुस्को प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दिनों मानगो डिमना रोड के बीच आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर संसय बना हुआ था जो कि आज साफ हो गया। दुर्गा पूजा का आयोजन उसी स्थल पर होगा जहां आयोजन कई दशकों से होता रहा है। ज्ञात हो की कुछ दिन पूर्व सभी दुर्गा पूजा कमेटी के प्रतिनिधि जुस्को प्रबंधन तथा अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए जानकारी दी थी कि उक्त स्थल पर दशकों से दुर्गा पूजा का आयोजन होता आ रहा है मगर अभी जुस्को के द्वारा दुर्गा पूजा स्थल पर कहीं ओपन जिम तो कहीं पार्क का निर्माण कर दिया गया है। जिस कारण पूजा कमेटी के लोग दुर्गा पूजा के आयोजन के स्थल को लेकर काफी परेशान थे। मगर आज अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय से सशर्त दुर्गा पूजा कमेटियों को पूजा करने की अनुमति दे दी गई है। दुर्गा पूजा के आयोजकों द्वारा जिला प्रशाशन को आस्वस्त किया गया था की डिमना रोड में निर्मित ओपन जिम या पार्क को किसी भी तरह से नुकशान नहीं पहुंचाया जायेगा।


# झारखंड अल्पसंख्यक आयोग में बंगभाषियों को जगह नहीं, विरोध में मशाल जुलूस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार द्वार हालिया गठित अल्पसंख्यक आयोग में बंग भाषियों के एक भी प्रतिनिधि को स्थान न मिलने से समाज के लोग काफी आक्रोशित हैं। गुरुवार को बंग बंधु संस्था के पदाधिकारियों ने साकची में विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार को चेतावनी दी। संस्था के केंद्रीय उपाध्यक्ष अपर्णा गुहा के नेतृत्व में लोग वहां पहुंचे तथा आयोग में समाज के लोगों को स्थान देने सहित अन्य मांग की। उन्होंने सिर पर काली पट्टी बांधकर मशाल जलाया तथा अपनी मांगें बुलंद की। मौके पर अपर्णा ने कहा कि इसके पूर्व प्रत्येक बार आयोग में समाज का प्रतिनिधित्व मिलता रहा है। लेकिन इसबार गठित आयोग में एक भी व्यक्ति को आयोग में नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बंग समाज न स्कूल संचालित हो रह है न पुस्तक दिये जा रहे हैं। शिक्षकों की भी घोर कमी है। एक तरह से समाज से बंगभाषियों को अलग करने की साजिश रची जा रही है। अगर सरकार का यही रवैया रहा तो आगामी चुनाव में इसका जवाब जरुर मिलेगा। मौके पर सामंतो दा ने आरोप लगाया कि राज्य में बंग भाषा भाषियों की संख्या 42 प्रतिशत है और अल्पसंख्यक आयोग के गठन में समाज के लोगों को जगह नहीं दिया जाना खेदजनक है। विरोध प्रदर्शन में अपर्णा गुहा, सामंतो कुमार, बिनोद डे, नान्टू सरकार, सुब्रतो चौधरी, राजेश राय, पंपा मुखर्जी, जुड़ान मुखर्जी, संजय राय, विप्लव कर, अनंतो कुंडू, प्रणव सरकार, सुभाष सिंघराज, रंजन भौमिक, सोमनाथ घोष, असीत प्रोसेनजीत सहित कई लोग मौजूद थे।

## दादी मंदिर में भादो मास अमावस्या पूजा धूमधाम से संपन्न



**जमशेदपुर।** गुरूवार को जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर मे हर साल की तरह इस साल भी भादो मास अमावस्या को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धा और विश्वास के साथ भादो अमावस्या पर झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी की विशेष पूजा सुबह 0630 बजे से शुभारंभ हुई। मंदिर के पुजारी बिमल पाण्डेय ने पूजा करायी। भादो अमावस्या पर मंदिर में पूजा एवं दर्शन के लिए दिन भर दादी भक्तों का आना-जाना लगा रहा। जिससे मंदिर में मेला जैसा माहौल बना रहा। सारे दिन पूजा एवं जात का धार्मिक कार्यक्रम चलता रहेगा। संध्या 620 पर आरती की गयी। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो रात लगभग 10 बजे तक चला। दादी जी का दरबार एवं मंदिर को रंग बिरंगे खुशबूदार फूलों से श्रृंगार किया गया था। साथ ही मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी थी। इस कार्यक्रम को सुंदर एवं भव्य रूप से संपन्न कराने में श्री राणी सती मंदिर कमिटी एवं समस्त खीरवाल परिवार का योगदान रहा।

# कर्म, योग और ज्ञान से नहीं, भक्ति से ही होगा कल्याण : स्वामी रामदास

## सूर्य मंदिर में प्रवचन व संकीर्तन का चौथा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सिद्गोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में घनश्याम पालु धाम वृंदावन एवं जमशेदपुर सूर्य मंदिर समिति के संयुक्त सौजन्य में चल रहे सात दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन एवं संकीर्तन के चौथे दिन पशुपतिनाथ जी नेपाल से आए हुए पूज्य स्वामी श्री रामदासजी ने 'कर्म, योग और ज्ञान से नहीं 'भक्ति से ही होगा कल्याण' विषय पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि भगवान इन्द्रिय-मन-बुद्धि से परे हैं, दिव्य हैं इसलिए हम अपने इन्द्रिय-मन-बुद्धि के द्वारा भगवान को नहीं जान सकते। गीता में भगवान कहते हैं कि भगवान की पा से ही भगवान को जाना जा सकता है। भगवान श्रीष्ण ने यह भी कहा है कि भगवान की पा को पाने के लिए सबसे पहले भगवान की शरण में जाना होगा। वेद शास्त्र कहते हैं कि शरणागति मन को ही करनी है क्योंकि मन ही ईश्वरीय जगत में कर्ता है। मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है। स्वामी श्री रामदास जी ने भगवान की शरण में जाने के लिए कौन सा मार्ग सही है यह भी बताया। रामदास जी ने कहा, शास्त्रों में तीन मार्ग बताए गए हैं- कर्म, ज्ञान एवं भक्ति मार्ग अन्य सभी मार्ग इन के अंतर्गत ही आते हैं। कर्म का अभिप्राय है वर्णाश्रम धर्म-कर्म वेदों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चार वर्णों के लिए ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास इन चार आश्रमों में जो जो कर्म करने के लिए कहा गया है उनको कर्म या धर्म कहते हैं। अगर कोई कर्म अथवा धर्म का ठीक-ठीक पालन करे तो उसकी गति स्वर्ग तक है। लेकिन स्वर्ग में भी वास्तविक सुख नहीं है। वहीं दुःख है, अशान्ति है। स्वर्ग में कुछ समय के लिए दुःख मिश्रित सीमित सुख को भोग करने के बाद स्वर्ग से जीव का पतन होता है। कलियुग में वर्णाश्रम धर्म का पालन करना शत प्रतिशत संभव नहीं है। क्योंकि कर्म करने के लिये छह कड़े कड़े नियम हैं-देश, काल, द्रव्य, पुरोहित, कर्ता, मन्त्र। अगर इनमें से कहीं भी त्रुटि होती है तो यजमान का ही नाश होता है। उन्होंने कहा कि एक उपाय यह है कि हम कर्म करें और साथ में भगवान का स्मरण करते जाएं। कर्म को भगवान में समर्पित करते जाएं। गीता में भगवान ने अर्जुन से यही कहा है कि तुम कर्म करो और साथ में निरंतर मेरा स्मरण भी करते रहो। इसको कहते हैं कर्मयोग। क्योंकि कर्मयोग में भगवान की भक्ति भी की जाती है, इसीलिए कर्मयोग वंदनीय है। कर्मयोग के द्वारा हम भगवान के शरण में जा सकते हैं, भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। स्वामी जी ने आगे कहा, यदि गुरु आज्ञा दें तो हम कर्म को पूरी तरह छोड़ सकते हैं। भगवान ने परम गोपनीय उपदेश देते हुए अर्जुन से यही कहा था कि अर्जुन सभी कर्म-धर्मों को छोड़कर के मेरी ही शरण में आ जाओ। इसको कहते हैं कर्मसंन्यास। कर्मसन्यास एवं कर्मयोग के द्वारा हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन केवल कर्म के द्वारा स्वर्ग ही मिल सकता है, जिसमें हमारा अनंत सुख नहीं है। दूसरा मार्ग है ज्ञान मार्ग ज्ञान मार्ग निर्गुण-निर्विशेष निराकार ब्रह्म को प्राप्त करने का मार्ग है।

स्पीड न्यूज

## धनबाद : करंट लगने से मासूम की मौत

**धनबाद।** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित धैया मिडिल स्कूल के समीप बिजली खंबे के संपर्क में आने से गुरुवार की दोपहर एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि धैया मिडिल स्कूल के समीप एक अपार्टमेंट के सामने बिजली खंभे में बिजली का एक तार है। जिस पर किसी प्रकार का इंसुलेशन नहीं है। उसी तार के संपर्क में आने से 7 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक बिजली तार से बच्चे का शव चिपका हुआ था। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। इसके बाद पावर कट किया गया। लेकिन बच्चे की जान नहीं बच सकी।

## होलपैक की चपेट में आने से सीआईएसएफ जवान की मौत

**बरोरा ।** बी सी सी एल क्षेत्र संख्या 1 अंतर्गत मुराईडीह फुलारीटांड़ एकीकृत कोलियरी शताब्दी हाजरी घर के समीप ड्यूटी के दौरान मौजूद सी आई एस एफ के हेड कॉन्स्टेबल यसवंत राज के होलपेक के चपेट में आने से मौत हो गई। ड्युटी के दौरान कर्मियों नेबताया कि होलपेक पीछे के दौरान वो चपेट में आ गए जिस दौरान मौके पर उनकी मौत हो गई मौके पर सी आई एस एफ डी आई जी बिनय काजला ,बरोरा जी एम पीयूष किशोर पीओ काजल सरकार के साथ अन्य सी आई एम एफ एवं बीसीसीएल अधिकारी मौजूद थे।

## तेज रफ्तार हाइवा ने छात्र को कुचला, गंभीर

**झरिया ।** धनबाद-झरिया मुख्य मार्ग पर कतरास मोड़ स्थित शराब दुकान के समीप गुरुवार को तेज रफ़्तार हाइवा ने सड़क किनारे बाइक पर बैठे युवक को अपने चपेट में ले लिया। हादसे में छात्र बुरी तरह से घायल हो गया। युवक की पहचान आरएसपी कॉलेज के बीएड फाइनल ईयर के छात्र विवेक ओझा के रूप में हुई है। युवक का दाहिना हाथ भी बुरी तरह से चोटिल हो गया। खून से लथपथ युवक को स्थानीय लोगों ने धनबाद एसएनएमसीएच भेज दिया । जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर हाइवा चालक मौके का फायदा उठा कर भाग निकला। झरिया पुलिस घटना स्थल से बाइक को जब्त कर थाना ले आई है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

## पूर्वी टुंडी के नये अंचलाधिकारी बने देवराज गुप्ता

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी के नए अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता आज अपना पदभार लिए पदभार में अंचल के कर्मी, विधायक, संसद प्रतिनिधि तथा सैकड़ों की संख्या में लोग पदभार ग्रहण में आए और नए अंचलाधिकारी को फूल और बुके देकर बधाई दिए अंचल के सभी कर्मी, प्रतिनिधि, ग्रामीण सभी अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह के यहां से जाने का दु:ख प्रकट किए।

## डीपीएस बोकारो-चास में हिन्दी दिवस समारोह

**बोकारो ।** डीपीएस बोकारो एवं चास में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा व कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने अपने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। छात्र संकल्प सोमेश ने हिन्दी में सुविचार छात्रा अन्वी ने समाचारवाचन शिप्रा हेम्ब्रम ने हिन्दी की महत्ता को रेखांकित करता संभाषण किया।

### लोयाबाद में टास्क फोर्स के बैठक की उड़ रही धज्जियां

# पुलिस-सीआईएसएफ के संरक्षण में जारी है कोयले का अवैध धंधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पिछले दिनों धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में धनबाद पुलिस कप्तान संजीव कुमार के अलावे सिस बीसीसीएल के अधिकारी एवं सभी अंचल के अंचल अधिकारी भी मौजूद रहे हैं। धनबाद उपायुक्त द्वारा सभी ट्रांसपोर्ट से संबंधित सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी हाल में जिले में अवैध उत्खनन अवैध ट्रांसपोर्टिंग एवं अवैध भंडारण न हो या सुनिश्चित किया जाए। इसके बावजूद जिले के पुटकी क्षेत्र एवं लोयाबाद में अवैध कोयला की तस्करी जोरो पर है। अवैध कोयला के कारोबार से जुड़े कुछ लोगों की चर्चा की जानकारी खबर मंत्र अखबार को भी स्थानीय लोगों ने देते हुए धनबाद की उपयुक्त वरुण रंजन को लिखित शिकायत भेजते हुए कहा है कि खनन विभाग सीआईएसएफ और लोयाबाद पुलिस के कुछ भ्रष्ट लोगों के कारण क्षेत्र में कई लोग कोयला तस्करी कर रहे हैं । कोयला का अवैध कारोबार लोयाबाद वासुदेवपुर कोलडम्प से रिजवान ,अमित कर रहा है । कोयला का अवैध कारोबार लोयावाद के गोपा ग्राउंड से रॉकी का काम देख रहा है कृष्णा सन्नी 4 पीकअप भैन से कोयला रेलवे साइडिंग से निकल रहा है। वही लोयाबाद थाने का प्राइवेट ड्राइवर रजक जो की रात भर देखरेख करता है।

## गोमो : पांच हजार घूस लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**एसीबी की टीम ने रंगे हाथ दबोचा**

गोमो। तोपचांची अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को धनबाद की एसीबी टीम ने गुरुवार को 5 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद तोपचांची अंचल कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया. कर्मचारी अपना-अपना दफ्तर छोड़ बाहर भाग गए. मामला नेशनल हाईवे पर जमीन अधिग्रहण से संबंधित रिपोर्ट धनबाद भू-अर्जन कार्यालय को सौंपने को लेकर था। एसीबी डीएसपी जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तोपचांची प्रखंड के सिंहडीह निवासी



शरद कुमार महतो की शिकायत पर राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को पांच हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

## टूटकर गिरा हाईटेंशन तार, लगी आग, गार्ड की बची जान

**बेरमो।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना अंतर्गत जारंगडीह आर आर शॉप सिविल ऑफिस के समीप गुरुवार को 11000 हाई वोल्टेज तार अहले सुबह 5.30 बजे टूट कर गिर गया। जिसके जद में आने से विजय कुमार गोप गोविंद चौधरी बाल बाल बचे। जबकि हाई वोल्टेज बिजली तार गिरने से सुरक्षा कर्मी व आसपास के इलाकों में आग लग गई। घटना के संबंध में सिक्योरिटी इंचार्ज हसमुद्दीन ने कहा रात्रि पाली में दोनों गार्डन कार्यरत थे। इसी दौरान सुबह सवेरे 11000 हाई वोल्टेज तार अचानक गिर पड़ी जिससे दोनों गार्ड दुर्घटना होने से बाल बाल बचे। बताते चले कि सीसीएल खुली खदान से लेकर बिजली घर तक रिहायशी इलाका पड़ता है। 11000 वोल्टेज तार किसी प्रकार के सपोर्टिंग या सुरक्षा कवच के गुजरी है। जिसमें दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है सीसीएल प्रबंधन इस ओर अपनी ध्यान नहीं देती है। बरसों से 11000 वोल्टेज तार इसी प्रकार बगैर रख रखाव के लगा है।

## बुखार से दो नाबालिगों की मौत से डुमरियाटांड़ बस्ती में हड़कंप

### स्वास्थ्य विभाग ने लिया ब्लड सैंपल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या 48 डुमरियाटांड़ बस्ती में बुधवार को 17 वर्षीय किशोर की मौत डेंगू से हो गई। बस्ती के लोगों का कहना है कि शाम में बुधन महतो के पुत्र कृष्णा महतो को अचानक तेज बुखार आया वह स्थानीय क्लिनिक तक भी नहीं जा सका जमीन पर गिरा और दम तोड़ दिया। उसके बाद मां सानू व बहन अष्टमी का रो-रो कर बुरा हाल है । इससे पहले शुक्रवार को पड़ोस के ही 12 वर्षीय चंपा कुमारी की मौत भी तेज बुखार के कारण हो चुकी है। विगत तीन दिन के अंदर डेंगू से दो नाबालिक की मौत के बाद बस्ती में हड़कंप मच गया है ।स्थानीय लोगों को कहना है की बस्ती में कई लोगों को तेज बुखार है। इधर चासनाला स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी मानने को तैयार ही नहीं है कि नागरिकों की मौत डेंगू से हुई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम बस्ती में कैंप लगाकर 70 घरों के सभी परिवार के लोगों का ब्लड सैंपल लेकर जांच में जुट गई है ।जांच टीम में स्वास्थ्य विभाग के मन्नवर आलम इंद्र कुमार सहित आधार दर्जन कर्मी शामिल है।

### बजबजा रही है बस्ती की नाली: भाजपा नेता

स्थानीय भाजपा नेता रोहित ने बताया कि जब से बस्ती में नाली का निर्माण हुआ है उसके बाद से अभी तक उसकी सफाई नहीं की गई है। नाली जाम है बस्ती में सफाई अभियान चलाया भी नहीं जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग चासनला के चिकित्सक दिलीप कुमार ने कहा कि अब तक किसी भी डेंगू मरीज की पहचान नहीं हुई है। हालांकि दो नाबालिकों की मौत बुखार से हुई है सभी लोगों की जांच शुरू कर दी गई है।

# बोकारो में आयुष्मान भव: अभियान शुरू

**● आमजनों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भवः अभियान को ऑनलाइन शुभांरभ किया। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति हर परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। यही आयुष्मान भवः कार्यक्रम का भी लक्ष्य है। सदर अस्पताल बोकारो सभागार में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में जिले से इस अभियान का शुभारंभ बोकारो विधायक बिरंची नारायण उपायुक्त कुलदीप चौधरी जिप अध्यक्षा सुनीता देवी सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तर पर अधिकारियों को आपसी तालमेल करके विस्तृत कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाई जाएगी, जबकि आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक आयुष्मान मेले आयोजित किए जाएंगे। विधायक बिरंची नारायण ने अभियान को सफल बनाने के लिए टिप्स दिए। मौके पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी सिविल सर्जव डॉ दिनेश कुमार ने भी संबोधित किया।



**आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत करते अतिथिगण।**

## कैलाश खेर के गीतों और कुमार विश्वास की कविता पर झूमेंगे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हिंदी साहित्य विकास परिषद द्वारा अपने 44 वें स्थापना दिवस सह हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 23 सितंबर एवं 24 सितंबर को भव्य रूप से साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।संस्था के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि कोयलांचल की विभिन्न संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम का प्रवेश पत्र दिनांक 15 सितंबर से 20सितंबर संध्या 7:00 बजे तक क्रमशः1000 रुपया एवं 500 रुपया की सहयोग राशि के साथ निर्गत किया जाएगा।प्रवेश पत्र मधुलिका ग्रुप के सभी आउटलेट क्रमशःहीरापुर,बैंक मोड़,स्टील गेट, मेमको मोड़ पर उपलब्ध होगा।

इसके साथ ही राजकमल टेक्सटाइल पुराना बाजार,चेतन आनार्मेंट्स बैंक मोड़, नारायणी सिक्योरिटी धनसार,भवानिया एसोसिएट कोर्ट कैंपस कोर्ट मोड, लुबी सर्कुलर रोड धनबाद में उपलब्ध होगा।यह आयोजन शहर के गोल्फ ग्राउंड में मनाया जाएगा।हिंदी साहित्य विकास परिषद द्वारा एक बहु लाभकारी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।जिसमें किसी भी व्यक्ति को कोई चिकित्सकीय परामर्श नहीं दिया जाएगा।बल्कि उनका बौद्धिक एवं मानसिक मनोरंजन होगा।कुमार विश्वास के प्रेम गीत एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं से भरी हास्य रचनाएं हम लोगों को गुदगुदा एंगी और हसाएंगे।

## एक नजर में

### नए एसडीओ ने किया पदभार ग्रहण



धनबाद। धनबाद के नए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने अनुमंडल कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने पुष्पगुच्छ प्रदान करके उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद रजक ने कहा कि अपने दायित्व को समझकर, वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से तथा पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय से जिले की विधि व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, कार्यपालिका दंडाधिकारी बंधु कच्छप, रविंद्र ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने रजक का स्वागत किया। साथ ही निवर्तमान एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।

### डीसी-एसपी ने किया एम्स अस्पताल का निरीक्षण



**धनबाद।** देवघर प्रखंड क्षेत्र स्थित देवघर एम्स अस्पताल में चौथा वार्षिक उत्सव के अवसर पर महामहिम राज्यपाल उपस्थित होने को लेकर देवघर उपायुक्त और देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने एम्स अस्पताल के निदेशक का कार्यालय, उद्घाटन स्थल और कार्यक्रम स्टेज आदि का गहन निरीक्षण किया। करीब डेढ़ घंटे से अधिक निरीक्षण के दौरान कई जरुरी सुझाव और सुरक्षा से जुड़े निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त डॉ ताराचंद, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, देवघर अनुमंडल पदाधिकारी सहित देवीपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, एम्स अस्पताल के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय, एम्स अस्पताल के उपनिदेशक आदि दर्जनों मौजूद रहे।

## बोकारो : वेदांता ईएसएल ने रेड क्रॉस सोसाइटी संग लगाया रक्तदान शिविर



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी व सिटीजन्स फाउंडेशन के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि आशीष गुप्ता सीईओ वेदांता ईएसएल और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर यूसी मोहंती एमओ इंचार्ज रेड क्रॉस सोसायटी उपस्थित थे। इस अवसर प आशीष रंजन प्रमुख सामुदायिक संबंध और विजय सिंधु मुख्य सुरक्षा अधिकारी भी वहां उपस्थित थे। शिविर का प्रमुख उद्देश्य विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों कर्मचारियों व्यापारिक साथियों विक्रेताओं और समुदाय के सदस्यों के स्वैच्छिक भागीदारी को प्रोत्साहित करके रक्तदान में सहयोग करना था। वेदांता ईएसएल सीएसआर ने सभी दाताओं के निस्वार्थ और सम्मानजनक योगदान हेतु उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के साथ वेदांता ईएसएल सीएसआर अब ऐसे प्रयासों को जारी रखकर व्यक्तियों और समुदाय के जीवन में सकारात्मक पहल करनी है।

## कसमार के ठाकुरपोंडा में किशोरियों के बीच हुई फुटबॉल प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के ठाकुरपोंडा स्थित खेल मैदान में सहयोगिनी संस्था की ओर से गर्ल्स नॉट ब्राइड तथा आशा संस्था के सहयोग से किशोरी फुटबॉल टीमों के बीच टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस दौरान बालिका किशोरी क्लब धधकिया ने लक्ष्मी किशोरी क्लब पोंडा को तीन गोल से पराजित कर जीत दर्ज की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि खेल के माध्यम से अब लड़कियां जिला राज्य से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि किशोरियों के बीच फुटबॉल



टूनामेंट के माध्यम से किशोरियों का नेतृत्व विकास कर बाल विवाह पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था की कोषाध्यक्ष सूरजमानी देवी ने कहा कि इससे बालिकाओं में खेल भावना का विकास होगा। टूनामेंट के समापन के बाद खिलाड़ियों को ट्रॉफी व अन्य उपहार देकर संस्था ने सम्मानित किया।

## डीवीसी चंद्रपुरा में हिंदी पखवाड़ा शुरू

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा हिंदी पखवाड़ा व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा प्रचार प्रसार के लिए हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन आरंभ हो गया। समारोह का उद्घाटन सीजीएम व परियोजना प्रधान सुनील कुमार पांडेय वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश शाह डीजीएम टीटी दास आदि अधिकारियों व कर्मचारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि समाज और देश व संस्थान के विकास के लिए हिंदी का उपयोग जन-जन को करना होगा। कहा कि विकसित राष्ट्र में भी अपनी भाषा में ही काम होता है।

## बाहर से सिंदरी आने वालों में डेंगू के लक्षण : डॉ सीजी साहा

### रोगी के खांसने और छींकने से फैलता है वायरस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक सह पूर्व एफसीआइएल अस्पताल के चिकित्सक डॉ सी जी साहा ने बताया कि सिंदरी में बाहर से आनेवाले मरीजों में डेंगू के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इनमें दिल्ली, कोलकाता, गुजरात और वाराणसी से सिंदरी आनेवाले लगभग सात मरीजों में डेंगू पॉजिटिव के लक्षण पाए गए हैं। सिंदरीवासियों के लिए खुशी की खबर यह है कि सिंदरीवासियों में यह लक्षण अभी तक देखने को नहीं मिले हैं। पूरे देश में डेंगू बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि का कहर जारी है। वहीं सिंदरी में बाहर से आनेवाले मरीजों में यह लक्षण पाया जा रहा है। सिंदरी के चिकित्सक डॉ साहा ने बताया कि बीते एक महीने में इंफ्लुएंजा वायरस के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। इंफ्लुएंजा बीमारी हवा में फैलने वाली बीमारी है और इसमें रोगियों में सर्दी, खाँसी और बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं। सिंदरीवासियों में इसके रोगियों की संख्या 80 प्रतिशत तक पाई जा रही है।

इस बीमारी में एक रोगी के खांसने व छींकने से दूसरे व्यक्ति में वायरस प्रवेश कर जाता है और रोगियों की संख्या में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिए रोगियों व उनके आसपास रहने वाले लोगों को मास्क का इस्तेमाल तथा मुँह ढाँकने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार मच्छरों के काटने से होता है। उन्होंने इसके बचाव के लिए पानी को जमा नहीं होने देने की सलाह दी है। इकट्ठे पानी में ब्लिचिंग पाउडर डालने की सलाह भी उन्होंने दी। क्षेत्रों में फॉगिंग कर भी सिंदरीवासियों को डेंगू बुखार से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एफसीआइएल सिंदरी अस्पताल में पूर्व में मच्छर नियंत्रण कार्यक्रम भी किया जाता था। इसके साथ ही क्षेत्रों में फॉगिंग कर मच्छरों को मारने की व्यवस्था की जाती थी और डेंगू, मलेरिया जैसे बिमारियों की जाँच की मशीनें भी बीते 20 वर्षों से बंद पड़े एफसीआइएल अस्पताल में उपलब्ध थीं।

# बेरमो : अमावस्या पर काली मंदिर कल्याणी में विशेष पूजा

**श्रद्धालुओं में उत्साह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** अमावस्या पूजा पर काली मंदिर कल्याणी में गुरुवार को हर साल की भांति विशेष पूजा.अर्चना आयोजित की गई। मंदिर के पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा अर्चना की गई। पूजा को लेकर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु उत्साहित थे। सुबह से ही भक्त मंदिर पहुंच रहे थे। भक्त बढ़-चढ़ कर पूजा में शामिल हुए थे। पूजा के दौरान पुष्पांजलि दी गई। कमेटी के मनोज मजूमदार व साधन दास ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे या अंतिम सप्ताह में अमावस्या पूजा आयोजित की जाती है। पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कार्यक्रम में 16वीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, पीओ शैलेश प्रसाद व रंजीत कुमार, एस ओपी प्रतुल कुमार, एएफएम राजीव कुमार, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद सहित एसके झा, राजीव कुमार आरके गुप्ता यूके पासवान सहित यूनियन नेता लखन लाल महतो गिरिजा शंकर पांडेय हरेंद्र सिंह जितेंद्र दुबे भीम महतो विनय सिंह कुलदीप शिवनंदन चौहान जवाहरलाल यादव गणेश मल्लाह भुनेश्वर यादव राजेश पासवान जितेंद्र राय मोहम्मद कलीमुद्दीन झब्बू तिवारी वीरेंद्र गुप्ता छेदी नोनिया पवन सिंह कैलाश ठाकुर राजेश्वर सिंह मुरारी सिंह मदन सिंह रवि शंकर ठाकुर चंदन तिवारथा प्रकाश कुमार आदि उपस्थित हुए।



**काली मंदिर कल्याणी में पूजा-अर्चना करते महिला-पुरुष।**

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

सूचना

माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा वाद सं. W.P.(C) No. – 3894/2021 दिनांक–16.12.2022 में पारित आदेश के आलोक में राज्य के बाहर के संस्थानों से 10वीं एवं 10+2 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति में शामिल किये जाने के निर्णय के क्रम में पत्रांक–8 / विविध– 82 / 21–1287 / SWSM, दिनांक–22.12.2021 के विज्ञापन के विरूद्ध दिनांक–01.09.2022 एवं 02.09.2022 को आयोजित लिखित परीक्षा एवं दिनांक–22.09.2022 एवं 28.09.2022 को आयोजित साक्षात्कार को रद्द किया जाता है। अगली (लिखित एवं साक्षात्कार) परीक्षा की तिथि पुनः सूचित की जाएगी।

उपनिदेशक–1, पी.एम.यू.,
PR 306994 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

अनाबद्ध निधि योजना के अन्तर्गत)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या F2 -16 वर्ष 2023–24
पत्रांक ........................./ दिनांक ........................./

1. विभाग का नाम — जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि — दिनांक 20.09.2023 से 26.09.2023 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक 27.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — दिनांक 27.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम बुटी डुमर टोली में अजय उरांव के घर के पास पेयजल हेतु डीप बोरिंग सह जलमीनार का निर्माण | सेन्हा | 606039.00 | 1250.00 | 12200.00 | दो माह |
| 2 | ग्राम बेटहठ में अम्बाटोली चर्च से दिनेश उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | किस्को | 752500.00 | 1250.00 | 15100.00 | दो माह |
| 3 | ग्राम नारी महलीटोला में केशो महली के घर से हरी महली के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | किस्को | 581900.00 | 1250.00 | 11700.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
PR 306980 (Lohardaga) 23-24 (D)

# शहादत को नमन

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल सहित सुरक्षा बल के तीन अधिकारी शहीद हो गये। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष, जम्मू कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गाडोले इलाके में आतंकियों के खिलाफ अभियान मंगलवार शाम को शुरू हुआ था, लेकिन रात में इसे रोक दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह आतंकवादियों की तलाश तब फिर शुरू की गई जब सूचना मिली कि उन्हें एक जगह पर देखा गया है। आतंकियों के खिलाफ संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में मेजर और डीएसपी भी शहीद हो गए। कर्नल मनप्रीत पंजाब के जिला मोहाली के कस्बा मुल्लांपुर गरीबदास के गांव पड़ौंजियां के रहने वाले थे। उनके शहीद होने की सूचना के बाद इलाके में शोक व्याप्त है। गोलीबारी में सेना का एक जवान और सेना की श्वान इकाई की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर केंट भी शहीद हो गई, जबकि तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

आजादी के बाद से आज तक कश्मीर की समस्या देश के लिये नासूर बनती जा रही है। हमारे देश के जवान लगातार शहीद हो रहें हैं। कई बार बड़ी बारदात को भी अंजाम दिया गया। पूरे घटनाक्रम के कारण पूरे देश में उबाल है। पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोस है। अहम सवाल है कि आखिर इस समस्या का हल केन्द्र सरकार क्यों नहीं कर रही है। अगर सैन्य कार्रवाई ही इसका हल है तो यह भी किया जाना चाहिए। आखिर यह कैसा मजबूत भारत है? जी-20 सहित तेज विकास दर वाले देश पर यह किस प्रकार का आक्रमण है? देश इसका प्रतिकार चाहता है। निश्चित ही यह शहादत का सिलसिला रोका जाना चाहिए।

# यूएनओ में दावेदारी

भारत ने वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा के तहत ही नीतियों को सम्मेलन के पटल पर रखा। जिसको सकारात्मक प्रतिसाद भी मिला। उससे जहां अमेरिका, चीन, रूस सहमत दिखे, वहीं विकासशील देशों का भी समर्थन मिला। इसी तरह वैश्विक विश्वास में कमी को विश्वास और निर्भरता में बदलने के आह्वान को भी प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों ने गंभीरता से लिया। जिससे दुनिया में यह संदेश गया कि दिल्ली में जिन विषयों पर सहमति बनी है, उन्हें हकीकत में बदलने के लिये भारत प्रयासरत है। निस्संदेह, कोरोना संकट व रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते उत्पन्न विषम परिस्थितियों के बीच भारत द्वारा जी-20 सम्मेलन के सफल आयोजन से देश की छवि उज्ज्वल हुई है। संदेश गया कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मसलों में निर्णायक भूमिका निभाने की स्थिति में है। दूसरा, भारत ने सम्मेलन के जरिये उन मुद्दों को उठाया है, जो तमाम विकासशील देशों को परेशान किये हुए हैं। मसलन विकासशील देशों के बढ़ते कर्ज, जलवायु परिवर्तन की चुनौती, खाद्य सुरक्षा पर संकट, महंगाई जैसे मुद्दे इसमें शामिल हैं। कह सकते हैं कि भारत ने ग्लोबल साउथ की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में बड़ी भूमिका की जरूरत को बताया है। संदेश दिया कि अब गरीब व विकासशील देशों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उनकी समस्याओं का समाधान ताकतवर देशों के वर्चस्व वाली संस्थाओं से संभव नहीं है। भारत के लिये यह अच्छा संदेश गया कि उसने कोरोना संकट के दौरान तमाम गरीब व विकासशील देशों की मदद की, जबकि बड़ी शक्तियां आत्मकेंद्रित थीं। जी-20 में आर्थिक रूप से पिछड़े अफ्रीकी देशों के संगठन अफ्रीकी संघ को शामिल करना भारत की बड़ी उपलब्धि है। जो भारत की राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी को मजबूती देंगे।

# अब 2024 चुनाव के पहले पेट्रोलियम भी सस्ता होगा ?



**राजस्थान** में 13 और 14 सितंबर को पेट्रोलियम डीलरों ने राज्य व्यापी बंदी की घोषणा की। कर में अधिकता के कारण उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है क्योंकि हरियाणा और दिल्ली में पेट्रोल औ डीजल तुलनात्मक सस्ते हैं।


देश में जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई 2017 से लागू हुई लेकिन पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका हाल के दिनों में पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के मद्देनजर गैर बीजेपी शासित राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से इन उत्पादों पर लगे एक्साइज ड्यूटी को कम करने की गुहार लगाई थी लेकिन खुद वैट की रकम कम करने से इनकार करते रहे।

**तेल का गणित**

2014-15 के बाद से ऑयल और पेट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स वसूली के जरिए जमा होने वाली राशि में 370 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2020-21 में ही 3.71 लाख करोड़ की कमाई केंद्र सरकार को इससे हुई। बेस प्राइस के दोगुने से अधिक दाम पर पेट्रोल/डीजल झारखण्ड में मिल रहा है। वो पैसा राज्य और केंद्र सरकार के खजाने में जा रहा है । मान लीजिये किसी विशेष दिन डीलरों को पेट्रोल 41.10 रुपए प्रति लीटर की दर पर मुहैया कराया जा रहा है इस पर 32.90 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी और साथ में 3.84 रुपए प्रति लीटर का डीलर कमीशन जुड़ेगा और झारखंड में 20.19 पैसा वैट चार्ज होता है। इस तरह से 98.3 पैसे में झारखण्ड की जनता को मिल जाता। अगर पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर जीएसटी लागू हो जाता है तो आम जनता को बहुत फायदा होगा। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 40 फीसदी तक गिरावट आ सकती है।

लेकिन सरकारी खजाने का बुरा हाल हो जायेगा। जरा सा भी वैट घटाता है तो आसानी से होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिये कई राज्य इसका विरोध करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था लगभग टैक्स पर ही निर्भर होते जा रही है।

सरकार के लिए तेल रूपी दुधारू गाय अगर जीएसटी के दायरे में आ जाती है तो फिर परिणाम देखिए। जीएसटी में 28 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे ऊँचा स्लैब है, मान लीजिए अगर पेट्रोल-डीजल को उसी स्लैब में रखें तो राज्य और केंद्र सरकार को मिलाकर 72% का सीधा नुकसान होगा।



- एनके मुरलीधर

> सरकार के लिए तेल रूपी दुधारू गाय अगर जीएसटी के दायरे में आ जाती है तो फिर परिणाम देखिए। जीएसटी में 28 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे ऊँचा स्लैब है, मान लीजिए अगर पेट्रोल-डीजल को उसी स्लैब में रखें तो राज्य और केंद्र सरकार को मिलाकर 72 प्रतिशत का सीधा नुकसान होगा। तेल पर केन्द्र और राज्य दोनों टैक्स ले रहें हैं।

केन्द्र सरकार के आय के अनेकों साधन हैं लेकिन राज्यों के पास आय के साधन सीमित है। शराब और पेट्रोलियम उत्पाद पर टैक्स दो सबसे बड़ा जरिया है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल पर सरकार जो भी फैसला ले, उसमें राज्यऔर केंद्र दोनों के हितों का ख़्याल रखना जरूरी होगा। साथ ही ये भी तय करना होगा कि आम जनता की जेब भी ज्यादा ढीली न हो।

**ऐसे में जो विकल्प सामने आते हैं**

पहला तरीका इस कमाई की भरपाई करने के लिए 28 फीसदी जीएसटी के अलावा सरचार्ज भी लगा दिया जाए।जैसे लग्जरी कारों पर केंद्र सरकार ने किया है।

दूसरा तरीका ये हो सकता है कि केंद्र सरकार पहले बड़े मात्रा सेस लगावे फिर पूरे पर जीएसटी लगाए। और जीएसटी नॉन रिफंडेबल हो। उससे होने वाली आमदनी को केंद्र और राज्य सरकार बाँट ले। समस्या यह है कि इसके लिए दोनों सरकारों को इस फॉमूर्ले पर तैयार होना होगा जो कि राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी कठिन लगता है ।

**अगर तैयार भी हो भी गए तो**

इसमें सिर्फ आंकड़ों की हेराफेरी ही हो पायेगी निष्कर्ष कुछ नहीं निकलेगा। या जनता की जेब ढीली होगी या सरकार को राजस्व नुकसान उठाना पड़ेगा। जीएसटी को कम करके ऐसे चार कदम है जिससे सरकार को काफी लाभ हो सकता है और घाटा पूरा हो सकता है

1.सरकार को लोकलुभावन फैसलों पर कड़े और अनुशासित कदम उठाने पड़ेंगे। जिससे लोगों में काम करने की इच्छा भी बढ़ेगी। मैन पावर की कमी पूरे देश में कहीं भी नहीं है। लेकिन मुफ्त के अनाज ने देश के बहुत बड़े आबादी को निकम्मा बना दिया है, यहां तक देखा गया है कि मोटर साइकिल, कार वाले लोगों को और अनाज उत्पन्न करने वाले किसानो को भी यह लाभ मिल रहा है जो कि बिल्कुल गलत है । अगर इस पर थोड़ा सटीक ध्यान डाल दिया जाए तो 36000 करोड तक की बचत हो सकती है।

2.अगर मनरेगा को सरकारी टेंडर से जोड़ दिया जाए और ठेकेदार बाध्य हो कि मनरेगा से जुड़े कम से कम 50% लोगों को रोजगार देने के लिए । प्राइवेट सेक्टर से भी मनरेगा जोड़ दिया जाए तथा मनरेगा का दायरा निकटवर्ती शहर तक बढ़ा दिया जाए तो इससे मनरेगा में हो रहे सरकारी घाटे की आपूर्ति हो जाएगी। साथ में प्राइवेट बिल्डर्स, सड़क निर्माण, रेल एवं पुल निर्माण, जिसमें हमेशा मैनपावर की कमी रहती है उन्हें बड़े पैमाने पर मैन पावर उपलब्ध हो जाएगा । सरकार जो बेरोजगारी भत्ता मनरेगा में दे रही है उसमे अपने आप भारी कमी होगी । वर्ष 2020-21 के बजट में 61000 करोड इस निमित्त दिया गया उसमे अगले वित्त वर्ष में लगभग लगभग 50000 करोड़ की बचत यहां हो सकती है।

3. नवंबर तक जो प्रधानमंत्री ने मुफ्त अनाज की घोषणा की है उसमें देश में 200000 करोड़ का खर्च हो रहा है अगले वित्त वर्ष में यह सीधा बच जाएगा।

4. सबसे महत्वपूर्ण सरकारी योजना अगर तय समय सीमा पर पूरा हो जाए और बजट समय बाध्यता के साथ खर्च हो तो सुखद परिणाम सामने आएगा ही। 2024 चुनाव सर पर है, मध्य प्रदेश में रसोई गैस सस्ता हो चुका है आने वाले समय में सामने हार की आशंका हो तो 17 करोड़ परिवार का भला होगा ही। जनता को सस्ता पेट्रोल और डीजल भी मिल जाएगा तथा थोक और खुदरा महंगाई वृद्धि दर में भी कहीं ना कहीं कमी अवश्य दिखेगी।

(लेखक खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर हैं।)

## खास बात

# लंबी आयु का राज

**प्रशांत कुमार झा**

एक ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्रासी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है। बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**महर्षि** वसिष्ठ ने विश्वामित्र से कहा दुष्टों एवं असुरों सहित राक्षसराज रावण के संहार करने एवं ऋषि-महर्षि तथा आम जन के उद्धार के लिये विद्यालोक से अयोध्या में रामावतार होने वाला है। उनकी पराशक्ति सीता जनकपुर में अवतरित होने वाली है। आप वापस सिद्धाश्रम (आज का बक्सर शहर) लौट जाइये। ज्योंही जनकपुर में सीता विवाह का नियत समय आयेगा आप किसी बहाने अयोध्या जाकर श्री राम को लेते आइयेगा और राम एवं सीता का विवाह करा दिजिएगा। ब्रम्हर्षि सिद्धाश्रम लौट आये और राम-सीता विवार के नियम समय का प्रतीक्षा किये। इस बीच की अवधि में विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की। गायत्री मंत्र भक्ति का मंत्र है। भू यानी भू लोक में अर्जित की हुई सारी संपति रिश्ते नाते इत्यादि, भुव : यानी मन, बुद्धि एवं चित, स्वः यानी अहंकार जब तत् सविता यानी सदगुरु को समर्पित कर दिया जाए तो इन्द्रियां देवतुल्य हो जाती है। जिस प्रकार प्रकृति के देवता परमात्मा के लिये कार्य करते हैं उसी प्रकार मन बुद्धि तथाअतः करण परा का हो जाता है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका सारांश यह है कि साधन के माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाए तो नहीं होगा। विश्वमित्र जी इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। चाहे नारदजी हो, उद्धव जी हो या चण्डकौशिक मुनि हो जिन्होंने सोचा कि साधन के द्वारा ज्ञान हो जाए उन्हें नहीं हुआ। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा तो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

लड़की लड़के से मिली तक नहीं, चैट नहीं करती, कोई रिश्ता नहीं लेकिन लड़के ने एकतरफा ब्रेकअप का ऐलान करते हुए कह दिया है कि मैं अब उससे कभी नहीं मिलूंगा।

अरे भई, मैं तो डिबेट करता भी नहीं, किसी को गेस्ट बुलाता भी नहीं तो मेरे शो में आने से किसे रोक रहे हो भाई।

**– सुशांत सिन्हा पत्रकार**

## आपके ट्वीट

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के कर्नल समेत तीन जवानों के शहीद होने की खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





जिस सनातन संस्कृति ने हजारों वर्षों से भारत को जोड़े रखा है, उसे कुछ लोग मिलकर खंड-खंड करना चाहते हैं। देश के कोने-कोने में हर सनातनी को इनसे सतर्क रहना है।

**-नरेन्द्र मोदी**

# नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

**सुशील कुमार 'नवीन'**

## व्यंग्य

**मॉर्निंग** वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले- मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

## कार्टून वर्ल्ड

**विवाद में पिसते बच्चें**



### नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

### हिंदी की प्रतिष्ठा

**केंद्र** व राज्य सरकारों के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सरकारी प्रतिष्ठानों आदि में हिंदी दिवस पर आयोजनों का शुभारंभ हो रहा है। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी कार्यशाला, काव्य पाठ, निबंध लेखन, त्वरित भाषण आदि प्रतियोगिताओं का दौर प्रारंभ हो गया है। राजभाषा के प्रति राष्ट्रभक्ति की तरह प्रेम जताने, राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने का दिन है।

**-युगल किशोर, रांची**

# ड्रग्स की राजधानी बनने से कैसे बचे दिल्ली

**डॉ. रमेश ठाकुर**

## समस्या

**दिल्ली** में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदार्थों की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है। एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार इस कदर फैल चुका है, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं।

देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह है, जहां सरकार से लेकर ब्यूरोक्रेट लॉबी, बड़े उद्योगपति व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनके रहन-सहन, जीने के तौर-तरीके से सभी वाकिफ ही हैं। फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती।

दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं। निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है जिसके के लिए ये कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेटस सिंबल समझने लगे हैं। इसकी गिरफ्त में बहुत कम या ज्यादा समूचे देश का युवा फंसा है। इसकी पहुंच स्कूल-कॉलेजों में हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के एक नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े ओहदेदार का पुत्र था। अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया, ताकि पहचान उजागर न हो। मादक पदार्थ कारोबार में शामिल बड़े लोगों की पहचान कभी सार्वजनिक नहीं की जाती। ये दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं।

राजधानी में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है क्योंकि सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कोरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी में बीते 3 साल में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकेन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी। जबकि, इस साल ये डाटा सिर्फ 4 महीने में उससे कई गुना ज्यादा हुआ। अभी तक 4396 किलो अफीम बरामद हो चुकी है। बीते पांच-छह साल से ड्रग्स का धंधा धड़ल्ले से शाम के वक्त पॉश इलाकों में चलता है। दिल्ली में सफेदपोश या बड़े लोगों के घरों में पार्टी-फंक्शन हो और उसमें ड्रग्स का वितरण ना किया जाए, ऐसा हो नहीं सकता। राजधानी दिल्ली और उससे सटे इलाकों में ड्रग्स का कारोबार आग की तरह फैल रहा है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## आइलेक्स पब्लिक स्कूल में भाषण प्रतियोगिता



**बरही।** हिंदी दिवस के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नवम और कक्षा दशम के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को हिंदी दिवस की बधाई दी। शैलेश कुमार ने कहा कि हिंदी, भारत की एकता और विविधता का प्रतीक है। यह भाषा देशभक्ति, संस्कृति, और समृद्धि का प्रतीक है। हिंदी हमारे संविधान की अधिकारिक भाषा है और हमारी राष्ट्रीय भाषा के रूप में महत्वपूर्ण है। हिंदी दिवस के अवसर पर, हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हिंदी की उपयोगिता को समझते हुए अपने विचारों को सही ढंग से व्यक्त करना हिंदी दिवस मनाने की सार्थकता होगी। प्रतियोगिता में कक्षा दशम की छात्रा कुमारी पायल ने अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया और बाजी मारी। इसके अलावा सूरजदेव, खुशी ने भी अपने विचारों को रखा।

## रेन्बो स्कूल में निबंध प्रतियोगिता



**बरही।** शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय में हिंदी का महत्व पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा सातवीं से नवमी तक के बच्चों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा नवमी से सुलेखा कुमारी, द्वितीय स्थान पर भावना प्रजापति एवं तृतीय स्थान पर राखी कुमारी रही। जिन्हे विद्यालय द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी सहित 22 भाषाओं को शामिल किया। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## जेएम कॉलेज में मना हिन्दी दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज एनएसएस इकाई एक के तत्वावधान में गुरूवार को कॉलेज प्रांगण में विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया। डॉ. शीला सिंह ने हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को इसके महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम में तन्वी, प्रिया एवं अंजली ने भी हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विश्व में प्रज्जवलित करने की अपील की। मौके पर डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. गिरधर पाठक, प्रो. महावीर कुशवाहा, डॉ. ए सिंह आदि ने भी हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज, तन्वी, अंजली, नमन, नीतू, दिव्या, ममता, शिवा, अभिषेक आदि का विशेष योगदान रहा।

## परवरिश में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता



**कुजू।** परवरिश एजुकेयर स्कूल ने गुरुवार को हिंदी दिवस पर भाषण, कविताएं और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने हिंदी भाषा के संरक्षण और संवर्धन के महत्व पर एक प्रेरक भाषण दिया। छात्रों ने सुंदर हिंदी कविताएँ सुनाईं, प्रेम और एकता से लेकर प्रकृति की सुंदरता तक विभिन्न विषयों की खोज की, अपनी वाक्पटुता और रचनात्मकता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिंदी दिवस की भावना को बनाए रखने के लिए छात्रों के समर्पण और प्रतिबद्धता पर गर्व व्यक्त किया।स्कूल के निदेशक शैलेन्द्र कुमार व प्रबंध निदेशक विकास सिंह ने कहा कि हमारे छात्रों ने हिंदी दिवस मनाने में असाधारण प्रतिभा और उत्साह दिखाया है।

## व्याकरण पत्र-2 का लोकार्पण



**भदानीनगर (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में गुरूवार को खोरठा में प्रथम पीएचडी धारक डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर द्वारा लिखित जेएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा के नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित खोरठा मॉडल प्रैक्टिस सेट साहित्य एवं व्याकरण पत्र-2 का लोकार्पण हुआ। खोरठा मॉडल प्रैक्टिस सेट का लोकार्पण करते हुए डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि झारखंड में प्रतियोगिता परीक्षाओं में अनिवार्य विषय के रूप में खोरठा और अन्य स्थानिय भाषाओं का भारी महत्त्व है। उन्होंने कहा कि बदलते भारत में स्थानीय भाषाओं की जानकारी प्रशासनिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत पुस्तक इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। श्री महतो ने बताया कि सचिवालय, नगरपालिका, औद्योगिक प्रशिक्षण, सहायक आचार्य परीक्षा कक्षा (6 से 8) एवं अन्य स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए यह मेडल प्रैक्टिस सेट पत्र-2 सामान्य रूप से उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि स्नातक स्तरीय जेएसएससी की आगामी परीक्षाओं में यह पुस्तक निर्णायक साबित होगी। प्राचार्य विजयंत कुमार एवं पूर्व प्राचार्य अशोक मिश्र ने कहा कि हमलोगों के लिए यह बड़ी गर्व की बात है कि शिक्षक डॉ. गजाधर महतो द्वारा लिखित मॉडल प्रैक्टिस सेट साहित्य एवं व्याकरण पत्र-2 का विमोचन हुआ है।

# ज्ञान की कोई भाषा नहीं : डीसी

## हिंदी का सरल उपयोग ही इस भाषा को बनाता है समृद्ध : चंदन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** हिंदी का सरल उपयोग ही इस भाषा को समृद्ध बनाता है। हिंदी ने कभी भी अपने को संकुचित नहीं किया। दुनिया की जितनी भाषाएं इसके साथ जुड़ना चाही, हिंदी में उसे जोड़ लिया। यह बातें गुरुवार को हिंदी दिवस पर समझी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीसी चंदन कुमार ने कही। डीसी चंदन कुमार ने कहा कि ज्ञान की कोई भाषा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम हिंदी भाषा को आगे लेकर जाएं। वर्तमान समय में हिंदी साहित्य व हिंदी की किताबों को पढ़ने की जरूरत है। तभी समाज को समझा जा सकता है। यदि हमें हिंदी भाषा को समृद्ध बनाना है तो सर्वप्रथम आए दिन इस्तेमाल किए जाने वाले शब्दों में सरल शब्दों का इस्तेमाल करना होगा। डीडीसी ने कहा कि यदि हमें हिंदी भाषा को समृद्ध बनाना है तो सबसे पहले हमें हिंदी से प्रेम करना होगा। क्योंकि, जब तक आप किसी विषय या किसी भाषा से जुड़ेंगे नहीं, तब तक आप आम दिनचर्या में उसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने सभी से प्रतिदिन हिंदी के नए-नए शब्दों को जानने का अभ्यास करने की भी अपील की। रामगढ़ कॉलेज की हिंदी विभाग अध्यक्ष अनामिका प्रिया ने कहा कि बदलते दौर में हिंदी भाषा पर लगातार कटाक्ष हो रहा है। हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजन करने एवं इससे हिंदी भाषा की समृद्धि तक के रास्ते को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने सभी से कहा कि हिंदी भाषा के प्रति हमारा प्रेम ही हिंदी भाषा को बचा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए विजय कुमार सहित अन्य ने भी विचार रखे।



**कई बच्चे हुए सम्मानित :** हिंदी दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए रामगढ़ उच्च विद्यालय कोइरी टोला के कक्षा 10 की नेहा कुमारी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोरचे दुलमी की कक्षा 9 की छात्रा रानी कुमारी को उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय बड़कीपोना के कक्षा 6 की सपना कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेठबरगा गोला के कक्षा 7 के सूरज बेदिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ऊपरबरगा गोला की अंबिका कुमारी, कन्या मध्य विद्यालय पतरातु के कक्षा 8 की ज्योति कुमारी शामिल हैं।

# हर क्षेत्र में बढ़ रहा महिलाओं का प्रतिनिधित्व : विधायक

### आजीविका महिला संकुल का वार्षिक आम सभा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। प्रखंड परिसर स्थित आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा हुआ। आमसभा में बरही पूर्वी, रसोइया धमना, कोनरा, बेन्दगी, बसरिया की सैकड़ो महिलाएं शामिल थी। वार्षिक आम सभा की अध्यक्षता व संचालन जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार ने किया। कार्यक्रम में विधायक उमाशंकर अकेला व प्रमुख मनोज रजक, जीप सदस्य प्रीति कुमारी, 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस बरही विधानसभा मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि नारी शक्ति अपने कार्यों और आत्मविश्वास के बल पर तेजी से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि गांव की महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सशक्त हुई है। जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि आज महिलाएं हुनर प्राप्त कर स्वावलंबी होते हुए अथोर्पार्जन कर रही हैं। घर-परिवार चलाने में सहयोग कर रही हैं। महिलाएं वैभवशाली हो रही हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, रिजवान अली, पंचमाधव मुखिया नीलम देवी, रसोइया धमना मुखिया गोविंद साव, पंसस विकास सिंह, गुलाम मुस्तफा, बिरेन्द्र यादव, राजू राणा, यदुनंदन यादव, छोटेलाल यादव, विकास यादव, आईपीआरडी नलिता कुमारी, राखी कुमारी, बैंक सखी रिंकू देवी, सगुफा प्रवीण, कविता देवी, मीणा देवी, प्रियंका देवी, प्रियंका कुमारी, ललिता देवी सहित सैकड़ों महिलाएं शामिल थी।

## बड़कागांव में नमो फुटबॉल का विधायक ने किया उद्घाटन



**बड़कागांव।** प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में सदर विधायक मनीष जायसवाल के अध्यक्षता में संचालित नमो फुटबॉल प्रतियोगिता का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मांडू विधायक चंद्रप्रकाश भाई पटेल, सिमरिया विधायक किसुन दास ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो खिलाड़ियों को संबोधित किया एवं भविष्य में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा कि यहां के खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे निखारने के लिए है नमो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । उद्घाटन मैच चोरका ( शिव मंदिर फुटबॉल क्लब ) एवं भुरकुंडुवां के बीच खेली गई। भुरकुंडुवां 2-0 से जीता। प्रतियोगिता में 44 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों को सदर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से जर्सी देकर सम्मानित किया ।

# नौकरी और मुआवजा को लेकर ग्राम सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चरही।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सीसीएल तापिन साउथ परियोजना के रैयतों ने रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले फुसरी के सलगा टोला फुटबॉल मैदान में नौकरी और मुआवजा को लेकर एक ग्राम सभा हुआ, जिसकी अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू एवं संचालन मोर्चा के सचिव मनु टुडू तथा संजय मुर्मू ने की। बैठक में भूमि के बदले नौकरी लेने के संबंध तथा नौकरी की प्रकिया में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा एवं समाधान निकालने पर विचार-विमर्श किया गया। भूमि के बदले फुसरी के रैयतों को सीसीएल प्रबंधन से एक मुस्त में नौकरी लेने के संबंध में विचार किया गया। साथ ही ग्राम सभा में एक तिथि निर्धारित कर सीसीएल प्रबंधन को नौकरी के लिए एक लिखित अल्टीमेटम दिया जाएगा। मांगे पूरी नहीं होने पर सीसीएल तापिन साउथ परियोजना के सभी कार्यों को रैयतों के द्वारा बंद करा दिया जाएगा। जिसकी सारी जवाब देही सीसीएल प्रबंधन को होगी। मौके पर रामकिशोर मुर्मू, मन्नू टुडू,संजय मुर्मू,संरक्षक लखीराम मांझी, सोनाराम मांझी,मेहीलाल टुडू, जयराम मांझी,मनोज टुडू, लुदु मांझी,मिहीलाल टुडू,महेश मांझी, छोटेलाल मुर्मू,जितेन्द्र मुर्मू, शिवा टुडू, राजेश सोरेन,सुनील हेम्ब्रोम, धनेश्वर किस्कु,गोपाल मुर्मू,बिसुन मुर्मू, गणेश मांझी, लक्ष्मण हेम्ब्रोम सहित सैकड़ों महिला - पुरुष रैयत उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



**रामगढ़।** जिला खनन पदाधिकारी ने गुरुवार को बलसगरा रोड के पास हजारीबाग से अवैध रूप से बालू परिवहन करते दो ट्रैक्टरों को पकड़ा है। बालू को जब्त करते हुए ट्रैक्टर चालकों और मालिक सहित अन्य के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने बालू के अवैध परिवहन की सूचना पर खान निरीक्षक राहुल कुमार एवं पुलिस बल के साथ छापेमारी की। बलसगरा रोड पर ट्रैक्टर संख्या (जेएच बीडी-2730) एवं एक अन्य बिना नंबर ट्रैक्टर को बालू ले जाते पाया गया। ट्रैक्टर चालक सैनाब महतो एवं उज्जवल कुमार ने बताया गया कि बालू का उठाव गिद्दी हजारीबाग से किया गया है, जिसे मांडू निवासी राजू सिंह के पास ले जाया जा रहा है। चालकों से कागजात की मांग की गई तो वे कागजात नहीं दिखा पाए। इस पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर समेत बालू को जब्त करते हुए मांडू थाना को सुपुर्द कर दिया गया। इस मामले में ट्रैक्टर चालक सैनाब महतो, मालिक उज्जवल सिंह एवं बालू कारोबारी राजू सिंह समेत सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अवैध बालू के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा।

## सौन्दा पब्लिक स्कूल में लगा हेल्थ कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा के सौजन्य से सौन्दा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में गुरूवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया।

मरीजों सहित उपस्थित लोगों को डॉक्टर नदीम अनवर ने उचित परामर्श देते हुए कहा कि शरीर में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो चिकित्सीय परामर्श जरूर लें।

विद्यालय के सचिव अमित कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी विशेष ख्याल रखा जाता है।

# गौरव की भाषा है हिंदी : गुरुदत्त पांडेय

## ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में मना हिंदी दिवस



**बासल (रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में गुरूवार को हिंदी दिवस मना। इस अवसर पर आयोजित प्रातः कालीन वंदना सभा के समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन छठी ब कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी में किया गया। जिसमें नर्सरी से दशम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक डॉ रमेश प्रसाद सिंह एवं शिक्षिका आभा मंडल ने भी अपने विचार प्रकट किए एवं विविध भाषाओं के समायोजन को आने वाले समय की आवश्यकता बताया। विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी हमारे देश की भाषा है। यह हम सबकी भाषा है । हिंदी हमारी संस्कृति, हमारे गौरव की भाषा है। उन्होंने कहा कि इसका सम्मान हम सभी करें तथा बोलने और लिखने में शुद्ध एवं मानक हिंदी का प्रयोग कर हम प्रतिदिन हिंदी दिवस मनाएं। वर्तमान समय में विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति लगाव उत्पन्न करने में शिक्षकों का दायित्व बहुत बड़ा है। उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुरूप अपने आप को बदलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी का समुचित मार्गदर्शन करने में वह सक्षम हो सकें। कार्यक्रम में ओपीजेएस के कर्मचारी सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद थे।

## जुबिली कॉलेज में मना हिंदी दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में हिन्दी विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को समारोह पूर्वक हिन्दी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शंभु प्रसाद, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी, डॉ. महेंद्र पांडेय, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. बी रविदास, डॉ. एसपी दांगी, वनस्पति विज्ञान के डॉ. अरूण कुमार सिंह झा, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. बाल कृष्णा, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. रजनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर स्वरचित काव्य पाठक का वाचन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा ने विषय प्रवेश कराते हुए बताया कि हिन्दी को सर्वप्रथम 14 सितंबर 1949 को अधिकारिक रूप से राज्य भाषा का दर्जा दिया गया। प्रो. रजनी कुमारी ने अपने काव्य पाठ तुम तंज कसना छोड़ दो तथा मेरा अनदेखा जीवन की प्रस्तुति से सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

एक नजर में

## विष्णुगढ पीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेला

विष्णुगढ़। प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को स्वास्थ्य मेला लगा। मेला में मांडू विधायक जय प्रकाश पटेल उपस्थित थे। आयोजन में मलेरिया, फाइलेरिया, टीवी, कुस्ट रोग परिवार नियोजन, रजिस्ट्रेशन, के अलावे अन्य स्टॉल लगाए गए। स्टॉल के माध्यम से लोगों को रजिस्ट्रेशन किया गया साथ ही साथ जांच भी किए गए। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार के अलावा डा.विनय कुमार पांडे, स्वास्थ्य केंद्र के कई चिकित्सक वह कर्मचारी मौजूद थे।

## जंगल से मिला पंचायत सदस्य का शव

**केरेडारी।** बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा निवासी 33 वर्षीय मोहन महतो की हत्या कर फेंक देने की बात सामने आ रही है। वह पंचायत समिति सदस्य था। उसका शव जोराकाट जंगल में मिला। शव मिलने खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस तक पहुंचाई गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक मोहन महतो के घरवालों का कहना है कि 13 सितंबर की शाम करीब 6 बजे वह मुर्गी फार्म गया था। वहां उसे मवेशी को बांधना था। जब वह मुर्गी फार्म पहुंचा तभी कुछ लोग वहां आ धमके। मोहन को उठा कर अपने साथ ले गये। मोहन कल रात घर भी नहीं लौटा। घरवालों ने उसे हर संभावित ठिकानों पर खोजा, पर उसका कुछ पता नहीं चल पाया। आज सुबह मोहन का शव जंगल में देखा गया। कयास लगाया जा रहा है कि उसे करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला स्टील सोफा

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव को तीन स्टील सोफा दिया। सोफा आरएनआर महाप्रबंधक पंकज ध्यानी द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार को भेंट की गई। यह सोफा सेट अस्पताल के मरीजों और उनके परिजनों के बैठने के लिए दिया गया है। स्टील सोफा सेट एनटीपीसी द्वारा संचालित आईटीआई ढेंगा द्वारा निर्मित है । चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि इससे स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों को और उनके परिजनों को बैठने में सुविधा होगी मैं इसके लिए एनटीपीसी को धन्यवाद देता हूं। मौके पर अजीत कुमार (उप महा प्रबंधक,सीएसआर), कमल राम रजक (वरिष्ठ प्रबंधक, सीएसआर), रजनीश कुमार (एग्जीक्यूटिव सीएसआर विभाग) सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे ।

## कटकमसांडी : कुएं में मिला मासूम का शव

कटकमसांडी। थाना क्षेत्र के उलांज गांव स्थित कुएं से एक बच्चे का शव बरामद किया गया था। उसकी उम्र महज 5 वर्ष है। ऐसे में यह मामला हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा था। लेकिन इस मामला को कटकमसांडी पुलिस ने 2 से 3 घंटा के अंदर हत्यारे की खुलासा कर दी। हत्यारे कोई और नहीं बल्कि मृतक की मां सरवरी खातून निकली जिसका पति नाम मोहमद रजक अंसारी ग्राम उलांज पोस्ट+थाना कटकमसांडी के स्थानीय निवासी है। पुलिस ने सरवरी खातून को न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा भेजा।

## गणित- विज्ञान मेला को लेकर बैठक

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली, हजारीबाग में 27 सितंबर से 29 सितंबर तक प्रांतीय गणित- विज्ञान मेला लगेगा। बैठक में व्यवस्था विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा एवं सचिव, संजय उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दोनों अधिकारियों ने बैठक में प्रांतीय गणित -विज्ञान मेला की व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त की' कार्य योजना पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने विभागों का चिंतन करें' स्वागत ,वंदना व्यवस्था, जल ,आवास, भोजन, स्वच्छता, अनुशासन ,शौचालय ,विद्युत, चिकित्सा, सुरक्षा आदि की सर्वोत्तम व्यवस्था हो ' कार्यक्रम में अपने-अपने दायित्व का निर्माण करें। मौके पर विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

## बस पड़ाव चालू होने से खत्म जाम होगा

**बरही।** बरही विधानसभी के विधायक उम्मीदवार केदार यादव ने कहा कि बरही में प्रत्येक दिन दोपहर एवं शाम को बरही चौक पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस लोग सड़क दुर्घटना का भी शिकार हो रहें हैं। कई लोगों की जानें नही जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उक्त सभी समस्याओं का मुख्य कारण छोटे बड़े वाहनों का बेतहसा सड़कों पर खड़ा रहना है। बरही चौक से लगभग 200 मीटर दूर हजारीबाग रोड में बस पड़ाव बनकर सालो से पडा हुआ है लेकिन अब तक उसे चालू नहीं किया गया है। अगर यह चालू हो जाता है तो बसों एवं किराए पर चलने वाली वाहनों के ठहराव का एक उचित स्थान मिल जाएगा। जिससे काफी हद तक जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि जल्द से जल्द बरही बस पड़ाव को चालू कराया जाए।

## कटकमसांडी में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 16 को

**कटकमसांडी।** हजारीबाग के कटकमसांडी मैदान में 16 सितंबर को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज होगा। इसमें प्रखंड की 64 टीमों के करीब 1000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। बैलून व लोकल संस्कृति कार्यक्रम और बंगाल से चल कर आ रहे गोगिया जादूगर अपने कला को देखाकर के खिलाड़ियों और दर्शकों को मन मोहंगे। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास,बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता,हजारीबाग महापौर रौशनी तिर्की और विशिष्ट अथिति सदर विधायक मनीष जयसवाल, कटकमसांडी प्रमुख एंव उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य पूर्वी एंव पश्चिमी, एंव तमाम कटकमसांडी के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने दी।

## मुखिया की पहल पर रूका चहादीवारी का निर्माण

**दारू।** दारू अंचल क्षेत्र में सरकारी गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास बड़े पैमाने पर चल रहा है। अंचल क्षेत्र के दारू पंचायत के सुल्तानी रविदास टोला में कुछ लोगों के द्वारा सरकारी गैरमजरुआ जमीन पर अवैध कब्जा करने की नियत से चहारदीवारी निर्माण प्रारम्भ किया गया था। पंचायत के मुखिया सुनील कुमार उर्फ भोला को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने बीडीओ सह सीओ सुशील कुमार राय को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सीओ के निर्देश पर स्थल पर पहुंचे राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम के द्वारा स्थल पर जाकर कागजात दिखाने व कार्य को रोकने का निर्देश दियाक इस जमीन का खाता नंबर 145 प्लॉट नंबर 3038 कुल रकबा 2 एकड़ 73 डिसमिल है जिसकी किस्म गैरमजरुआ खास है। इसी प्लाट के कुछ अंश पर आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। 12 डिसमिल जमीन सुल्तानी निवासी दिव्यांग विजय राम को दिया गया है। सीओ के निर्देश पर जमीन के कागजात की मांग की गई है फिलहाल कार्य को रोक दिया गया है

## कई कार्यक्रमों में विधायक ने की शिरकत

**कटकमदाग।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड का सघन दौरा कर कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। मेरी माटी- मेरा देशश्व कार्यक्रम के तहत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालगांवा में मिट्टी एकत्रीकरण का अभियान चलाया। जायसवाल ने कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत सलगांवा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र के भवन निर्माण हेतु शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर आधारशिला रखा। करीब 51 लाख की लागत से ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के पीएम-अभिम मद अंर्तगत स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण होना है। विधायक हिंदी दिवस के अवसर पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कटकमदाग पहुंचे। यहां विद्यालय परिवार के द्वारा विधायक मनीष जायसवाल का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां अध्ययनरत बच्चियों को जीवन में सफलता के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

## स्पीड न्यूज

### अब 19 सितंबर के बदले आठ अक्टूबर को घाघरा में भाजपा की संकल्प यात्रा



**घाघरा।** चांदनी चौक हाई स्कूल मैदान में आहूत भाजपा की संकल्प यात्रा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गयी। पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने घाघरा भाजपा कार्यालय में गुरुवार को बताया कि भाजपा की संकल्प यात्रा 19 सितंबर को घाघरा चांदनी चौक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का कार्यक्रम होना तय था। केंद्र सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में भेजा है। अब उक्त कार्यक्रम संकल्प यात्रा 8 अक्टूबर को घाघरा हाई स्कूल मैदान में दिन के 2 बजे से होगी। मौके पर भिखारी भगत, रामनंदन साहू, श्याम किशोर पाठक, आशीष सोनी, तिंबू उरांव, बिपिन बिहारी सिंह, गोपाल गोप, निमाज खान, सलावंती देवी, अलका देवी, सीमा देवी आदि भी थे।

### शिक्षा से ही देश-समाज का विकास : शंकर



**गुमला।** साक्षरता (शिक्षा) से ही देश और समाज का विकास होता है, निरक्षरता एक अभिशाप है। उक्त बातें लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने साक्षरता दिवस के मौके पर सांता पब्लिक स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों और टीचर्स को बताया कि साक्षरता के महत्व और लाभ के प्रति जागरूक करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करने के लिए हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। साक्षरता दिवस एक वैश्विक स्तर पर मनाया जाने वाला दिन है। जिसे हर साल सितंबर महीने में मनाते हैं। मौके पर स्कूली बच्चों के बीच एक-एक कॉपी, पेंसिल का वितरण किया गया। वहीं स्कूली टीचर्स हिमा कुमारी, जासिंता बेक, बीना देवी, रजनी सिन्हा, अंकिता कुमारी सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थी।

### रांची यूर्निवर्सिटी अंतर महाविद्यालय पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट आरंभ



**गुमला।** रांची यूर्निवर्सिटी व कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर महाविद्यालय पांच दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता गुरुवार को शुरू हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य एजे खलखो एवं पुगु पंचायत की मुखिया जेने विभा तिग्गा ने झंडोत्तोलन कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच जेएन कॉलेज धुर्वा व मौलाना आजाद कॉलेज रांची के बीच खेला गया। जिसमें धुर्वा कॉलेज की टीम ने शानदार आठ गोल से मौलाना आजाद कॉलेज को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में वाईएसएम कॉलेज धुर्वा ने केसीबी कॉलेज बेड़ो को 2-1 से हराया। वहीं तीसरे मैच में आरटीसी कॉलेज ओरमांझी ने एक गोल से टाना भगत कॉलेज घाघरा को हराया। मौके पर कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सीमा, डॉ सतीश गुप्ता, डॉ दिलीप प्रसाद, डॉ कंचन कुमारी, प्रो अमित कुमार, बीएड संकाय की शिक्षक नीलम प्रतिमा मिंज, पूनम भगत, मंती कुमारी, सरिता टोप्पो महाविद्यालय के शिक्षकगण वरुण तिवारी, आकांक्षा स्वरूप, आदि उपस्थित थे।

### कपड़ा व बाइक सेंटर में लगी आग लाखों के सामान जलकर हुए राख



**भरनो।** थाना क्षेत्र के डोंबा बाजार टांड़ के कपड़े व बाइक सेंटर में भीषण आग लगने से दुकान का सारा समान जलकर राख हो गया। इसमें लाखों नुकसान की आशंका है। आग कैसे लगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह दोनों दुकान के मालिक असलम अंसारी व मकबूल अंसारी शाम 7 बजे दुकान बंद करके अपने घर चले गये थे। बाद में अहले सुबह 4 बजे कुछ लोग दुकान में आग की लपटें निकलते देखे। जिसकी जानकारी दुकान के संचालक और ग्रामीणों को दी। बाद में दमकल वाहन भी पुहंची और आग पर काबू पाया गया। दुकान संचालक सईद ने बताया कि आग लगने से करीब 12 लाख के कपड़े और फर्नीचर जल गये हैं। जबकि दुकान में रखे नकद 30,000 के नोट भी जल गये। वहीं मकबूल अंसारी का भी लगभग 15 लाख का नुकसान है।

### हिंदी ही हिंदुस्तान की पहचान : सीओ



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के महात्मा गांधी पुस्तकालय में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सीओ प्रणव ऋतुराज व कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे के अलावे कई लोग शामिल हुए। इस दौरान सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा हिंदी भारत की समृद्ध भाषण विविधता का प्रतीक है। हिंदी भाषा ही हिंदुस्तान की पहचान है। अपने दैनिक जीवन में हम सभी अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करें। मौके पर अनिरुद्ध चौबे, जितेश्वर उरांव, अनिल महतो, सोनी कुमारी, अर्चना पाठक, आरती कुमारी, प्रतिमा कुमारी, पंकज कुमार, साहिल गुप्ता व अभिषेक कुमार थे।

### एसपी ने चैनपुर और डुमरी थाना का किया निरीक्षण, दिये जरूरी निर्देश



**चैनपुर/डुमरी।** नवपदस्थापित एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को चैंनपुर व डुमरी थाने का औचक निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने थाना भवन सहित थाना परिसर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं उन्होंने चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह से इलाके के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि गुमला जिला को उग्रवाद एवं अपराध मुक्त बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। गुमला पुलिस आम लोगों के साथ मधुर संबंध स्थापित कर जिला को भयमुक्त वातावरण में बदलने का काम करेगी।

## राजेश महतो ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन प्रपत्र

- 2023-2024 सत्र के लिए एफजेसीसीआई में दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद हेतु भरा नामांकन पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सत्र 2023-2024 के लिये फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स का चुनाव एफजेसीसीआई के सदस्यों के वोटिंग द्वारा 24 सितम्बर को मोरहाबादी, रांची में होना है। जिसके लिये 13 सितम्बर को नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि थी। एफजेसीसीआई कार्यकरिणी हेतु कुल 47 सदस्यों ने नामांकन पत्र भरा है। जबकि झारखंड के 6 प्रमंडल क्षेत्रों के लिए कुल 8 नामांकन पत्र भरे गये हैं। जिसमें 4 प्रमंडल क्षेत्र के सदस्यों के खिलाफ कोई नामांकन नही होने के कारण उनका निर्विरोध चयन का रास्ता साफ है। जबकि उत्तरी छोटानागपुर तथा दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के लिए दो दो नामांकन हुआ है। जिस कारण दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र हेतु क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चयन खूंटी, गुमला, सिमडेगा तथा गुमला के एफजेसीसीआई से सम्बद्ध 50 क्षेत्रीय सदस्यों के वोटिंग द्वारा होगा। जिसमें दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के लिये वर्तमान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लोहरदगा के राजेश महतो के खिलाफ गुमला के अमित महेश्वरी ताल ठोंकते नजर आयेंगे। जिसका असली परिणाम 24 सितम्बर को देखने मिलेगा।

## ट्रांसफर ऑर्डर निकलने के बाद कम रेट पर खास के नाम कर दी बड़ा तालाब की बंदोबस्ती

- अधिकारी ने अपनों को लाभ दिलाने के लिए किया नियम विरुद्ध काम, हो रहा विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर परिषद के पूर्व प्रशासक अधिकारी के कारनामों का खुलासा अब धीरे-धीरे हो रहा है। अपने खास लोगों को लाभ दिलाने के लिए इस अधिकारी द्वारा तमाम नियम कानून भी बदल दिये जाते हैं। ऐसा हो एक मामला सामने आया है बड़ा तालाब और ठकुराइन तालाब के बंदोबस्ती का।

**क्या है मामला :** नगर परिषद के पूर्व प्रशासक रहे देवेंद्र कुमार की 30 अगस्त 2023 को नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार ने ट्रांसफर ऑर्डर निकाला था। जिसके बावजूद नगर परिषद के सारे टेंडर को रद्द कर सिर्फ बड़ा तालाब की बंदोबस्ती मछली पालन के नाम पर 5 सितंबर को महज 62500 रुपये में कर दी गयी। जबकि बंदोबस्ती का मूल्य निर्धारण मत्स्य विभाग की अधिकारी नीलिमा सरोज एक्का ने न्यूनतम मूल्य पर किया। खास बात है कि मत्स्य विभाग की अधिकारी को पिछली बार बड़ा तालाब की बंदोबस्ती किस मूल्य पर की थी उसकी जानकारी ही नहीं है। बिना बंदोबस्ती का अध्ययन किये ही मूल्य निर्धारण कर दिया गया। जिससे नगर परिषद के पूर्व प्रशासक देवेंद्र कुमार और मत्स्य विभाग की अधिकारी नीलिमा सरोज एक्का पर सरकार को राजस्व की नुकसान पहुंचाने और संवेदकों से मिलीभगत के आरोप के साथ अधिकारियों पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**यक्ष प्रश्न**

- आखिर पिछले बार की बंदोवस्ती मूल्य का अध्ययन अधिकारियों ने क्यों नहीं किया?
- क्या संवेदक और अधिकारी की मिलीभगत के कारण जल्दबाजी में की गयी बंदोवस्ती?

**क्या कहती हैं मत्स्य अधिकारी :** मत्स्य विभाग के अधिकारी नीलिमा सरोज एक्का से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस बार न्यूनतम मूल्य पर विभाग की ओर से मूल्य निर्धारण किया गया है। पिछली बार क्या मूल्य था, इसकी जानकारी नहीं है।

"राजस्व की क्षति और न्याय संगत बंदोवस्ती नहीं हुई है। लोगों के आरोप और विरोध को देख बंदोवस्ती स्थगित कर समिति गठित कर इसपर न्यायसंगत कार्रवाई करेंगे। - **जयपाल सिंह, नगर परिषद के नव नियुक्ति प्रशासक**

इसको लेकर नगर परिषद में भारी लापरवाही सामने आई है। यही नहीं ट्रांसफर ऑर्डर निकलने के 5 दिन बाद विभाग को राजस्व का नुकसान करते हुए अधिकारी ने कम रेट पर कर दिया इस निविदा का बंदोबस्त। नगर परिषद के पूर्व प्रशासक अधिकारी देवेंद्र कुमार ने संवेदकों से मिलकर ट्रांसफर ऑर्डर निकलने के बाद जिले के बड़ा तालाब में मछली पालन की बंदोबस्ती खास लोगों को फायदा पहुंचाने के नियत से मात्र 62 हजार 5 सौ रुपये में कर दिया, जबकि पिछले बार इसी तालाब पर बंदोबस्त 3 लाख 10 हजार रुपये में हुई थी। वहीं बड़ा तालाब से फिशिंग के नाम पर संवेदक हर बुधवार प्रत्येक व्यक्ति से 300 रुपये वसूल कर हर सप्ताह हजारों रुपये की वसूली करता है।

छात्र संगठनों के नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस कर केओ कॉलेज में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया

## उपायुक्त को बताकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग शीघ्र

- इंटर की पढ़ाई बंद होने के बाद भी शिक्षिकों को भुगतान का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस कान्फ्रेंस करते छात्र संगठन के नेता।

**गुमला।** जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के बैनर तले छात्र संगठनों के द्वारा गुमला परिसदन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र संगठनों के छात्र नेता मौजुद थे। आयोजित प्रेस वार्ता में छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज के वर्सर दिलिप प्रसाद और प्राचार्य के द्वारा सरकारी पैसे का दुरूपयोग और भ्रष्टाचार किया गया। तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी सीमा कुमारी के आरटीआई के जवाब में गलत सूचना दे कर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने को कोशिश को गई। सत्र 2020 -2021 महाविद्यालय के अधियाचना पर रांची अधिविध परिषद रांची झारखण्ड के द्वारा 13 मार्च 2021 को कुल 42,24,000 रुपये कॉलेज के खाता नं. 4967201 00000012 से शर्तो के अधीन राशि विमुक्ति की स्वीकृति दी गई थी। लेकिन कॉलेज के शिक्षको को बिना वेतन के भुगतान किए राशि की उपयोगिता दिखा कर अगले सत्र 2021-2022 के लिए कुल 47,52000 की मांग कर ली गयी।

**खास बातें :** शिक्षकों को कोरोना काल में क्लास नहीं लिए जाने का हवाला दे कर उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया। जबकि जैक के द्वारा महाविद्यालय को राशि का आवंटन कर दिया गया था और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 20 मार्च 2020 को पत्र जारी किया गया था। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था की कोरोना काल में उन्हें ऑन ड्यूटी माना जायेगा। कॉलेज में अनावश्यक रूप से कर्मचारियों की नियुक्ति की गई जो व्यक्ति कॉलेज में कार्यरत नहीं उन्हें भी कर्मचारी की सूचि में रख कर उक्त खाता से भुगतान किया गया। बीसीए के प्रोफेसर अमित कुमार को इंटर में कंप्यूटर ऑपरेटर का 3 आरडी ग्रेड कर्मचारी की सूची में डाल कर दोहरा लाभ दिया गया।

## हिंदी भाषा का उपयोग विज्ञान के क्षेत्र में भी किया जाये : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि कला, संस्कृति, साहित्य के क्षेत्र में हिंदी का बहुत अच्छा उपयोग हुआ है लेकिन हिंदी का इस्तेमाल विज्ञान के क्षेत्र में नहीं होता है। वैज्ञानिक कार्यों, खोज आदि में भी हिंदी भाषा का उपयोग हो। इसमें आज के युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। अगर आज की युवा-पीढ़ी चाहे तो इसमें क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज गुरूवार को हिंदी दिवस के मौके पर नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। उपायुक्त ने कहा कि आज के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखनी चाहिए ताकि वर्तमान परिपेक्ष्य वे सफल हो सकें। इससे भाषा और समृद्ध होगी। एक दूसरे की संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा।



प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

### हिंदी से ही राष्ट्रपिता ने राष्ट्रवाद का जोश भरा : हरिश बिन जमां

एसपी हरिश बिन जमां ने कहा कि हिंदी का उपयोग अलग-अलग समय में अलग-अलग तरीके से हुआ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने आंदोलन में हिंदी के माध्यम से ही राष्ट्रवाद का जोश भरा। स्वामी विवेकानंद ने भारत देश को भारत माता के रूप में देखा। आज हिंदी का इस्तेमाल सभी जगह हो रहा है। गूगल में भी हिंदी का उपयोग हो रहा है। हिंदी कहीं भी पीछे नहीं हैं। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि हिंदी का उपयोग अधिक से अधिक उपयोग करें। यह राजभाषा है। कार्यक्रम में शिक्षकों समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भी हिंदी भाषा पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता, नजारत उप समाहर्ता, सामान्य शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त



**कैरो (लोहरदगा)।** थाना पुलिस ने गितिलगढ़ व हनहट के बीच पुलिया के समीप अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर (जेएच 01 ईटी 3892) जब्त किया है। कैरो थाना पुलिस को सूचना मिली कि अवैध बालू खनन कर परिवहन हो रहा है। जिसके बाद पुलिस ने गितिलगढ़ व हनहट गांव के बीच ट्रैक्टर को पकड़ा। कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर की जब्ती सूची तैयार कर अंचलाधिकारी के माध्यम से खनन विभाग को आगे की करवाई के लिए भेजा जायेगा।

### बिजली चोरी में पांच पर प्राथमिकी

**भंडरा।** बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी दल द्वारा थाने में पांच उपभोक्ताओं के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया जाता है कि पांच उपभोक्ताओं का बिजली का बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बावजूद भी अवैध रूप से एलटी लाइन में तार जोड़कर धरेलु एव दुकान परिसर में विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे थे। जिसको लेकर सहायक विद्युत अभियंता मोहमद जीशान ने तेतरपोका के कृष्णा महतो पिता फूलचंद महतो पर 7200, गंदुर यादव पिता भोगु यादव पर क्षतिपुर्ति राशि 6200 एव बकाया 22920 रुपये, रामदयाल यादव पिता भोगु यादव 34 क्षतिपूर्ति 62 सौ जबकि बकाया 21478 रुपये, चरवा उरांव पिता रंथू उरांव पर क्षतिपूर्ति राशि 62 सौ एव बकाया 17979 रुपये एव आकाशी निवासी इस्माइल अंसारी पिता सौकत अंसारी पर क्षतिपूर्ति राशि 54 हजार रुपए राजस्व क्षति को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों पर भारतीय विधुत अधिनियम के धारा 135/ 137 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर करवाई मे जुट गयी है। छापेमारी दल अभियान मे भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा, मानव दिवस कर्मी प्रकाश प्रजापति, जयमंत प्रजापति एव भंडरा थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

## परिषद प्रशासक से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल, रखी कई मांगें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके के नेतृत्व में गुमला नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात किया और गुमला नगर संबंधी कई बिदुओं पर विस्तार से चर्चा की। चेंबर सचिव बबलू वर्मा ने उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया। तत्पश्चा नगर की समस्याओं नगर को स्वच्छ रखने संबंधी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। चेंबर अध्यक्ष ने कहा चेंबर की परंपरा रही है की नगर परिषद के साथ समन्वय बनाकर नागरहित में काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कार्यपालक अभियंता के समक्ष पुराना नगर परिषद के परिसर में खड़े वाहनों को हटाने, मेन रोड से डीएसपी रोड को जाने वाली मार्ग एसएस हाई स्कूल रोड का कालीकरण करने, त्योहारों को देखते हुए व्यापारी अपना सामान दुकान के सामने जो नाली के पास रखते हैं।

## मध्य विद्यालय नवाड़ी में हुआ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर अस्पताल लोहरदगा के एनसीडी सेल द्वारा रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा के सभा कक्ष में विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक अरुण राम एवं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के बच्चों के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सक डॉ गौरव एवं मनोचिकित्सक नर्स सिस्टर सुनीता लकड़ा का स्वागत किया गया। डॉ गौरव ने बच्चों को अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रमुख तरीकों को बतलाया। उन्होंने कहा कि अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें पर्याप्त नींद, स्वास्थ्य वर्धक भोजन, आराम एवं तनाव मुक्त होने के बारे में जागरूकता, रोज कुछ नई चीजों को सिखाना, अपने दोस्तों एवं परिवार से बातें करना, दूसरों को मदद करना, प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम करना, अपनी भावनाओं को साझा करना आदि शामिल है।

## हिंदी दिवस पर चैनपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** प्रखंड के कौशल विकास केंद्र में गुरूवार को राष्ट्रीय भाषा हिंदी दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह ने की। हिंदी हमारी मातृभाषा है मातृभाषा के साथ-साथ यह हमारी राष्ट्रभाषा भी है। हमारी मातृभाषा को बोलने वाले सभी राज्य में निवास करते हैं। हमारे जितने भी सरकारी कार्य होते हैं सभी हिंदी में ही होते हैं। अंचलाधिकारी श्री गौतम कुमार ने कहा हिंदी भाषा की महत्व पर जितना भी प्रकाश डाला जाए वह काम है हमारी इस मातृभाषा की तुलना कोई भाषा नहीं कर सकती यह एक सरल और मधुर भाषा है। प्रखंड जीव सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा अब तो हम घर में भी हिंदी भाषा का ही प्रयोग करते हैं।

### चिल्ड्रेन एकेडमी रन्हे में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा में गुरूवार को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न कविताएं कहानियां मुहावरा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एकडेमी के प्रबंधक विजय कुमार साहू ने कहा कि हमारी मातृ भाषा हिंदी है। हम सभी को इसे जोश उमंग के साथ मनाने की जरूरत है। मौके पर मीना देवी तारामणि देवी,मीणा देवी प्रवीण कुमार सोसन रश्मि सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सुमन साहू बने पतरा टोली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पतरा टोली में दुर्गा पूजा को लेकर शुभकामना दुर्गा पूजा समिति पतरा टोली की नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष कुमार सुमन साहू, उपाध्यक्ष सुनील छतरी, (कालू) अभिषेक साहू, उर्फ (बंटी), अनुज कुमार साहू, बलराम साहू, अनिल कुमार, सत्येंद्र यादव सचिव रितेश कुमार साहू उर्फ रोशन सह सचिव राहुल कुमार साहू महामंत्री चंदन साहू कोषाध्यक्ष सोहन साहू बनाये गये। वही संरक्षक मंडली में कमला देवी, सुरेश ठाकुर, विनोद सिंह , मनोज कुमार गुप्ता (मना) दिलीप सिंह, विमल कांत सिंह, राम चरण राम, दिगंबर साहू, उदय दत्ता (दादू), दिनेश प्रसाद, राजेश साहू, अभिषेक मिश्रा, शिबू सिंह, संजय सिंह, निधि कांत प्रसाद, प्रभात भगत, लक्ष्मीकांत प्रसाद, मनोज साहू, राम नारायण चौधरी, सुरेश कुजूर, कमलेश प्रसाद, चंद्र भूषण मिश्रा, संजय मिश्रा, संजय अग्रवाल, अजय कुमार माधुर, संजय साहू, संतोष साहू, महावीर साहू आदि थे।

### बिंदेश्वर बेक के नेतृत्व में घरों से मिट्टी संग्रह



**भंडरा।** प्रखंड के वकील अंबवा में गुरुवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एव महिला मोर्चा ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर बेक के नेतृत्व में हुआ। वकील अंबवा के घरों से एक कलश में मिट्टी संग्रहित की गयी। इसमें प्रबुद्धजनों व महिलाओं ने भागीदारी दी। बिंदेश्वर बेक ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश की संस्कृति, सभ्यता तथा समाज के लिये कार्य करने वाले, वीर सैनिकों के परिवार देश के लिये सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी, किसान, मजदूर सामन्य वर्ग में आने वाले घरों से मिट्टी संग्रहित कर दिल्ली ले जाना है।

## पानी की कमी में गेहूं के बदले दलहन व तेलहन की खेती करनी चाहिए : संजय

- कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा विभिन्न गांवों में किसान गोष्ठी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते डॉ संजय कुमार।

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा सिरसी डुमरी, चटकपुर बिशनपुर एवं कोंटगसेरा गुमला में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चटकपुर में कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मौसम के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जिसमें कम पानी एवं कम समय में ज्यादा उत्पादन देने वाली फसलों एवं किस्म का चुनाव करना चाहिए। कहा कि हमें जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जिससे पर्यावरण को संरक्षित करते हुए हम गुणवत्ता युक्त उत्पाद उत्पादन कर सकें। इन उत्पादों की बाजार में मांग के साथ-साथ इनका मूल्य भी अधिक होता है। जिससे किसानों को ज्यादा आमदनी प्राप्त होगी। उन्होंने समेकित कृषि प्रणाली को भी अपने की सलाह दी। जिससे किसानों को सालों भर आमदनी प्राप्त हो सके।

**खास बातें :** डॉ संजय कुमार ने किसानों को बताया कि हमें गेहूं के उत्पादन पर कम ध्यान करना चाहिए क्योंकि गेहूं में पानी की आवश्यकता ज्यादा पड़ती है बल्कि इसकी जगह पर हमको सरसों की खेती एवं दलहनी खेती को ज्यादा बढ़ावा देने की आवश्यकता है। क्योंकि इसमें पानी की आवश्यकता कम होती है। साथ ही साथ बाजार मूल अधिक होने के कारण इसकी मांग भी अधिक रहती है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर निशा तिवारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पोषण युक्त भोजन बच्चों को देना चाहिए। उन्होंने मोटे अनाज के द्वारा बनने वाले विभिन्न प्रकार के व्यंजन पर विस्तृत जानकारी दी एवं उन्होंने पोषण वाटिका के महत्व को भी बतलाया। इस कृषक संगोष्ठी के अंतर्गत डॉ विनोद ने किसानों को बताया कि आने वाले समय में जानवरों को रोग से बचने के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है।

## 52 लोगों को मिला जॉब लेटर

- प्रमंडल स्तरीय जॉब ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम हेतु एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह स्टार अलमुनि का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जॉब लेटर देते डीडीसी।

**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव सह स्टार अलमुनी कार्यक्रम का आयोजन जिला कौशल कार्यालय, लोहरदगा के परिसर में किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ उपविकास आयुक्त जय ज्योति सामंता द्वारा डीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आठ कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 352 प्रतिभागी ने पंजीकरण कराया जिसमें से 224 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में कुल 52 लोगों को जॉब ऑफर लेटर का वितरण किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें वर्तमान में कंपनियों में कार्यरत लोगों के बीच सम्मान एवं पुरस्कार का वितरण किया गया।

इस मौके पर जिला कौशल पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, आईटीआई के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, एमजीएनएफ फेलो अवनीश विद्यार्थी, परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप तथा विभाग एवम प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रूही परवीन ने किया।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने बीमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कोडरमा।** समाहरणालय परिसर से बीमा जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इसके अभियान के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक वीमल झा एवं बीमा कंपनी के हजारीबाग आंचलिक प्रमुख दीपांकर भट्टाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता अभियान बैंक ऑफ इंडिया के बीमा कंपनी एसयूडी लाइफ इंश्योरेंस के द्वारा आयोजित किया गया है। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के बीमा कंपनी से प्रकाश मिश्र, हीरोडीह के शाखा प्रबंधक सन्नी कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस जेवियर एक्का, प्रतीक कुमार आदि मौजूद थे।

### सरयू राय ने सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक, दिये निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति जिले के दौरे पर रही। इस दौरान समिति के सभापति सरयू राय ने कोडरमा परिसदन में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक के शुरुआत से पूर्व उपायुक्त मेघा भारद्वाज व डीडीसी ऋतुराज ने सरयू राय को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सभापति ने क्रमवार कार्य प्रगति की जानकारी ली। सभापति ने क्रमवार झारखंड वन विकास निगम, झारखंड खनिज विकास निगम लि, झारखंड पुलिस आवास निगम लि, झारखंड पर्यटन विकास निगम लि, झारखंड शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि, झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि, सिल्क टेक्सटाईल्स एवं हस्त-शिल्प निगम लि, झारखंड राज्य बेवरेज निगम लि, झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम लि, झारखंड उर्जा विकास निगम लि, झारखंड चिकित्सक एवं स्वास्थ्य आधारभूत संरचना विकास निगम लि, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लि, झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लि, झारखंड विद्युत संरचना निगम लि, झारखंड बिजली वितरण निगम लि, झारखंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क लि.एवं झारखंड अटल बिहारी इनोवेशन लि.से संबंधित पदाधिकारियों से निगम के कार्य एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली।

### हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** कोडरमा ताप विद्युत केंद्र, कोडरमा में गुरुवार को हिंदी पखवाड़ा-2023 का उद्घाटन एवं हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में परियोजना के विभिन्न प्रभागों एवं अनुभागों के प्रमुख, तकनीकी तथा प्रशासनिक से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे। कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के वरीय महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने हिंदी दिवस समारोह की अध्यक्षता किया एवं इस अवसर पर सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। हिंदी दिवस समारोह में अर्नव मित्रा, वरीय महाप्रबंधक (ओएण्डएम), संजय कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (सीएस) सुधीर व्यास, महाप्रबंधक, हरिश्चंद्र सिंह, उप महाप्रबंधक (प्रशासन), विनोद कुमार राय, उप महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी व संचार) ने सभागार में उपस्थित कार्मिकों को हिंदी भाषा के महत्व, हिंदी दिवस का इतिहास और वर्तमान सूचना क्रांति की दौर में हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता के संदर्भ में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में हिंदी दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार, पीटीआई राकेश पांडेय और शिक्षक पवन ठाकुर ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों के बीच हिंदी की दशा-दिशा और भविष्य पर भाषण व कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने कहा कि हिंदी हमारे देश की भाषा ही नहीं आशा और उम्मीद है। अपनी मातृभाषा का विकास किए बिना हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हिंदी के उत्थान में हिंदी के विकास और प्रचार-प्रसार में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि हिंदी मात्र भाषा नहीं बल्कि मातृभाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी की स्थिति अपने देश में भले ही थोड़ी कमजोर हो, पर विदेश में इसके पांव तेजी से फैल रहे हैं। मॉरीशस, सूरीनाम और त्रिनिदाद आदि देशों में भारत की तरह हिंदी व्यवहार में लाई जाती है।

# भद्रकाली मंदिर धार्मिक न्याय बोर्ड के दायरे में लाना गलत : ऋषि बाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली मंदिर परिसर में गुरुवार को मंदिर प्रबंधन समिति की सदस्यों की बैठक हुई। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य ऋषि बाला ने कहा कि भद्रकाली मंदिर को धार्मिक न्यास बोर्ड के अंदर लाना गलत है, क्योंकि इस मंदिर का वर्षो से रख-रखाव निजी हाथों और प्रबंधन समिति से हुआ है। झारखंड गठन के बाद से कभी भी न्यास बोर्ड के कोई भी लोग देखने तक नहीं आये, पर आज जब मंदिर को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है, तब एक नई कमिटी बना कर पार्षद द्वारा घोषणा करना जो सारा सर गलत है। झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड ने मनमाने ढंग से भद्रकाली मंदिर को बिना कोई बैठक या कोई सूचना जबरन नयी कमिटी का गठन कर दिया है। विगत सालों पहले जब मंदिर से मूर्ति चोरी हुई, जब मंदिर जर्जर हालत में था तो कोई भी खबर नहीं ली गई, कि मंदिर बन रहा है, मंदिर टूट रहा है, या जर्जर स्थिति में है। आज इसकी पूरी देखरेख की जिम्मेदारी अपने स्तर से मंदिर प्रबंधन समिति कर रही है तो झारखंड सरकार को तकलीफ हो रही है। मंदिर के रखरखाव पर लाखों रुपये खर्च की जा रही है। इसकी देखरेख मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षण में किया जा रहा है, परंतु धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा निबंधन का बहाना करते हुए नई कमेटी की घोषणा कर दी गई जो गलत है। प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेंद्र सिंह ने कहा कि यहां बुद्धजीवी, समाजसेवी, रैयत, दुकानदारसंघ, व्यपार संघ, मंदिर के पुजारीगण, एवं प्रबंधन समिति अपने आर्थिक एवं शाररिक सहयोग से मंदिर कार्यो का निर्वहन करते आ रहे है। प्रसाशनिक व्यवस्था के द्वारा मंदिर की पूरी विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां बेशकीमती और बहुमुल्य मूर्तियां स्थापित है। जिसे प्रसाशनिक व्यवस्था के बिना सुरक्षा की कल्पना भी नहीं किया जा सकता है। मंदिर प्रबंधन समिति का निर्माण एक तय राशि देकर किया गया है। उन्होंने कहा कि आज तक भद्रकाली मंदिर के प्रति धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा किसी तरह का सहयोग एवं रुची नहीं रहा है। ना ही मंदिर प्रबंधन समिति से कोई विचार-विमर्श किया गया है। जो समझ से परे है। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा गठित कमेटी का विरोध किया है। गौरतलब है कि ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर का संचालन मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा किया जा रहा था। सदर अनुमंडल पदाधिकारी इसके पदेन अध्यक्ष और इटखोरी सीओ इसके पदेन सचिव थे।



**ये हैं भद्रकाली मंदिर की नई गठित कमेटी**

झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा नव गठित भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति का अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी यतिंद्र कुमार चौहान को बनाया गया है। अमित कुमार सिंह को सचिव बनाया गया है। बद्री यादव और मंगल मनी सिंह को मंदिर प्रबंधन समिति का उपाध्यक्ष, बिजय चौरसिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। श्याम सिंह, प्रकाश राम, बालगोविन्द राम, अनिल सिंह, योगेश्वर दांगी, अशोक कुमार पांडेय को सदस्य बनाया गया है।

**इस वजह से पुरानी कमिटी भंग हुई....**


झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेख किया गया है कि चतरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता वाली प्रबंधन समिति को नोटिस जारी कर इसके संचालन का विवरण मांगा जा रहा था लेकिन दावा है कि कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी जवाब नहीं दिया गया। बोर्ड का कहना है कि अधिनियम की धारा-29 के तहत 15 दिनों का नोटिस देकर समिति से नियमों का अनुपालन करने को कहा गया था लेकिन जब ऐसा नहीं किया गया तो पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया।

## हिंदी दिवस के अवसर पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** हिंदी दिवस के उपलक्ष पर झुमरीतिलैया स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल में 14 सितंबर को छात्रों के बीच निबंध एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें चौथी एवं पांचवी कक्षा के छात्रों के बीच हुए निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने हिस्सा लेकर हिंदी भाषा को अनमोल धरोहर बताते हुए अपने शब्दों में इसकी महत्ता को बताने का प्रयास किया।

उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से यह बताया कि भले ही आज अंग्रेजी भाषा में प्राप्त शिक्षा को अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है, परंतु हिंदी भाषा के प्रति रुझान एवं इस भाषा के महत्व को कभी नहीं भूलना चाहिए। हिंदी महज एक भाषा नहीं बल्कि हमारे देश की संस्कृति का अमूल्य अंग है। इसके साथ ही छठी से आठवीं कक्षा तक के छात्र जिसने स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था, हिंदी भाषा पर अपनी



बेहतरीन पंक्तियां लिखकर हिंदी की विशेषता को बतलाया। सभी रचनाओं को देखने के उपरांत प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया। चौथी एवं पांचवी कक्षा के छात्रों के बीच हुए निबंध प्रतियोगिता में अपनी लेखन कला से लेवेश अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अराध्या मिश्रा ने द्वितीय स्थान एवं अराध्या बक्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के बीच हुए स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में आस्था आर्या प्रथम, रचिता राज द्वितीय एवं अरिहंत राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को उनके सुंदर प्रयास की सराहना करते हुए बधाइयां दी एवं छात्रों को हिंदी भाषा की महत्व को समझाते हुए कहा कि यह हिंदी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत विविध संस्कृतियों वाला देश होने के बावजूद एकता का प्रतीक है, क्योंकि हिंदी भाषा कहीं ना कहीं भारत की एकता को बनाए रखा है। उन्होंने छात्रों को यह जानकारी भी दी कि अधिकतर भारतीय लोगों की मातृभाषा हिंदी ही है और नई शिक्षा पद्धति के अनुसार मातृभाषा को भी अब अनिवार्य रूप से शिक्षा में शामिल किया गया है, जिससे छात्रा अपनी ही भाषा में पढ़ाई कर सकें। वहीं विद्यालय निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी हिंदी भाषा को अमूल्य निधि बताते हुए छात्र को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### चोरी के दो मोटरसाइकिल सहित एक चोर गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की लगातार बढ़ रही घटना को तिलैया पुलिस ने चुनौती के रूप में लेते हुए ना सिर्फ चोर को पकड़ा बल्कि दो चोरी के मोटरसाइकिल भी बरामद किए। इसे लेकर तिलैया थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित क्यूआरटी की टीम जब तिलैया थाना क्षेत्र के ब्लॉक मैदान पहुंची तो पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल सवार चोर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को ब्लॉक मैदान स्थित परिसर से गिरफ्तार किया। वहीं थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि आरोपी 25 वर्षीय आशीष कुमार डोमचांच थाना क्षेत्र के लेंगड़ापीपर निवासी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि जो मोटरसाइकिल से वह भाग रहे थे वह पल्सर मोटरसाइकिल भी चोरी की है और उस मोटरसाइकिल को हजारीबाग से चुराया गया है, इसके अलावा उन्होंने तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो से भी 27/28 अगस्त को दो अन्य मोटरसाइकिल की चोरी की है। उसमें एक हीरो होंडा एचएफ डीलक्स जेएच11एस 9621 और दूसरा पैशन प्रो जेएच 12 जे 2507 शामिल है।

### दो गुटों में जमकर मारपीट, पांच लोग घायल

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया परसाबाद में आपसी जमीनी विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों तरफ से पांच लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार कटिया परसाबाद 55 वर्षीय बालरूप शर्मा पिता ब्रह्म ठाकुर व उनके भाई श्यामरूप शर्मा पिता बढ़न ठाकुर के साथ काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। जहां गुरुवार को इसी बात को लेकर दोनों भाईयों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों ओर से पांच लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष से 55 वर्षीय बालरूप शर्मा पिता ब्रह्म ठाकुर, 28 वर्षीय रणधीर शर्मा पिता बालरूप शर्मा, 22 वर्षीय रंजन शर्मा पिता बालरूप शर्मा।

## उपायुक्त कार्यालय के बाहर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह का किया प्रयास, पुलिसकर्मियों ने बचाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के करमा निवासी एक व्यक्ति अपने पड़ोसी की प्रताड़ना से तंग आकर गुरुवार को डीसी कार्यालय के बाहर पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंच गया। सुबह करीब 11 बजे डीसी कार्यालय के बाहर अचानक एक व्यक्ति के द्वारा शरीर पर पेट्रोल छिड़कने और माचिस जलाने का प्रयास करते देख डीसी कार्यालय के बाहर तैनात पुलिसकर्मी ने दौड़कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा। इसके बाद पुलिस के द्वारा उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीसी कार्यालय के बाहर आत्मदाह करने पहुंचे व्यक्ति की पहचान करमा



निवासी 45 वर्षीय सुरेश दास पिता स्व. रूपलाल दास के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुरेश दास ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनके पड़ोसी नारायण दास से कुआं की पानी निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका मामला एसडीओ कोर्ट में भी पहुंचा था। लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले नारायण दास ने करमा में आकर मकान का निर्माण किया। इस दौरान उनके द्वारा नारायण दास को अपने कुएं से घर निर्माण में पानी दिया गया। सुरेश दास ने आरोप लगाया है कि नारायण दास और उसके परिवार के लोग उसे जान मारने की भी धमकी देते हैं। इस मामले को लेकर न्याय नहीं मिलने पर वह गुरुवार की सुबह आत्मदाह करने उपायुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचा था।

#### गढ़वा के ओंकार सिंह का सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर में चयन, सांसद प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

## मेहनत को हथियार बनाये सफलता आपके पास होगी : चन्दन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के युवा न सिर्फ सिविल सर्विसेज, मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं बल्कि राष्ट्र की सेवा के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवा रहे हैं। गढ़वा की शान को बढ़ाते हुए जिला मुख्यालय के सोनपुरवा निवासी लाल ज्योतिष प्रताप सिंह के पुत्र ओंकार सिंह ने सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टरपर की परीक्षा उतीर्ण कर देश की सेवा करने के अपने दृढ़ संकल्प को पूरा किया है। ओंकार की इस उपलब्धि पर गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल की अध्यक्षता में स्टेशन रोड में आयोजित सम्मान समारोह में ओंकार सिंह को फूल-माला और माँ गढ़देवी का प्रसाद चुनरी



ओंकार सिंह को सम्मानित करते सांसद प्रतिनिधि

ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ साहिजना निवासी प्रेम दीवाना के पुत्र अक्षय महतो एवं रामचंद्र गोंड के पुत्र सूरज कुमार गोंड (बिट्टू) को भी सीमा सुरक्षा बल में चयन होने पर सम्मानित किया। ओंकार सिंह ने कहा कि वह स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (सीपीओ) की आयोजित परीक्षा में उतीर्ण हुआ है। उसके बाद उसका चयन सीआरपीएफ सब इंस्पेक्टर के रूप में किया गया है। इस मौके पर चन्दन जायसवाल ने कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत और लगन जरुरी है। यदि कोई युवा अपने दृढ़ संकल्प के साथ ईमानदारी से मेहनत करे तो एक दिन सफलता जरूर हासिल होगी। ओंकार सिंह, सूरज गोंड, अक्षय महतो ने मेहनत के बल पर सब इंस्पेक्टर एवं सिपाही बनने में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर मनीष कमलापुरी, पुष्परंजन, दौलत सिंह, नीतेश कुमार गुड्डु, संजय सिंह अग्रहरि, रुपेश गुप्ता, पिंटू चौबे, अनीश सिंह, मिथलेश ओझा, पिंटू प्रजापति, प्रीतम गोंड, भीम कुमार, सुभाष गोंड, गौरव जायसवाल, हनी गुप्ता सहित कई लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें शुभकामना दी।

## एक नजर में

### भद्रकाली महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता पखवाड़ा का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में एन ?एस ?एस इकाई क एवं क्क के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। तत्पश्चात एन ?एस ?एस का लक्ष्य गीत का समूहगान हुआ । अपने अध्यक्षिय भाषण में प्राचार्य ने कहा कि साक्षरता को दूर करने के लिए प्रयास जारी है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को एक निरीक्षक व्यक्ति को साक्षर बनाने की शपथ दिलाई। प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी ने कहा कि यूनेस्को के द्वारा 8 सितंबर 1967 से अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पूरे विश्व में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि निरक्षरता एक वैश्विक चुनौती है तथा समाज के लिए अभिशाप है। परिवर्तनशील दुनिया में साक्षरता को बढ़ावा देना स्थाई और शांतिपूर्ण समाज का नव निर्माण करना अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2023 की थीम है।

### किसी भी परिस्थिति में नदी घाटों से बालू का उठाव बर्दाश्त नहीं की जाएगी: डीसी




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई। उन्होंने कहा एनजीटी न्यायादेश के अनुसार मानसून सत्र दिनांक 10 जून, 2023 से 15अक्टूबर, 2023 तक की अवधि में नदी घाटो से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। किसी भी परिस्थिति में नदी घाट से बालू के उठाव मामले को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिला खनन टास्क फोर्स एवं अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स सक्रिय मोड में रहकर जिले में बालू के उठाव पर नियंत्रण लगाने हेतु 247 औचक जांच अभियान चलाएं। नदी घाट से अगर कोई भी बालू का उठाव करते पकड़ा जाता है तो वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होंने उपस्थित सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि को कहा परियोजना से चलने वाली कोयला लोड वाहन में वाहन चालक के पास ट्रांसपोर्टिंग चलान रहे यह सुनिश्चित करें।

### भारतीय संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिम्ब है हिन्दी : एमपी केशरी



बच्चों को सम्मानित करते उप प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त शहर के जीएन कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। अपने जीवन में हिंदी भाषा को समृद्ध कैसे बनाए विषय पर जूनियर विंग में सुलेख लेखन प्रतियोगिता तथा सीनियर विंग में निबन्ध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उप प्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती की चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि भाषाई विविधता हमारे देश की समृद्ध परंपरा है।

हर क्षेत्र में संपर्क भाषा के रूप में लोगों की जुबान पर हिन्दी भाषा चढ़ी हुई है। हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिन्दी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सरल भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा भी है।

### युवा किसी भी परिस्थिति में स्वयं को सशक्त और समृद्ध बना सकता है: बिरजू



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मुख्यमंत्री विद्यालय चतरा के प्रांगण में जिला स्तरीय मेगा युवा उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता व ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सीआरपीएफ 190 बटालियन के सीओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम अमृत काल के पंच प्राण की थीम पर आयोजित किया गया था।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'युवा शक्ति से जन भागीदारी' की भावना से 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाना और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में देश के युवा कलाकारों, लेखकों, फोटोग्राफरों और वक्ताओं की एक बिरादरी बनाना था।

इस आयोजन में पाँच रोमांचक प्रतियोगिताएँ शामिल थीं, अर्थात युवा कलाकार शिविर, पेंटिंग, युवा लेखक प्रतियोगिता - कविता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता और समूह सांस्कृतिक उत्सव युवा केंद्र के उपनिदेशक ललिता कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी और कहा कि मेगा युवा उत्सव जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को एक मंच प्रदान करता है।

# स्पीड न्यूज

## पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है: बीडीओ


पौधारोपण करते बीडीओ राकेश सहाय।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीओ राकेश सहाय ने प्रखंड और अंचल कर्मियों के साथ पौधारोपण किया। जहां बीडीओ ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग है बिना पेड़ पौधों के मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मानव द्वारा वनों को अंधाधुंध काटने से आज मौसम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग का प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिल रहे हैं। हर जगह मौसम में व्यापक परिवर्तन आया है। वहीं उन्होंने औषधीय पौधों के लगाने पर बल देते हुए कहा कि यह पौधे जीवनदायिनी हैं। इस दौरान बीडीओ ने कर्मियों के साथ आंवला के दो पौधे लगाए और पौधों के संरक्षण करने का संकल्प दिलवाया। वहीं उन्होंने आम लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि आप सब बढ़ चढ़कर पौधारोपण में सहयोग करे।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ समापन विजेता हुए पुरस्कृत

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में चल रहे प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुआ। जहां प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र छात्राओं ने सभी तरह के खेल मे भाग लेकर अपना अपना प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र, व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सीआरपी प्रकाश यादव, बीआरपी अनुपमा कुमारी शिक्षक अशोक राम उत्तम कुमार पांडेय, अजय बैठा, प्रदीप खलखो, स्त्रीस्टोफर खलखो, श्याम नंदन राम, एमरजेंसीया कुजूर, बाबूलाल कुजूर, संजीव कुमार, सोनम स्वेता तिर्की, अविनाश राम, चंद्र प्रकाश पांडेय, अशोक राम, प्रेम जीवन धर लकड़ा, सुरेश उरांव अनिल कुमार सुमन सहित अन्य शामिल थे।

## सर्पदंश से व्यक्ति की हुई मौत

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम नावाटोली रेगाई के रहने वाले रविन्द्र नगेसिया पिता राजेश्वर नगेसिया की गुरूवार को जहरीला सांप के काटने से मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक रविन्द्र नगेसिया गत मंगलवार को अपने ससुराल चीरोपाठ जा रहा था। रास्ते में ही मौजूद सांप ने काट दिया। सांप काटे जाने की जानकारी होते ही मृतक के ससुराल वालों ने सरकारी अस्पताल ले जाकर उपचार कराने के बजाय सर्वप्रथम झाड़-फूंक का सहारा लिया, इससे व्यक्ति तो ठीक हुआ नही अपितु सांप का जहर पुरे शरीर में फैल गया। बाद में स्थिती बिगड़ते देख परिजनों ने आनन-फानन में कार्मेल हॉस्पीटल महुआडांड लाये पर स्थिती को बिगड़ते देख चिकित्सकों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। वही उपचार के दौरान आज गुरूवार को रविन्द्र नगेसिया की मौत हो गई।

## अनुमंडल कार्यालय के सामने से मोटरसाईकल का हुआ चोरी

**लातेहार।** अनुमंडल कार्यालय के सामने सोमवार को स्पलेन्डर प्रो जेएच 19 ए 4719 मोटरसाईकल चोरी हो गया। आवेदक गंगा प्रसाद यादव ग्राम मटलोंग (मनिका) ने बताया कि मै लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में जरूरी काम से आया था और कार्यालय के सामने अपनी मोटरसाईकल स्पलेन्डर प्रो खड़ा किया था जब मैं काम करके लौटा तो देखा कि मोटरसाईकल गायब है। आवेदक ने आवेदन देकर थाना प्रभारी से कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में मौके पर मौजूद माले नेता गोपाल प्रसाद ने कहा कि इन दिनों मोटरसाईकल की चोरी बढ़ गई है। प्रशासन को त्वरित कारवाई करते हुए चोर को अपने गिरफ्त में लेने की जरूरत है नहीं तो चोरों की मनोबल और भी बढ़ता चला जायेगा।

## मधुमक्खी के काटने से युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बचरा ग्राम में गुरुवार को मधुमक्खी के काटने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार कमल सिन्हा 40 वर्ष पिता सदानंद सिन्हा ग्राम बचरा थाना बारियातु निवासी अपने धान के खेत में गया था। जहां अचानक मधुमक्खियां के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद के द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार किया गया।

## एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के सेमर चौक से आगे स्थित पुल के नीचे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा था कि शव दो-तीन दिन पुराना है जिसका सर कुचला हुआ है और नग्न स्थिति में है,मृतक व्यक्ति का उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच में होगा शव पुराना होने के कारण गलने भी लगा था। वहीं आसपास रहने वाले कुछ ग्रामीणों के द्वारा दिन गुरुवार को लगभग 12:30 बजे शव को देखा गया जिसके बाद पत्रकारों के द्वारा इसकी जानकारी थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह को दी गई जिसके तुरंत बाद ही थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह एसआई प्रदीप कुमार राय,एएसआई मिश्रा मांझी अपने दलबल के साथ मृतक व्यक्ति के शव स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। पुलिस हर मामले की हर पहलू पर गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल की जा रही है।

# विधायक बैद्यनाथ राम ने स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन

- सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं व योजनाओं का लाभ जरुरतमंद व्यक्ति को मिले: बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक बैद्यनाथ राम।


बीपी जांच करवाते विधायक बैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक बैद्यनाथ राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं व योजनाओं का लाभ जरुरतमंद व्यक्ति को मिले इस उद्देश्य से जिला अंतर्गत 14 सितंबर से 18 सितंबर तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न स्टॉल लगाकर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लोगों को दी जाएगी। प्रखंड स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, टीबी नियंत्रण, परिवार कल्याण, मलेरिया, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी जांच (आंख, कान, गला), अंधापन की रोकथाम (आंखों की जाँच) धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद के सेवन के दुष्प्रभाव, कैंसर नियंत्रण हेतु जागरूकता, व्यक्गित/ पर्यावरणीय स्वच्छता, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पुर्नवास, पोषण के लिए परामर्श, आरटीआई, एसटीआई, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी इत्यादि सेवाएं प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर एवं दवा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य मेला का लाभ लेने की अपील किया। विधायक श्री राम ने स्वास्थ्य मेले में लगे सभी 16 स्टॉलों का अवलोकन कर जानकारी लिया। इस दौरान लगभग 464 लाभुकों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया एवं दवा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान शिशु रोग, किशोरी स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, नेत्र रोग, दंत रोग, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, डायबिटीज समेत अन्य रोगों की जांच की गई। स्वास्थ्य मेला में 14 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एसएन चौधरी सांसद प्रतिनिधि राजन तिवारी, जिप सदस्य विनोद उरांव, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, डीपीएम वेद प्रकाश, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक पांडेय, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दीपक कुमार, डॉ. सौभना टोपनो, सुनील कुमार मुख्य रूप से कार्यक्रम में मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड अंतर्गत चेटर स्टेशन के समीप डाउनलाइन पोल संख्या 194/36/38 के बीच बीती देर रात्रि ट्रेन से कट कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। ट्रेन से व्यक्ति के काटने के बाद डाउन लाइन पर परिचालन बाधित हो गया। चेटर रेलवे कर्मियों के द्वारा टोरी एसएस रंजीत कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद टोरी आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंचकर शव को रेलवे ट्रैक से हटाया व आवा गमन सामान्य कराया। इस दौरान 19:30 बजे से 20:25 बजे तक लगभग 55 मिनट तक रेल परिचालन बाधित रहा। इधर टोरी सीआरपीएफ के द्वारा घटना की सूचना दिए जाने के बाद जीआरपी बरकाखाना की टीम घटना स्थल पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पूर्व विधायक प्रकाश राम ने किया मिट्टी संग्रह

# लातेहार विस के पवित्र स्थल की मिट्टी को समर्पित किया जाएगा


मौके पर मौजूद पूर्व विधायक प्रकाश राम व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** पूर्व विधायक प्रकाश राम गुरुवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड के निंद्रा, काली, ढोटी और बैलगड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने स्वतंत्रता सेनानीयों के घरों से पवित्र मिट्टी संग्रहित किया। प्रकाश राम सर्वप्रथम निंद्रा गांव स्थित शहीदों के स्मारक स्थल पंहुचे जहां वीर शहीदों को नमन किया। इसके उपरांत स्वतंत्रता सेनानी एतवा टाना भगत के घर से मिट्टी और चावल संग्रहित करने की शुरूआत की गयी। उनके वंशजो ने पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए अपने घरों से मिट्टी और चावल दिया। मौके पर प्रकाश राम ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोई सरकार है जो स्वतंत्रता सेनानियों की सुध ले रही है। यह सौभाग्य की बात है कि दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका में लातेहार विधानसभा के पवित्र स्थल की मिट्टी को समर्पित किया जाएगा।

### शहीदों के घर से की जा रही मिट्टी संग्रहित

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले व्यक्ति के गांवों के पवित्र मिट्टी को संग्रहित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की। मौके पर जिप सदस्य प्रतिमा देवी, शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, राजेन्द्र यादव, संजीव आजाद, रविराज, शैलेश सिंह, रवि सिंह, मुखदेव गोप, राजू उरांव, बिनय कुमार रिक्की, मनीष गुप्ता, सूर्यनारायण साहू, संजय साहू, जमुना चौधरी, राजेन्द्र यादव, रविंद्र यादव, छोटू कुमार, राजन भगत, सुरेश यादव, सुनील मुंडा, शंकर मुंडा,रामकिशुन गंझु,अजित मुंडा, अनुरोध कुजुर समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

### इनके घरों से ली गयी मिट्टी और चावल

अभियान के तहत डूमारो पंचायत के काली, निंद्रा, बैलगड़ा और ढोटी गांव के भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, टिबारा टाना भगत, छोटेया टाना भगत और धोलवा टाना भगत के घर से मिट्टी संग्रह की गयी। उनके वंशजो के द्वारा चावल दिया गया।

## एक नजर में

### पूर्वी जिप सदस्य एवं प्रमुख प्रतिनिधि ने डीलर को दिया 5 दिनों के अंदर राशन वितरण करने का निर्देश


ग्रामीणों की समस्या को सुनते प्रतिनिधि।

**चंदवा।** हुटाप पंचायत अंतर्गत एक महुआ गांव के ग्रामीण राशन वितरण में अनियमित के मामले को लगातार तीसरे दिन भी आंदोलन किया। ग्रामीण आंदोलन की सूचना के बाद चंदवा पूर्वी जिला परिषद प्रतिमा देवी के प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव के प्रतिनिधि राजू उरांव राशन कार्ड धारी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। कार्डधारियों ने बताया कि डीलर विगत जुलाई, अगस्त व सितम्बर माह का राशन का वितरण नही कर रहा है, जबकि लाभुक अंगूठा लगा चुके हैं। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद जिप सदस्य के प्रतिनिधि व प्रमुख प्रतिनिधि ने डीलर को 5 दिनों के अंदर सभी लाभुकों को राशन वितरण करने का निर्देश दिया साथ ही प्रत्येक माह समय राशन वितरण करने की बात कही। कहा कि अगर डीलर अपने कार्य प्रणाली सुधार नहीं लाएंगे तो लाइसेंस रद्द करने को लेकर जिले के अधिकारियों को पत्राचार भी किया जाएगा। बता दें कि एक महुआ के ग्रामीण विगत 3 दिनों से राशन वितरण करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, पूर्व में बीडीओ से भी मिलकर ग्रामीणों ने राशन वितरण कराने की गुहार लगाए थे।

### जमीन विवाद में जान माल की रक्षा को लेकर प्रशासन से लगाई गुहार

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत के परसाही निवासी ननकू मियां पिता नूरुद्दीन मियां उर्फ बंदर मास्टर ने अंचलाधिकारी के नाम आवेदन देकर जमीन विवाद के मामले में जानमाल की रक्षा को लेकर गुहार लगाई है। आवेदन में ननकु मियां ने कहा है कि परसाही ग्राम निवासी मुन्ना गंझू पिता स्व. लरेवा गंझू ने परसाही गांव में घर बनाने के लिए 50000 रुपये में 5 डिसमिल दिया और कहा कि जल्द ही भूमि का पक्का कागज बनवा देंगे। वर्तमान में मैं उक्त जमीन पर घर बना कर रहा भी रहा हूं। मुन्ना गंझू से जमीन का कागजात बनवाने और रजिस्ट्री करने के लिए कहने पर वह गाली गलौज करता है और जान से मारने की धमकी भी देता है। इसी को लेकर विगत जून माह में नोंकझोक हुआ था, तो गांव के हीं विजय शर्मा नामक युवक को ललकार मारपीट भी करवा दिया था। बुधवार को पता चला की जमीन को लेकर कोर्ट में वाद चल रहा है व जमीन लाल धनंजय नाथ शाहदेव वैगरह के नाम दर्ज है, इस बात को जब मैं पूछने वहां पहुंचा तो मुन्ना गंझू व विजय शर्मा ने घर से लाठी निकाल कर मुझे दौड़ा दिया। वर्तमान में दो बाहरी व्यक्तियों से मुन्ना गंझू व विजय शर्मा रुपए लेकर घर भी बनवा रहे हैं। इन्होंने मामले में उपरोक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और जानमाल की रक्षा करने की गुहार अंचलाधिकारी से लगाई है। मामले में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है, जांचोपरांत मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### करादे लीग-2 में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों का टोरी जंक्शन में हुआ स्वागत



**चंदवा।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 8 से 11 सितम्बर तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर खेल कराटे लीग सीजन-2 प्रतिस्पर्धा में झारखंड के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का परिचय देते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया और पूरे देश में झारखंड की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतिस्पर्धा में झारखंड की टीम ने तीन स्वर्ण, 12 रजत और 12 कांस्य पदक सहित 27 मेडल प्राप्त किये। खेल कराटे लीग के फऊंडर धनंजय त्यागी ने झारखंड की टीम को सम्मनित करते हुए ट्रॉफी प्रदान किया गया। प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करने के बाद गुरुवार की सुबह ट्रेन से सभी खिलाड़ी टोरी जंक्शन पहुंचे जहां खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर कोच अमित कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**इन खिलाड़ियों ने लहराया सफलता का परिचय:** बेहतर प्रदर्शन करने वालों में रितीक ठाकुर, प्राची कुमारी व अभिषेक उराव ने गोल्ड, वहीं पल्लवी कुमारी, अलीशा टोप्पो, प्रीति उराव, सुषमा कुमारी, सिफा स्वीटी, राजकुमारी, आस्था कुजूर, रोशनी कुमारी, अदिति केरकेट्टा, नितेश उराव, पल्लवी कुमारी, सोनिका कुमारी, रोशनी मुंडा, नीतू, खुसबू, प्रियंका, अनामिका, प्रेमी, सरस्वती, कुंदन, चित्र लेखा, कविता, फूल कुमारी, अंशु भगत ने रजत व कांस्य पदक हासिल किया। इनमें ज्यादातर खिलाड़ी लोहरदगा व लातेहार जिले के शामिल हैं।

## लगातार दूसरी बार छेंचा दुगार्पूजा समिति के अध्यक्ष बनाए गए अनूप गुप्ता


अनूप गुप्ता (अध्यक्ष)।

**बरवाडीह।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुगार्पूजा के सफल आयोजन को लेकर छेंचा दुर्गा मंडप के प्रागंण में बुधवार की देर शाम वरिष्ट समाजसेवी यमुना सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में पिछले वर्ष आयोजन में हुए खर्च के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी अनूप गुप्ता को उनके पिछले कार्यकाल में किए उत्कृष्ट भूमिका को देखते हुए लगातार दूसरी बार दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष बिरेंद्र जयसवाल व कुंदन कुमार यादव, सचिव राना प्रताप सिंह, उप सचिव रविंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष मंगरू सिंह, उप कोषाध्यक्ष अनिल कु सिंह, व्यवस्थापक अशोक सिंह, पंकज गुप्ता, जयपाल प्रसाद, अनंत कुमार, अमरेंद्र रजक, प्रमोद रजक, उदित कुमार, उत्तम कुमार, श्रीकांत रजक, रूपेश कुमार सिंह और विश्वजीत विश्वकर्मा को बनाया गया। इसके अलावा मुख्य संरक्षक के रूप में नंदकिशोर प्रसाद, रामचंद्र साव, यमुना प्रसाद, ईश्वर दयाल सिंह, जगदीश प्रसाद, शंभू प्रसाद, रामनरेश सिंह और राजकिशोर प्रसाद को बनाया गया। जहां अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने बताया कि दुगार्पूजा के सफल आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी लोगों के सहयोग से इस वर्ष भी दुगार्पूजा को सफल बनाया जायेगा। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाएगा।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में की गई खानापूर्ति

खबर मन्त्र संवाददात


बारिश से बचने के लिए भागते कर्मी व मरीज।

**बालूमाथ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला खानापूर्ति बनकर रह गया। बालूमाथ सीएचसी अंतर्गत में तीन दिनों तक चलने वाले इस स्वास्थ्य मेला के प्रथम दिन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण अवस्था का आलम देखने को मिला। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो को यह बताया गया था कि इस स्वास्थ्य मेला में हर तरह के बीमारी का ईलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। लेकिन इस स्वास्थ्य मेला में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नजर नहीं आए। बालूमाथ में प्रत्येक दिन ओपीडी में ईलाज करने वाले चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सक ईलाज करते देखे गए। हद तो तब हो गई की बालूमाथ में पदस्थापित सरकारी चिकित्सक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ इस मेले में आना उचित नही समझा। स्वास्थ्य मेला में प्रचार-प्रसार के नाम पर मात्र एक दिन प्रचार वैन को घुमा कर खानापूर्ति कर लिया गया। उद्घाटन के समय बारिश होने के कारण बिना वाटरप्रूफ पंडाल में रखे दवाइयां भींगने लगी तो स्वास्थ्य कर्मियों ने स्लॉट में लगाए गए बैनर से ही ढककर किसी तरह बचाते हुए देखा गया। वहीं दूर- दराज से आये मरीज इधर-उधर भागते नजर आए। ग्रामीण अम्बिका यादव ने बताया कि सरकार द्वारा इस मेला को आयोजन करने के लिए राशि आवंटन दिया जाता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मी पैसे का बंदर बाट करने की नीयत से सिर्फ एक छोटा सा बिना वाटरप्रूफ का पंडाल लगा दिया। जिससे मरीजों को काफी परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रचार प्रसार भी नहीं कराया गया है। ज्ञात हो कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले कई महीनो से अव्यवस्था का आलम झेल रहा है। इस संबंध में प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने कहा कि हम लोगों द्वारा जिला से विशेषज्ञ चिकित्सकों की मांग की गई थी लेकिन जिला द्वारा एक भी चिकित्सा उपलब्ध नहीं कराया गया। डॉक्टर संजय सिद्धार्थ को आज के मेला में रहना चाहिए था। कार्यक्रम शुरू होते ही बारिश होने लगी जिस कारण कुछ देरी के लिए अव्यवस्था का आलम बना था। जिसे बाद में सुधार लिया गया।

## सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं, झूठ से बढ़कर कोई पाप नहीं : मधु सुदन


मधु सुदन चार्य।

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम स्थित दुर्गा मंडप भवन परिसर में चल रहे चतुर्मास कार्यक्रम मे मधु सुदन चार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कहा की सत्य से बढ़कर कोई धर्म नही, झूठ से बढ़कर कोई पाप नहीं है। कार्यक्रम मे प्रतिदिन सैकड़ो महिला पुरुष श्रदालू भाग ले रहे है। चातुर्मास व्रत श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं धर्म सम्मेलन भव्य आयोजन में चातुर्मास व्रत अनुष्ठान में त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से आए हुए स्वामी मधुसुदनचार्य ने बताया की माटी की कया माटी में मिल जाएगी न सोना काम आएगा न चांदी आएगी, जब अपने मन में दूसरे के लिए कल्याण की भावना तथा धर्म की भावना हो जाए तो समझ लीजिए की अपना घर बैकुंड हो गया, यहां सब कुछ है स्वर्ग, नर्क, जगमान, बैकुण्ड सब यही पर हैं। वहीं पिछले दो माह से श्रदालुओं को श्रीभद कथा सुनाकर सभी को भक्तिमय कर दिया। मौके पर संजय लोहार, डब्लू सिंह, बाजरंगी कुमार, ऋषि सिंह, मोतीलाल यादव, कुलदीप यादव, उदय सिंह, कन्हाई सिंह, प्रहलाद सिंह, बब्लू सिंह, दिलीप सिंह, विशुनदेव गंझू, गुरु यादव, जयप्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, अभिमन्यु सिंह, सनोज सिंह, रजन सिंह सहित काफी संख्या में महिला पुरुष भाग ले रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्वाभिमान की भाषा है हिंदी : डॉ. फादर जोस

**महुआडांड़।** संत जेवियर महाविद्यालय, महुआडांड, में गुरुवार को हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग के विद्यार्थियों के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन और मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के पावन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम के जोस तथा हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष अभय सुकुट डुंगडुंग एवं सहायक प्राध्यापक तथा प्राध्यापिकाओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान दिया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने भारतेंदु द्वारा रचित 'अंधेर नगरी चौपट राजा' नाटक का मंचन भी किया। मंच संचालन अनुज लकड़ा, अंशु ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पिंकी केरकेट्टा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से फादर डॉ. समीर टोप्पो, कैसलीन जूलियट, फादर डॉ. राजीप, जाफर इकबाल, रीमा रेणु, प्यारी कुजुर, खुर्शीद खान, अमृत मिंज, मैक्सन्टियस कुजुर आदि समेत अन्य गणमान्य प्रोफेसर एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## व्यवसायिक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिप सदस्य और बीडीओ से की मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

# जर्जर बाजार शेड का जीर्णोद्धार कराना हमारी पहली प्राथमिकता: संतोषी शेखर

- विद्युत पोल की सभी खराब लाइट को कराया जाएगा दुरुस्त : राकेश सहाय

खबर मन्त्र संवाददाता


बीडीओ को मांग पत्र सौंपते व्यवसाई।

**बरवाडीह।** बरवाडीह बाजार और बस स्टेंड के व्यवसायियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु गुरुवार को बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बरवाडीह जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और बीडीओ राकेश सहाय से मुलाकात करते हुए उन्हें समस्याओं से अवगत कराया और जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण हेतु एक मांगपत्र सौंपने का काम किया। मांग पत्र के माध्यम से नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि लगभग एक दशक से पूरी तरह से जर्जर हो चुके बाजार शेड का नव निर्माण या जीर्णोद्धार कराने की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि दुकानदार अपनी जान जोखिम में डालकर शेड के नीचे दुकान लगाते है। जिस कारण दुकानदारों के साथ ग्राहकों के ऊपर भी खतरा मंडराता रहता हैं। वहीं उन्होंने बाजार शेड से पानी निकासी और अंबेडकर चौक से आदर्श नगर मोड़ तक पानी निकासी की समस्या को लेकर नाली निर्माण कराने की मांग की। जिप सदस्य ने इसके लिए जल्द से जल्द योजना बनाकर समस्याओं के समाधान कराने को लेकर आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि व्यवसायिक हित में जर्जर शेड का जीर्णोद्धार कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

### बीडीओ ने संबंधित विभाग को दिया लाइट दुरुस्त कराने का निर्देश

इसके अलावा बाजार और बस स्टेंड अंतर्गत सभी विद्युत पोल पर खराब पड़े लगे लाइट को बदलने या मरम्मती कराने को लेकर भी एक मांगपत्र जिला परिषद सदस्य और बीडीओ राकेश सहाय को सौंपा गया। जहां जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर और बीडीओ राकेश सहाय ने संबधित विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर जल्द से जल्द लाइट को बदलने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य समस्याओं के समाधान कराने हेतु भी शीघ्र आवश्यक कारवाई करने को लेकर आश्वस्त किया गया।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद प्रतिनिधिमंडल

ज्ञापन सौंपने के दौरान विनोद प्रसाद, कृष्णा कसेरा, रवि गुप्ता, हसीब अहमद, दिप्लेश सिंह, सोनू सरदार, स्वरीत छाबड़ा, रिक्की गुप्ता, बिरेंद्र ठाकुर, राजेश वर्मा, राहुल गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, राज सिंह, मदन चाचा, फिरोज अहमद, सूरज मल्होत्रा और साहेबजान अंसारी समेत समिति के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## हाइवा के धक्के से घटनास्थल पर लड़की की मृत्यु

**गोड्डा।** आज सुबह प्रियंका कुमारी उम्र 18 वर्ष अपनी साइकिल से कॉलेज पढ़ने जा रही थी। इसी बीच तेजी से आ रही एक हाइवा से धक्का लग जाने के कारण उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की खबर मिलते ही उसके पिता और अन्य रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंचे साथ ही नगर थाना पोलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। लड़की के पिता ने अपना घर देवसुंधी थाना मुफस्सिल बताया और सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## उपायुक्त को ज्ञापन देकर इलाज के लिए पैसे की मांग

**गोड्डा।** गोड्डा जिला से तमिलनाडु के फैक्ट्री में ठेकेदारों के माध्यम से काम करने गये 6 मजदूरों को वहां जाने पर मजदूरों के साथ मार पीट की घटना को अंजाम दिया गया और उनके मोबाइल और रुपए छीन लिए गए और घर से पैसा मंगवाने के बाद उन्हें छोड़ा गया। ऐसा आरोप उन मजदूरों द्वारा यहां आने के बाद लगाया गया। आज समाहरणालय पहुंचे एक व्यक्ति आर्यन ने गोड्डा उपायुक्त से मिलकर एक ज्ञापन देते हुए उपायुक्त से इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है कि झारखंड सरकार और गोड्डा उपायुक्त से तमिलनाडु सरकार और उक्त ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग के साथ घायल हुए मजदूर की चिकित्सा के लिए (50,000) पचास हजार रुपए की मांग की है।

## झारखंड की संस्कृति को देश दुनिया में अलग पहचान दिलाना है : आर्या

**कुन्दा (चतरा)।** देश दुनिया में विख्यात होने को लेकर लोग एक से बढ़कर एक कार्य करना चाहते हैं। लेकीन एक ऐसा भी युवक है जो हाथ मे तिरंगा लिए झारखंड का पदयात्रा कर ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का इतिहास व विभिन्न जिलों की भाषा संस्कृति का जानने का जुनून है। वहीं यह युवक बोकारो जिले के जैनामोड़ निवासी आर्या गुप्ता है जो अब तक झारखंड के 14 जिले बोकारों, रामगढ़, राँची, सरायकेल खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा से कुल 3300 किलोमीटर पैदल यात्रा कर चुका है। वही युवक ने पलामू के पांकी होते हुवे कुन्दा पहुंचा वही महादेव मठ के राजा किला व ऐतिहासिक स्थल के महादेव मठ की इतिहास की जानकारी ली। वही आर्या ने बताया की मैंने विभिन जिलों का भर्मण किया हूँ झारखंड के लोग मेहनती हैं और इनकी संस्कृति झारखंड को अलग पहचान दिलाएगी। यहाँ की ऐतिहासिक,पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थलों, पुरातात्विक, पौराणिक स्थल को देश दुनिया में अलग पहचान मिले ।इसे को लेकर मैं प्रयासरत हूँ।

## हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड संभाग में गुरुवार को हिंदी दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस हारों ने किया। जिसमें 55 प्रशिक्षुओं ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया। सत्र 2022 - 24 के प्रशिक्षुओं द्वारा हिंदी दिवस के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम में भागीदारी ली। जिसमें बीएड विभाग के सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

## पटना में फिर लौट आया डिज्नीलैंड मेला

**पटना।** शहरवासियों के मनोरंजन के लिए एक बार फिर से डिज्नी लैंड मेले का आयोजन किया गया है। मेले के आयोजक संग्राम सिंह ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा के बाद तक यह मेला शहर में रहने वाला है। इस बार फन एंड फेयर नाम से लगे इस मेले में खाने-पीने के कई स्टॉल के साथ पहनने-ओढ़ने के कपड़ों का भी खास स्टॉल सजाया गया है। साथ ही युवाओं के मनोरंजन के लिए कई देशी-विदेशी झूले भी लगाए गए हैं। इस फन एंड फेयर मेले का आयोजन स्थल इस बार शहर के बीचों-बीच इस्कॉन मंदिर के पास रखा गया है। आयोजनकताओं की मानें तो दुर्गा पूजा में डाक बंगला चौराहा तक घूमने आने वाले लोग भी आराम से यहां तक पहुंच पाएंगे।

# रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से आइजीआइएमएस जाना हुआ आसान

### कैंपस में भी चलेगी बस




**पटना।** राजधानी के आइजीआइएमएस में इलाज कराने आने वाले परिजनों को कैम्पस से ही बस की सुविधा मिलने वाली है. आइजीआइएमएस को अलग-अलग रूटों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा मिलने वाली है। इससे मरीजों और परिजनों को मुख्य गेट से कैंपस में करीब 1-2 किमी पैदल चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल के कैंपस से ही पटना की अलग- अलग जगहों के लिए बस की सुविधा मिल जाएगी। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने आइजीआइएमएस में जाकर रूटों का जायजा लिया और रनिंग स्टॉपेज के तहत परिसर से बसों को चलाने की योजना की घोषणा की। आइजीआइएमएस आने और यहां से लौटने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बस पकड़ने के लिए आईजीआईएमएस के मुख्य द्वार तक सड़क पर (नेहरू पथ पर) भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगा। आम लोगों की सुविधा को देखते हुए परिवहन विभाग ने सिटी बस सर्विस रुट से आईजीआईएमएस कैंपस को जोड़ने का निर्णय लिया है। आइजीआइएमएस के मुख्य गेट से गुजरने वाली बसें अब कैंपस में चक्कर लगाकर आगे की ओर जाएगी। इससे पटना और दानापुर जंक्शन, गांधी मैदान और बैरिया बस स्टैंड जाने के लिए मुख्य सड़क तक मरीजों को पैदल बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, एयरपोर्ट के रूट को भी जोड़ने की तैयारी रहेगी। डॉ. मनीष मंडल ने कहा कि जहां से बसें चलेंगी, वहां के लिए कॉरिडोर का निर्माण कार्य 85% तक पूरा कर लिया गया है। बाकी काम भी 10 दिनों में पूरा कर लिया जायेगा। रनिंग स्टॉपेज के तहत आईजीआईएमएस कैंपस से 5 इलेक्ट्रिक और 5 सीएनजी बसों को चलाने की योजना बनाई जा रही है। इन बसों का परिचालन 20 फेरा किया जाएगा, जबकि, करीब 10 मिनट का स्टॉपेज देने की योजना बनाई जा रही है। इस महीने के अंत तक यह सुविधा उपलब्ध होने की संभावना है। आपको बता दें कि दानापुर से आईजीआईएमएस का किराया 13 रुपए, गांधी मैदान से 13 रुपए, पटना जंक्शन से 9 रुपए, बैरिया बस स्टैंड से 20 रुपए होगा।

# एसकेएमयू में उत्साहपूर्वक मना हिंदी दिवस





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में हिंदी दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ विनय कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ पीपी सिंह उपस्थित रहे। हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ अजय शुक्ल , डॉ अमीर हसन, डॉ राजेश प्रसाद और छात्रों ने भी बढ़ -चढ़ कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम की शुरूआत हिंदी विभागाध्यक्ष ने हिंदी दिवस की महत्ता और इस भाषा को लेकर हो रही राजनीति और आर्थिक मजबूरियों की चर्चा करते हुए बताया कि यदि हम हिंदी भाषी राज्यों के निवासी हिंदी के पक्ष में खड़े होते हैं तो हल्के से लिया जाएगा। जबकि गुजरात राज्य का नरेंद्र मोदी जब गुजराती भाषी होते हुए हिंदी के पक्ष में खड़े हो हमेशा हिंदी में बोलते हैं, तो स्वाभाविक रूप से इस भाषा का महत्व बढ़ जाता है। मुख्य अतिथि डा. पीपी सिंह ने हिंदी के राष्ट्रभाषा के रूप में महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी स्वाभाविकता और सम्मान की चर्चा करते हुए अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में इसके विकास की जरूरतों को रेखांकित कर अटल बिहारी वाजपेई जी को याद किया। शिक्षक डॉ शुक्ल ने जोर- जबरदस्ती की जगह सरकार के त्रिभाषी सूत्र की जरूरत को बताया और हिंदी भाषा के विकास में सिंधु सभ्यता से लेकर इसके बाद के अखिल भारतीय स्वरूप को स्पष्ट किया। विभाग के शिक्षक डॉ अमीर हसन ने स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीयता के विकास के परिप्रेक्ष्य में हिंदी भाषा के महत्व को समझाया और हिंदी भाषा के विकास को समझाते हुए इसकी स्वाभाविक जरूरतों पर बल दिया। विभाग के शिक्षक डॉ राजेश प्रसाद ने बताया कि भाषा लिपि नहीं होती और लिपि से अलग हटकर हिंदी को देखें तो निसंदेह विश्व की यह सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

## एसपी कॉलेज में हिंदी दिवस पर हुई परिचर्चा

**दुमका।** एसपी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक परिचर्चा का आयोजन गुरुवार को आयोजित हुई। हिंदी भाषा के वर्तमान सरोकार विषय पर आयोजित परिचर्चा में कॉलेज के प्राध्यापक और छात्र प्रमुख रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि हिंदी के वर्तमान को अत्यधिक समृद्ध बताया। हिंदी वर्तमान में जन से लेकर राष्ट्र के सभी सरोकारों में समान रूप से शामिल है। कार्यक्रम को वनस्पति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ सैमुअल किस्कू ने कहा कि अहिंदी भाषी होने के बावजूद भी हिंदी वह भाषा है। जो उनके जीवन के सरोकारों को निर्मित करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक सह कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ ने कहा कि हिंदी संस्कारों को जोड़ने की भाषा है।

## विद्युत ऊर्जा चोरी करने के आरोप में दस लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**हंसडीहा।** विद्युत विभाग ने बुधवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के खसिया और बनियारा गांव में अभियान चलाकर अवैध रूप से विधुत का उपयोग कर रहे दस लोगों के उपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कनिय विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति प्रशाखा सरैयाहाट सत्यनारायण भोगता ने बताया है कि विधुत चोरी की रोकथाम के लिए कनिय विधुत अभियंता विधुत आपूर्ति प्रशाखा बासुकीनाथ नितेश कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम में मेरे अलावे कनीय सारणी पुरूष सरैयाहाट भोला प्रसाद, कनिय सारणी पुरुष रामगढ़ संतोष कुमार अकुशल श्रमिक सरैयाहाट इफ्तेखार अंसारी एवं आउट सोर्सिंग विधुत कर्मी को शामिल किया गया। छापेमारी टीम थाना क्षेत्र के खसिया गांव के गजाधर महतो बनियारा गांव के उपेंद्र रवानी, अर्जुन रवानी, लाल मोहम्मद और सलीमुद्दीन अंसारी को अवैध रूप से विधुत ऊर्जा का उपयोग करते पाया गया।

### स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग झारखंड के तहत

# जिलास्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गांधी मैदान में प्रतियोगिता का शूभारम्भ जिला खेल पदाधिकारी प्राण महतो ने मशाल जला कर किया । उन्होंने कहा कि खेल कूद द्वारा बच्चो का शारीरिक विकास तो होता ही है साथ ही बच्चे मानसिक रूप से मजबूत भी होते है साथ ही बच्चो में अनुशासन ,नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है तथा उनका समाजीकरण भी होता है। कार्यक्रम में उपस्थित गोड्डा अनुमंडल शिक्षा पधाधिकारी सौरव प्रकाश ने बच्चो को खेल भावना से खेलने को प्रेरित किया तथा शारीरिक शिक्षको को निष्पक्ष एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने को कहा। खिलाड़ियों द्वारा ओलंपिक शपथ आशिक इलाही ने ली, रेफरी द्वारा शपथ कोमल प्रसाद साहू, प्रशिक्षकों द्वारा शपथ अजय कुमार राय ने ली। प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी, वॉलीबाल और एथेलेटिक्स की प्रतियोगिता आयोजित हुई। वॉलीबाल अंडर 14 बालिका टीम की विजेता कन्या मध्य विद्यालय गोड्डा रही। अंडर 14 वॉलीबाल बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय नारायणपुर महागमा रही। कबड्डी अंडर 14 बालक वर्ग का खिताब उच्च विद्यालय मेहरमा ने जीता। कबड्डी अंडर 14 बालिका वर्ग का खिताब बोआरीजोड़ रही। प्रतियोगिता के आयोजन में शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनुपम मिश्रा, किशोर कुमार, संजय सोरेन, संजीव रंजन,रवि सिंह, विनय सिंह, नीरज सिंह, जय शंकर सिंह शेखर कुमार संजीव तिवारी, कुमार गौरव, गौतम कुमार, सुशील सिंह, राजेश पांडेय, के पी साहू, महानंद यादव, अशोक यादव, पिंकी गुप्ता, लीना सोरेन, पूजा कुमारी, सोनी कुमारी ने योगदान किया।

## लोहरदगा ने गोड्डा को 4-0 से हराया

**धुरकी।** झारखंड राज्य फुटबॉल संघ के तत्वावधान में गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड के अम्बाखोरेया खेल मैदान में लोहरदगा और गोड्डा के मैच खेला गया। जिसमें गोड्डा की टीम 4-0 से जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। फुटबॉल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सह धुरकी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

**सिमरिया।** प्रखंड के इचाक पंचायत में पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया कविता देवी ने फीता काटकर तथा गेंद को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच शीला और इचाक के बीच खेला गया। यह टूनार्मेंट न्यू विकास इचाक कि ओर से आयोजन किया गया है। मौके पर उपस्थित समाजसेवी सुरेश कुमार ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होती है इसलिए हमलोगो को खेल के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।

### मोटर साइकिल चोरों के गिरोह की श्रृंखला में

# पांचवा अभियोगी पुलिस के कब्जे में



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** मोटर साइकिल चोरों की सक्रियता से पुलिस और पब्लिक दोनो परेशान थी ।पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथूसिंह मीणा ने इसे भी एक चैलेंज के रूप में लेते हुए इस गिरोह और सरगना को पकड़ने के लिए अपनी जाल बिछाई और एक टीम गठित कर गिरोह की पहचान कर सरगना को हिरासत में लेने का निर्देश जारी किया। पिछले सप्ताह ही मुफ्फसिल थाना गोड्डा नगर थाना गोड्डा हनवारा थाना और बसंतराय थाने की जांच के बाद बड़ी कल्याणी थाना मुफ्फसिल निवासी चक्रवर्ती पकड़ा गया उसकी निशानदेही पर तीन अन्य व्यक्ति गिरफतार हुए आज पांचवा व्यक्ति सुभाष यादव उम्र 35 वर्ष पे० भोला यादव ग्राम-खवास पुर, थाना एकचारी दियारा, जिला भागलपुर बिहार को मेहरमा गोड्डा थाने में दर्ज कांडों के आधार पर हिरासत में लिया गया। उसके पास से एक टीवीएस राइडर ब्लू और ब्लैक रंग की बाइक बरामद हुई। पुलिस टीम में सुनील गोंड, अजीत कुमार दोनो पु अ नि थाना ललमटिया के साथ कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करूंगी : गीता कोड़ा

### कांग्रेस ने सांसद गीता कोड़ा को बनाया सिंहभूम लोकसभा का प्रभारी कांग्रेसियों ने दी बधाई




खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा को प्रदेश कांग्रेस ने सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया है। झारखण्ड कांग्रेस की हुई बैठक में सिंहभूम की सांसद के नाम पर सहमति बनी। प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी चौदह लोकसभा सीट के लिए संयोजक एवं प्रभारी की टीम पार्टी द्वारा तैयार कर गई है। सांसद गीता कोड़ा को प्रभारी मनोनीत किए जाने पर गुरुवार को कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन चाईबासा में उन्होंने पुष्प गुच्छ प्रदान कर बधाई दिया है। सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए प्रभारी मनोनीत किए जाने के बाद सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना है। इंडिया गठबंधन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। केंद्रीय कमिटी को क्षेत्र के मुद्दों से अवगत कराना और आइएनडीआइए के दलों से समन्वय को लेकर कार्य होगा। स्थानीय मुद्दे, जमीनी आकलन और पार्टी की मजबूती उनकी प्राथमिकता रहेगी। बधाई देने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, जिला महासचिव कैरा बिरुआ, विश्वनाथ तामसोय, जिला सचिव शंकर बिरुली, मोहन सिंह हेम्ब्रम, जगदीश सुंडी, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां, सिकुर गोप, कार्यकारिणी सदस्य राकेश सिंह, मथुरा चंपिया, हरीश चंद्र बोदरा, जुम्बल सुंडी, गोपाल बोदरा, ब्रज मोहन देवगम, सुशील दास आदि उपस्थित थे

## एक नजर में

## कंप्यूटर कर्मी के निधन पर शोक सभा

**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार के निधन पर गुरुवार को कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसके बाद कार्यालय को बंद रखा गया। शोक सभा में दो मिनट मौन रहकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नगर प्रबंधक राकेश कुमार पाठक ने कहा कि विकास कुमार नगर पंचायत का एक अच्छा कर्मचारी था, उसकी कमी हम सबको खलेगी। प्रधान सहायक अनूप कुमार तिवारी ने कहा की विकास कुमार कार्यशैली में बहुत अच्छा जानकार था, और मिलनसार व्यक्ति था, आकस्मिक निधन होना बहुत ही दुखदायक है।

## प्राचार्य और क्लर्क पर कैरियर बर्बाद करने का आरोप

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के बुका निवासी अमरेंद्र राउत के पुत्र शवलेश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी एवं क्लर्क चंद्रकांत पांडेय पर कैरियर बर्बाद करने एवं मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दिए आवेदन में शवलेश ने कहा है कि प्लस टू हाई स्कूल भवनाथपुर में नामांकन कराने गया हुआ था। जिसमे प्रचार्य अंकित त्रिवेदी द्वारा बोला गया कि जाओ क्लर्क चंद्रकांत पांडेय से मिल लो एडमिशन हो जाएगा। उसके बाद हम क्लर्क से मिले। क्लर्क आज आओ, कल आओ कह कर मुझे परेशान करते रहे। फिर जब सभी बच्चों का एडमिशन हो गया तब हमने कहा कि सभी का एडमिशन हो गया मेरा भी कर दीजिए। जिसके बाद मेरे एडमिशन फीस के बाद बतौर रिश्वत मेरे से दो हजार रुपये की मांग की गई। हमने काफी विनती की लेकिन मेरा एडमिशन नही किया और मेरा कागजात वापस कर दिया।

## अज्ञात बीमारी से पांच बच्चों के पिता की मौत

**धुरकी प्रतिनिधि।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटीदीरी गांव निवासी सुरेंद्र भुईयां की अज्ञात बीमारी से बुधवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र भुईयां पिछले तीन सालों से अज्ञात बीमारी से जूझ रहा था। इस घटना से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था, लोग चीत्कार मार कर रो रहे थे। मृतक के छोटे छोटे पांच बच्चे हैं। जिसमें तीन लड़की व दो लड़के हैं। उसके परिजनों को ढांढस बनाने के लिए गांव के जनप्रतिनिधि सहित बुद्धिजीवी, समाजसेवी मृतक के घर पहुंचे।

## धुरकी में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**धुरकी प्रतिनिधि।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर गुरुवार को धुरकी थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य बताते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि प्रत्येक माह में एक बार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जाता है ताकि कोई भी मोटर साइकिल सवार विस्फोटक सामग्री सहित किसी प्रकार का हथियार न ले जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि यूपी एवं छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र सहित प्रखंड के विभिन्न जगह पर बाइक सवार अपने डिग्गी में कोई भी हथियार, विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री न ले जा सके। यह सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय तीन पहिए एवं दो पहिए सवारी हेलमेट जरूर पहनें। उन्होंने बताया कि यदि बाइक से 500 मीटर की दूरी पर भी सफर करनी हो तो हेलमेट जरूर पहनें। क्योंकि हेलमेट दुर्घटना बचाव का सुरक्षा कवच है।

## प्रजापति भवन बनकर तैयार, मंत्री आज करेंगे उद्घाटन

**गढ़वा।** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक सह माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव ने कहा कि 15 सितंबर को संविधान सभा के सदस्य पदम श्री रत्नप्पा कुम्हार जी की जयंती के शुभ अवसर पर प्रजापति भवन तेनार गढ़वा का उद्घाटन किया जाना है। जिसका उद्घाटन 11 बजे दिन में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री मिथिलेश ठाकुर करेंगे। उन्होंने इसकी जानकारी प्रेस वार्ता में दी। मौके पर। समिति के जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रजापति अनूप प्रजापति मनोज प्रजापति ललन प्रजापति विकास प्रजापति रविशंकर प्रजापति संतोष प्रजापति विनोद प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दूर्घटना में एक महिला की हुई मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के पांडेय मोड़ समीप हुई सड़क दुर्घटना से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बचरा से 40 वर्षीय महिला बीणा शुक्ला पति अशोक शुक्ला अपने बेटा के साथ स्कूटी से टंडवा एनटीपीसी के संजीवनी अस्पताल में इलाजरत किसी रिश्तेदार को देखने आ रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

पेज 1 का शेष

## घमंडिया ने सनातन संस्कृति...

**नेतृत्व पर भ्रम, पर छुपा एजेंडा तय :** विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मोदी कहा कि इनका नेता तय नहीं है और नेतृत्व पर भ्रम है। इसके बावजूद उन्होंने मुंबई में बैठक कर घमंडिया गठबंधन' की नीति और रणनीति तय कर ली है और साथ ही एक छुपा हुआ एजेंडा भी तय कर लिया है। ये लोग सनातन संस्कारों और परंपरा को समाप्त करने का संकल्प लेकर आये हैं। जिस सनातन को महात्मा गांधी ने जीवन पर्यंत माना, जिस सनातन ने उन्हें अस्पृश्यता के खिलाफ आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया। ये घमंडिया गठबंधन के लोग उस सनातन परंपरा को समाप्त करना चाहते हैं। गठबंधन की एक ही नीति है कि भारतीयों की आस्था पर हमला करो। गठबंधन की नीयत है कि भारत को जिन विचारों और संस्कारों ने हजारों वर्ष से जोड़ा है, उन्हें तबाह कर दो। **कांग्रेस पर साधा जमकर निशाना :** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी देश या राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि पूरी पारदर्शिता से शासन चले और भ्रष्टाचार पर लगाम कसी रहे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिन्होंने लंबे समय तक मध्य प्रदेश में राज किया, उन्होंने भ्रष्टाचार और अपराध के सिवाय राज्य को कुछ भी नहीं दिया। उन्होंने कहा, लेकिन जब आपने हमें (भाजपा) और हमारे साथियों को सेवा का मौका दिया तो हमनें पूरी इमानदारी से देश और राज्य भाग्य बदलने का भरसक प्रयास किया है।

## तीन दिन ठप रहेगा...

ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कोल इंडिया/ सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लिमिटेड और उसकी अनुषंगी कंपनी, विभाग, प्रतिष्ठान, संस्थानों में कार्यरत कामगारों को सितंबर, 2023 का वेतन-मजदूरी-तनख्वाह का एनसीडब्लूयूए-10 के पुराने वेतन के आधार पर किया जायेगा। श्रमिक संगठनों ने कहा कि हमारी मांग है कि कोल इंडिया, सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लिमिटेड और सभी अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत सभी कर्मियों को सितंबर, 2023 माह का वेतन अक्तूबर में समय पर और एनसीडब्लूयूए-11 के अनुसार ही किया जाय। कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लिमिटेड प्रबंधन यदि ऐसा नहीं करता है तो 5 अक्टूबर से 7 अक्टूर, 2023 तक कोल इंडिया, सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लिमिटेड और उनके मुख्यालयों सहित अनुषंगी कंपनियों में तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी। इस दौरान कोल इंडिया, सिंगरेनी कोलियरिज कंपनी लिमिटेड मुख्यालय सहित उनकी सभी अनुषंगी कंपनियों के सभी संस्थानों के कामगार हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल संबंधी नोटिस में बीएमएस के के लक्ष्मा रेड्डी, मजरुल हक अंसारी, इंटक के कुमार जयमंल सिंह, एके झा, एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, आरबी राघवन, एटक के रमेंद्र कुमार, अशोक यादव ने साइन किया है।

## कांके ब्लॉक के सामने दिनदहाड़े...

पल्स अस्पताल में चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उनके शरीर में लगी चारों गोलियां निकाल दी हैं। फिलहाल अवधेश खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। इस वारदात के पीछे कारण क्या है, इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है। इस बारे में कांके थाना प्रभारी आभास कुमार भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि, अवधेश के घर और घटनास्थल पर जाकर थाना प्रभारी सहित ग्रामीण एसपी ने भी छानबीन की है।

स्पीड न्यूज

### भारतीय छात्रा की मौत की होगी जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सिएटल में पुलिस की गाड़ी से टकराकर भारतीय छात्रा की मौत की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। भारत सरकार की ओर से यह मसला उठाए जाने के बाद बाइडन प्रशासन ने आपराधिक जांच की बात कही है। 23 वर्षीय भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला को तेज गति से आ रहे पुलिस के एक वाहन ने टक्कर मार दी थी और मौत हो गयी थी।

### चीन ने अफगानिस्तान में नियुक्त किया राजदूत

**काबुल।** चीन ने बुधवार को अफगानिस्तान में तालिबान शासन लागू होने के बाद नया राजदूत नियुक्त कर दिया है। चीन ऐसा करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है जिसने काबुल में तालिबान के दो वर्ष के शासनकाल में राजदूत नियुक्त कर अफगानिस्तान के साथ कूटनीतिक संबंधों का स्तर बढ़ाया है। चीन के इस कदम पर तालिबान ने खुशी जताते हुए अन्य देशों से अफगानिस्तान के साथ ऐसे ही गर्मजोशी वाले संबंध कायम करने का अनुरोध किया है।

### इडी ने जब्त की 20.11 करोड़ रुपये की संपत्ति

**नयी दिल्ली।** इडी ने धन शोधन मामले में जांच के तहत मुंबई स्थित एक कंपनी के परिसरों की तलाशी के दौरान 20.11 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सोमवार और मंगलवार को मैक्स फ्लैक्स इमैजिंग एंड सिस्टम के कई ठिकानों की तलाशी ली गई जिसका नियंत्रण हितेश जोबालिया व निमेश एन शाह के पास था।

### भाजपा ने सांसदों को जारी किया व्हिप

**नयी दिल्ली ।** भाजपा ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर 18 सितंबर से शुरू हो रहे पांच दिवसीय संसद सत्र के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को व्हिप जारी किया है। एक दिन पहले ही सरकार ने सत्र के पहले ही दिन संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 साल की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों और सीख पर एक विशेष चर्चा को कार्यवाही में सूचीबद्ध किया है।

### अभिनेता रियो कपाड़िया का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड और टीवी के जानेमाने अभिनेता रियो कपाड़िया का निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। 08 जून 1957 को जन्में रियो कपाड़िया ने अपने सिने करियर में शाहरूख खान, आमिर खान जैसे कई सितारों के साथ काम किया। रियो कपाड़िया ने हैप्पी न्यू ईयर, मदार्नी, दिल चाहता है, चक दे इंडिया जैसी कई शानदार फिल्मों में काम किया। टीवी से भी रियो कपाड़िया जुड़े रहे।

# देश के विकास का पावरहाउस है छत्तीसगढ़

## प्रधानमंत्री ने रायगढ़ में रेल की कई परियोजनाएं राष्ट्र को किया समर्पित

- हर राज्य को विकास में मिल रही बराबर प्राथमिकता : मोदी
- प्रधानमंत्री ने रायपुर और धनबाद आर्थिक गलियारे का किया याद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ देश के विकास का एक पावरहाउस है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश तभी आगे बढ़ेगा, जब उसके पावरहाउस पूरी ताकत से काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज दुनिया की बड़ी संस्थाएं भारत की सफलता से सीखने की बात कर रही हैं क्योंकि आज देश के हर राज्य को विकास में बराबर की प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के बहुमुखी विकास के लिए लगातार काम किया है और उस दृष्टि और उन नीतियों का परिणाम आज यहां देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी योजनाएं संचालित की जा रही हैं और नई-नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने जुलाई में अपनी रायपुर यात्रा को याद किया। उस दौरान प्रधानमंत्री ने विशाखापत्तनम से रायपुर आर्थिक गलियारे और रायपुर से धनबाद आर्थिक गलियारे की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में लगभग 6,350 करोड़ रुपये की रेल क्षेत्र की कई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के 9 जिलों में 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखी और जांच की गई आबादी को 1 लाख सिकल सेल परामर्श कार्ड वितरित किए। आज समर्पित रेलवे परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ पूर्व रेल परियोजना चरण- क, चांपा से जमगा के बीच तीसरी रेल लाइन, पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन और तलाईपल्ली कोयला खदान को एनटीपीसी द्वारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एसटीपीएस) से जोड़ने वाली एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) प्रणाली शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि पूरी दुनिया आधुनिक विकास की तेज गति और सामाजिक कल्याण के भारतीय मॉडल को न केवल देख रही है बल्कि प्रशंसा भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व नेताओं की मेजबानी को याद किया और उल्लेख किया कि वे भारत के विकास और सामाजिक कल्याण मॉडल से बेहद प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक संगठन भारत की सफलताओं से सीखने की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए देश के हर राज्य और हर क्षेत्र के विकास के प्रति सरकार की समान प्राथमिकता को श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज, छत्तीसगढ़ के रेलवे नेटवर्क के विकास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। इन परियोजनाओं से प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कोयला क्षेत्रों से बिजली संयंत्रों तक कोयले के परिवहन की लागत और समय कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कम लागत पर ज्यादा से ज्यादा बिजली पैदा करने के लिए सरकार पिट हेड थर्मल पावर प्लांट भी बना रही है। उन्होंने तलाईपल्ली खदान को जोड़ने के लिए 65 किलोमीटर लंबी मैरी-गो-राउंड परियोजना के उद्घाटन का भी जिक्र किया और कहा कि देश में ऐसी परियोजनाओं की संख्या बढ़ेगी और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा। वनधन विकास योजना का जिक्र करते हुए मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना से लाखों आदिवासी युवा लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने दुनिया द्वारा श्री अन्न वर्ष मनाए जाने का भी जिक्र किया । उन्होंने कहा कि एक ओर जहां देश की आदिवासी परंपरा को नई पहचान मिल रही है, वहीं दूसरी ओर प्रगति के नये रास्ते भी बन रहे हैं।

### झारसुगुड़ा-बिलासपुर खंड पर दबाव कम करेगी नयी रेल लाइन

बेहतर रेल नेटवर्क बिलासपुर-मुंबई रेल लाइन के झारसुगुड़ा बिलासपुर खंड में दवाब को कम करेगा। इसी तरह अन्य रेलवे लाइनें और रेल कॉरिडोर छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देंगे। इन मार्गों के पूरा होने पर न केवल छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र में रोजगार और आय के नए अवसर भी पैदा होंगे।


रायगढ़ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## भारत को दुनिया की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में लाने में मध्य प्रदेश की होगी बड़ी भूमिका

**बीना (मध्य प्रदेश) ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत को विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना उनकी सरकार का लक्ष्य है जिसकी तरफ देश तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। यहां एक कार्यक्रम के दौरान 50,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह बात कही। इन परियोजनाओं में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी में 49,000 करोड़ रुपये की लागत से एक पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्यभर में 1,800 करोड़ रुपये की 10 नयी औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं। मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिये संकल्प बड़े हैं और आने वाले पांच वर्षों में मध्यप्रदेश विकास की बुलंदियों को छुएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं से बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। औद्योगिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार मध्यप्रदेश में नई परियोजनाओं पर 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। ये परियोजनाएं गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के सपनों को सच करेंगी। उन्होंने कहा कि देश के बहुत सारे राज्यों का पूरे साल का बजट भी इतना नहीं होता, जितना आज यहां एक ही कार्यक्रम में भारत सरकार लगा रही है, यह दिखाता है कि मध्य प्रदेश के लिए हमारे संकल्प कितने बड़े हैं। मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में हर भारतवासी ने देश के विकास का संकल्प लिया है।

### जनता की सेवा मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता की सेवा, मोदी की गारंटी है और उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। हमने सबको पक्के घर, घर-घर शौचालय, सबको भोजन, निःशुल्क इलाज, सबके बैंक खाते, हर बहन को गैस कनेक्शन की गारंटी दी और उसे पूरा किया। देश में 40 लाख परिवारों को पक्के घर दिये गये हैं। उज्ज्वला योजना में बहनों को गैस कनेक्शन देकर धुएँ से मुक्ति दिलाई गई है। रक्षाबंधन पर गैस सिलेंडर की कीमत 200 रुपये कम की गई है। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि 75 लाख और बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिये जाएंगे।

# कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल के पास है : धर्मेंद्र प्रधान

- बंगाल में वीसी नियुक्ति पर राज्यपाल का केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया समर्थन
- यादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग जैसी घटनाएं दोबारा नहीं हों

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति पर बढ़ते विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस के समर्थन में आते हुए कहा कि उनके पास राज्य के कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार है। प्रधान ने कहा कि राज्य सरकार को अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में रैगिंग जैसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में राज्यपाल राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्यपाल अपने अधिकार का इस्तेमाल कर कुलपतियों की नियुक्ति कर रहे हैं।

राज्यपाल पर निशाना साधने के बजाय राज्य सरकार को परिसर को सुरक्षित बनाने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि यादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र की मौत जैसी घटना दोबारा ना हो। केंद्रीय मंत्री यहां भाजपा की संगठनात्मक बैठक से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। प्रधान की यह टिप्पणी आठ राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यवाहक कुलपतियों की नियुक्ति और आठ अन्य के नाम सामने आने के फैसले को लेकर राज्य सरकार और राजभवन के बीच टकराव के मद्देनजर आई है। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल पर तीखा हमला करते हुए उन पर मानदंडों का उल्लंघन करने और विश्वविद्यालयों पर आर्थिक नाकेबंदी लगाने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बनर्जी के अलावा राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु और सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के करीबी पूर्व कुलपतियों ने बोस पर नियमों का उल्लंघन करने और नियुक्तियों को आगे बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को दरकिनार करते हुए एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।



### 10वीं व 12वीं के सैंपल पेपर का किसी निजी प्रकाशक के साथ साझेदारी नहीं : सीबीएसइ

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्पष्ट किया है कि उसने 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए अपने सैंपल पेपर को लेकर किसी निजी प्रकाशक के साथ साझेदारी नहीं की है। बोर्ड ने विद्यार्थियों से ऐसे भ्रामक दावों से गुमराह नहीं होने की सलाह दी है। बोर्ड ने उन खबरों के बीच यह स्पष्टीकरण दिया है जिनमें कहा गया था कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए अपने सैंपल पेपर को लेकर सीबीएसई ने एजुकार्ट के साथ साझेदारी की है और इन अभ्यास प्रश्न पत्रों को भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के सभी प्रमुख विषयों में अभ्यास प्रश्न पत्र हाल में जारी किये गये हैं। बोर्ड के संज्ञान में यह भी आया है कि स्कूलों और विद्यार्थियों को कुछ निजी प्रकाशकों की साइट से सीबीएसई अभ्यास प्रश्न पत्र लेने के लिए कहा जा रहा है। जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे किसी भी दावे और प्रचार से गुमराह न हों।




## पहली पत्नी के साथ नजर आये आमिर खान

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान और उनकी पहली पत्नी रीना दत्ता दोनों का कई साल पहले तलाक हो गया था, लेकिन दोनों एक दूसरे से मिलते हैं। हाल ही में आमिर और रीना को मुंबई में एक शॉप से निकलते हुए देखा गया। इतना ही नहीं, उन्होंने तस्वीरें ले रहे फोटोग्राफर्स को खुशी-खुशी पोज भी दिए। आमिर ने नीला कुर्ता और जींस पहनी थी, जबकि रीना ने बैंगनी रंग का कुर्ता और सफेद पैंट पहनी थी। दोनों ने मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाई और फिर एक ही कार में बैठकर निकल गए। इसी बीच आमिर और रीना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। नेटिजन्स भी इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ ने कहा है कि दोनों साथ में बहुत अच्छे लगते हैं, तो कुछ ने कहा कि आमिर की दोनों पूर्व पत्नियों का हेयरस्टाइल एक जैसा है।



### अमेरिका का राष्ट्रपति बना तो 75 % सरकारी कर्मियों को हटा दूंगा : रामास्वामी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने कहा है कि अगर वह 2024 का चुनाव जीत जाते हैं तो संघीय सरकार के 75 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों को हटा देंगे और एफबीआई जैसी कई प्रमुख एजेंसियों को बंद कर देंगे। अरामास्वामी ने कहा कि उनके निशाने पर शिक्षा विभाग, एफबीआई, आबकारी, तंबाकू, शस्त्र और विस्फोटक ब्यूरो, परमाणु नियामक आयोग, (आंतरिक राजस्व सेवा) आईआरएस और वाणिज्य विभाग होगा।

# बांधगाड़ी में भगवान विष्णु का होगा दर्शन

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।

पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने बताया कि पंडाल का थीम श्री हरि विष्णु के निवास स्थान क्षीरसागर है। पंडाल का मुख्य गेट लगभग 80 फीट चौड़ा है जो श्री हरि विष्णु के तिरुपति बालाजी प्रतिमा का प्रारूप के तर्ज पर निर्माण किया जा रहा है। तिरुपति बालाजी का 30 फीट ऊंचा बड़ा सा मुकुट धारण किए हुए चेहरे का स्वरूप होगा और उसके गेट के अंदर जैसे ही प्रवेश भक्तगण प्रवेश करेंगे तो श्री हरि विष्णु की स्तुति का धुन सुनाई देगा जैसे-जैसे अंदर प्रवेश करेंगे तो चारों तरफ से क्षीरसागरऔर स्वर्ण द्वार में प्रवेश करते हुए भगवान विष्णु के 10 अवतार का दर्शन होगा और उसके बाद मां का दर्शन करने से पूर्व श्री हरि विष्णु के हजारों शास्त्रों का अवलोकन कर पाएंगे उसके बाद आप मां भवानी के मुख्य प्रतिमा का दर्शन करते हुए क्षीरसागर में विराजमान श्री हरि विष्णु जी के अवलोकन करते हुए पंडाल के निकास द्वार से बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे। पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में मां भगवती का 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होता है।

साथ ही नवमी के दिन भोग का वितरण किया जाएगा मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी।

इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 35 लाख रखा गया है।


### पंडाल के आसपास है जलजमाव : रमेश गोप



पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने बताया कि पंडाल के आसपास जलजमाव की समस्या है, लेकिन पूजा के पूर्व इस पर मिट्टी डालकर ठीक कर दिया जाएगा। ताकि भक्तों को किसी तरह का दिक्कत ना हो।



# एक बड़ें बदलाव की आहटः एआई का तूफान दुनिया में घमासान



**डॉ. संजय वर्मा**

**इस** साल 28 मई को जब देश की राजधानी में नई संसद का उद्घाटन हो रहा था, तो उससे थोड़ी ही दूरी पर दिल्ली पुलिस यौन शोषण के आरोपों को लेकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को हटा रही थी। उसी दौरान सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल होने लगी। इस फोटो में प्रदर्शन में शामिल महिला पहलवान विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट एक बस में मुस्कुराते दिख रही थीं। ट्विटर से लेकर फेसबुक पर लोग इस फोटो को देखने के बाद प्रदर्शनकारी पहलवानों को टूलकिट बनाने और तरह-तरह की साजिशों की बातें करने लगे। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर देख लो एजेंडा लिखते हुए एक अलग ही नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश की। बाद में पता चला कि वह तस्वीर फर्जी (फेक) थी। उसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीक से बदला (मार्फ्ड) गया था। फेक फोटो का भंडाफोड़ करते हुए कुछ लोगों ने एक वीडियो के जरिये दिखाया कि किसी गंभीर, गमगीन या खामोश चेहरे को एआई की मदद से मुस्कुराता हुआ कैसे दिखाया जा सकता है। झूठ को सच, नकली को असली और इसी तरह अंधेरे को उजाले के रूप में दिखाने वाली एआई की तकनीक के तमाम खतरे और भी हैं, जिनमें सबसे बड़ी चुनौती दुनिया इस समय रोजगारों को लेकर महसूस कर रही है। तकरीबन पूरी दुनिया को लग रहा है कि यह तकनीकी तूफान उनकी अच्छी-भली नौकरी खा जाएगा।

**दूसरा पहलू सुविधा का**

हॉलीवुड में हड़ताल करने वाले कथा-लेखकों, तकनीशियनों को ही नहीं, बल्कि दुनिया की आईटी कंपनियों के कर्मचारियों और मीडियाकर्मियों को भी अपनी नौकरी एआई के कारण संकट में पड़ी नजर आ रही है। पर यह एआई का एक पहलू है। इस तकनीक का दूसरा पहलू वह है, जिसमें कई कामकाज इसकी वजह से बेहद आसान हो गए हैं। इसके फायदों को देखते हुए कहा जा रहा है कि एआई एक क्रांतिकारी तकनीक है जिसमें मानवता की उन्नति और विकास के लिए बेहतरीन मौके उपलब्ध कराने की क्षमता है लेकिन इन मौकों का लाभ उठाने के लिए इसके खतरे कम करने होंगे। इस मकसद से दुनिया के कई मुल्कों में एआई संबंधी कानून बनाने पर विचार-विमर्श शुरू हो गया है।

**कंप्यूटर की मिसाल भी**

किसी नई तकनीक का आना और उसे लेकर मानव सभ्यता का भयभीत होना नया नहीं है। बीते कुछ दशकों में ही देखें, तो कंप्यूटर का आगमन हमारे देश और दुनिया में इस आशंका के साथ हुआ था कि यह उपकरण लोगों की नौकरियां खा जाएगा। पर हुआ दरअसल उल्टा। कंप्यूटर और इंटरनेट की बदौलत इतने रोजगार और इतनी संपदा का निर्माण हुआ- जिसकी कल्पना तक नहीं की गई थी। गौर से देखें तो कुछ वैसी ही आशंकाएं एआई को लेकर इस वर्ष यानी 2023 की शुरूआत से बनी हुई हैं। लेकिन एआई के सकारात्मक पक्ष को लेकर वैसी आश्वस्ति नहीं दिख रही है, जैसी बाद में कंप्यूटर और इंटरनेट के संबंध में बन गई थी। इसकी वजह संभवतः यह है कि बीते दो से तीन दशकों में दुनिया को तकनीकी प्रबंधों के फायदे-नुकसान के आकलन की समझ बन गई है। लोग किसी नई तकनीक के आगमन के साथ ही बता देते हैं कि वह अपने मौजूदा स्वरूप में मानव समाज की बेहतरी का रास्ता खोलेगी या बबार्दी का।

**अंकुश के साथ कैसे हो इस्तेमाल**

नौबत ये है कि एक्स (पूर्व में ट्विटर) के मालिक ईलॉन मस्क से लेकर गूगल के सीईओ तक ये चेतावनी दे रहे हैं कि एआई पर अंकुश लगाना जरूरी है, अन्यथा यह तकनीक इंसान के हाथ से बाहर निकल जाएगी। कई सरकारें इस पर विचार कर रही हैं कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुष्प्रभावों से लोगों को बचाया जाए, जबकि इसके तकनीकी विकास का लाभ भी मिलता रहे। ऐसे देशों में ऑस्ट्रेलिया सबसे आगे है जहां एआई पर अंकुश लगाने के कानूनी मसौदे तैयार किए जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में 2018 में एआई पर अंकुश लगाने के लिए एक स्वैच्छिक व्यवहार निर्देशिका अपना ली गई थी। इसमें कॉपीराइट, निजता और उपभोक्ता सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सोच-विचार किया गया था और यह राय बनाई गई थी कि फिलहाल बनाए गए कानून एआई से जुड़े मुद्दों के लिए नाकाफी हैं। इसलिए सरकारों को ऐसे कानूनी ढांचे बनाने होंगे जो इस तकनीक के तमाम पहलुओं पर विचार कर सकें। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि यूरोपीय सांसद भी एक ऐसा विस्तृत कानूनी मसौदा तैयार कर रहे हैं, जो एआई से जुड़ी कानूनी चुनौतियों को समझते हुए उसके उपयोग और उससे बचाव के रास्ते सुझा सके। यूरोपीय संघ और अमेरिका में एक ऐसी स्वैच्छिक एआई व्यवहार निर्देशिका तैयार कर ली गई है, जिसे एआई से जुड़े उद्योगों द्वारा अपनाए जाने की उम्मीद है। असल में यूरोपीय आयोग ने एआई पर एक कोड ऑफ कंडक्ट का मसौदा बनाया है जिसका उद्देश्य यह दशार्ना है कि लोकतांत्रिक सरकारें एआई की चुनौतियों से निपटने की क्या तैयारी कर रही हैं। दिलचस्प यह है कि यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच कानूनी प्रावधान बनाने की इस प्रक्रिया में चैटजीपीटी नामक एआई टूल बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के सैम आल्टमन की हिस्सेदारी भी रही है। एआई संबंधी कानून पर विचार करने वाले देशों में चीन भी शामिल है, जो खुद काफी तेजी से एआई के विकास को लेकर शोध कर रहा है।

**कहां तक जाएगी कृत्रिम बुद्धि**

इंसानी सभ्यता के हजारों वर्षों में इतिहास में एक क्रांतिकारी बदलाव तब आया, जब 18वीं सदी से औद्योगिकीकरण की शुरूआत हुई और हमारे बीच मशीनें आईं। मशीनें बिना थके, बिना कोई शिकायत किए दर्जनों या सैकड़ों इंसानों के बराबर काम तुरत-फुरत कर सकती हैं- यह हमने बीते ढाई सौ साल में देख ही लिया है। लेकिन इसमें भी एक बड़ा बदलाव मशीनों के कृत्रिम बुद्धि या कहें कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) से लैस हो जाने पर हुआ है। संक्षेप में एआई कही जा रही तकनीक के क्या-क्या करिश्मे हैं, यह अब आम घरों में उंगली के इशारे पर काम करने वाली वॉशिंग मशीनों, गूगल के एलेक्सा, एप्पल के सीरी से लेकर स्मार्टफोन पर आपके द्वारा की जा रही खोज को पढ़ और समझकर उसी के अनुरूप सामग्री (कंटेंट) आपको गूगल-फेसबुक आदि पर मुहैया कराने की शक्ल में दिख रहे हैं। पर एआई क्या इससे भी आगे जा सकती है। क्या यह कथित तौर पर मशीनों द्वारा इंसानों के कामकाज यानी रोजगार को हड़पने का सबब भी बन सकती है। चैटजीपीटी नामक चैटबॉट (एक तरह का सॉफ्टवेयर) की शक्ल में एआई का जो तूफान दुनिया में उठ खड़ा हुआ है, उसने कुछ ऐसे ही सवाल पैदा कर दिए।

चैटजीपीटी की सनसनी क्या है, इसे लेकर टेस्ला और सोशल मीडिया मंच- ट्विटर के मालिक ईलॉन मस्क ने कुछ वक्त पहले एक टिप्पणी की थी। उन्होंने अपने एक ट्वीट में लिखा था कि चैटजीपीटी की इस ह्यनई दुनियाह्ल में, कोई भी जल्द ही होमवर्क को ह्यअलविदाह्ल कह सकता है। मालूम नहीं है कि मस्क की यह टिप्पणी एक तंज है या वास्तविक खतरे का ऐलान, लेकिन कुछ जगहों पर इसे सहज मानवीय बुद्धि के विकास के लिए घातक माना जाने लगा है। दुनिया भर के विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में यह व्यवस्था बना दी गई है कि छात्र अपने असाइनमेंट और होमवर्क पूरा करने के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल नहीं कर पाएं। स्कूल-कॉलेजों के सर्वर से जुड़े कंप्यूटरों पर चैटजीपीटी को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यदि यह पूछा जाए कि क्या चैटजीपीटी स्कूल-कॉलेज के गृहकार्य या किसी शोध प्रस्ताव आदि का मसौदा व परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाली सामग्री तैयार कर सकता है और उसे अकादमिक या साहित्यिक चोरी के अंश के रूप में पकड़ा नहीं जा सकता है। तो इसका एक जवाब तब मिला था, जब दिसंबर 2022 में अंग्रेजी अखबार- वॉल स्ट्रीट जर्नल ने स्कूल में दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया संबंधी साहित्यिक परियोजना अपने पत्रकार के जरिये चैटजीपीटी की मदद से पूरी करवाई। यूं तो चैटजीपीटी ने उस प्रोजेक्ट के लिए दिए गए विषय पर बहुत ही साधारण सामग्री तैयार की थी, लेकिन पाया गया कि एक ऐसे छात्र- जिसे शोध का कोई पूर्व अनुभव नहीं है, को दाखिला देने लायक बी+ ग्रेड उस सामग्री पर मिल सकता था। यानी चैटजीपीटी से कोई असाधारण सामग्री या उत्तर भले न मिले, लेकिन कामचलाऊ से बेहतर नतीजा इससे मिल सकता है। सिर्फ लेखन सामग्री (टेक्स्ट) ही नहीं, बल्कि ऊं'-ए जैसे एआई प्लेटफॉर्म साधारण फोटो को करिश्माई तस्वीरों में बदल सकते हैं, उन्हें पेंटिंग्स में भी ढाल सकते हैं। इसे लेकर दुनिया भर के कलाकारों-चित्रकारों ने भी चिंता जताई है क्योंकि इससे मौलिकता नष्ट हो रही है।

## दुनिया पहली बार तकनीक से डर रही है

**प्रशांत झा**

**जब आया तकनीक का डर**

एआई आज की देन नहीं है। पिछले छह-सात दशकों में इस क्षेत्र में काफी काम हुआ है और बताते हैं कि वर्ष 1952 में जब कंप्यूटर ने ह्यनॉट्स एंड क्रॉसेजह्ल नाम के एक खेल में इंसान को पराजित किया था, तो उसे एआई की करामात माना गया था। वर्ष 1955 में एमेरिट्स स्टैनफोर्ड के प्रोफेसर जॉन मैक्कार्थी ने जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ह्यबुद्धिमान मशीनें बनाने के विज्ञान और इंजीनियरिंगह्ल के रूप में पारिभाषित किया था, तब इसे लेकर ज्यादा जिज्ञासाएं नहीं थीं। इसके बाद के प्रसंग नब्बे के दशक और आगे के वक्त से जुड़े हैं। वर्ष 1994 में खेल ह्यचेकर्सह्ल में भी एआई से लैस मशीन यानी कंप्यूटर ने ही जीत दर्ज की थी और सबसे दिलचस्प किस्सा वर्ष 1996 और 1997 का है। वर्ष 1996 में आईबीएम का सुपर कंप्यूटर डीप ब्लू विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पारोव से फिलाडेल्फिया में हार गया था। लेकिन अगले ही साल यानी 1997 में सुपर कंप्यूटर ह्यडीप ब्लूह्ल ने शतरंज के विश्व चैंपियन गैरी कास्पारोव को हराकर पूरी दुनिया में सनसनी फैला दी थी। तभी से कहा जाने लगा कि एक दिन इंसान मशीनों से हार जाएगा। इस वाकये पर एक वृत्तचित्र- ह्यगेम ओवर : कास्पारोव एंड द मशीनह्ल भी बनाया गया। यहां से सुपर कंप्यूटरों और एआई का हौवा खड़ा होने लगा। अब से करीब 12 साल पहले इस 2011 में आईबीएम के ही एक अन्य सुपर कंप्यूटर वॉटसन ने एक क्विज शो ह्यजियोपार्डीह्ल में इस क्विज के दो महान चैंपियनों क्रमशः ब्रैड रट्टर और केन जेनिंग्स को भारी अंतर से हराया तो कहा जाने लगा कि आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस अब इंसानों को पछाड़ने की भूमिका में आ गई है।

**खेल से आगे की आशंका**

एक अहम बदलाव 2014 में गूगल के डीपमाइंड की कंप्यूटरीकृत मशीन के साथ हुआ। वीडियो गेम्स खेलने में महारत रखने वाली और खुद-ब-खुद सीखने वाली इस मशीन को इंसानी दिमाग से टक्कर लेने वाला माना जाता रहा है। इस मशीन ने अपने कंप्यूटर प्रोग्राम की मदद से वीडियो गेम्स खेलना सीख लिया और 50 खेलों में उसका प्रदर्शन किसी पेशेवर खिलाड़ी जैसा या उससे बेहतर रहा। इस आधार पर गूगल डीप माइंड के शोधकताओं ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ, जब एक मशीनी सिस्टम ने कई किस्मों के जटिल काम सीखकर उनमें इंसानों पर अपनी श्रेष्ठता साबित की। पर किसी कंप्यूटरीकृत खेल में मशीन का आगे निकलना इतना खतरनाक नहीं समझा गया, जिससे कि इंसान मशीन के सामने बौना साबित हुआ हो।

**महामारी के बाद की स्मार्ट देन**

हालांकि इक्कीसवीं सदी के आरंभिक दो दशकों तक भी एआई को खतरे की बजाय सहयोगी की भूमिका में ज्यादा देखा गया। लेकिन कोरोना वायरस से पैदा महामारी कोविड-19 का दौर थमा और 2022 के मध्य से दुनिया का कामकाज पटरी पर लौटा, तो एआई की एक स्मार्ट देन- चैटजीपीटी का आगमन एक धमाके की तरह हो गया।

चैटजीपीटी को आए तकरीबन एक साल होने को है और हालात ये हैं कि हाल में अमेरिका के ऑथर्स गिल्ड ने दस हजार लेखकों के समर्थन वाला एक खुला खत लिखा है, जिसमें एआई कंपनियों से आग्रह किया गया है कि वे कॉपीराइट के तहत सुरक्षित सामग्री का बिना इजाजत और बिना भुगतान इस्तेमाल नहीं करें। यही नहीं, कई देशों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सख्त और कड़े कानून बनाए जाने की तैयारी भी चल रही है। ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित कानून के अंतर्गत डीप फेक और दिखने में असली लेकिन फर्जी सामग्री बनाने वाली तकनीकों पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश हो रही है।

चैटजीपीटी की सनसनी क्या है, इसे लेकर टेस्ला और सोशल मीडिया मंच- ट्विटर के मालिक ईलॉन मस्क ने कुछ वक्त पहले एक टिप्पणी की थी। उन्होंने अपने एक ट्वीट में लिखा था कि चैटजीपीटी की इस ह्यनई दुनियाह्ल में, कोई भी जल्द ही होमवर्क को ह्यअलविदाह्ल कह सकता है। मालूम नहीं है कि मस्क की यह टिप्पणी एक तंज है या वास्तविक खतरे का ऐलान, लेकिन कुछ जगहों पर इसे सहज मानवीय बुद्धि के विकास के लिए घातक माना जाने लगा है।

## एक देश एक चुनाव

**पंकज सिन्हा**

**प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रमुख भाजपा**

**वर्ष** 1967 तक इस अवधारणा के तहत चुनाव आयोजित किए गए। वर्तमान में केवल कुछ राज्यों (आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम) की विधानसभाओं के चुनाव ही लोकसभा चुनावों के साथ होते हैं।

अगस्त 2018 में भारत के विधि आयोग द्वारा एक साथ चुनावों पर जारी मसौदा रिपोर्ट के अनुसार, एक राष्ट्र एक चुनाव के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत की जा सकती है, प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा, सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन होगा तथा चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किये जा सकेंगे।

**लॉ कमीशन वर्किंग पेपर (2018) की सिफारिशों के अनुसार,**

संविधान, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 तथा लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं की प्रक्रिया के नियमों में संशोधन के माध्यम से एक साथ चुनाव बहाल किये जा सकते हैं। वर्ष 1951 के अधिनियम की धारा 2 में एक परिभाषा जोड़ी जा सकती है।

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कामकाज के नियमों में संशोधन के माध्यम से अविश्वास प्रस्ताव को रचनात्मक अविश्वास मत से बदला जा सकता है।

**वे देश जहाँ एक साथ चुनाव होते हैं:**

दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव पाँच साल के लिये एक साथ होते हैं और नगरपालिका चुनाव दो साल बाद होते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधायिका और प्रांतीय विधायिका/काउंटी परिषद तथा स्थानीय निकायों/नगरपालिका विधानसभाओं के चुनाव चार साल के लिये एक निश्चित तिथि यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं लेकिन अधिकांश अन्य बड़े लोकतंत्रों में एक साथ चुनाव की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

ब्रिटेन में भी निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान था कि पहला चुनाव 7 मई, 2015 को और उसके बाद हर पाँचवें वर्ष मई के पहले गुरुवार को होगा। जर्मनी के संघीय गणराज्य के लिये बुनियादी कानून का अनुच्छेद 67 अविश्वास के रचनात्मक वोट का प्रस्ताव करता है (पदाधिकारी को बर्खास्त करते हुए उत्तराधिकारी का चुनाव करना)।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीस वर्षों में प्रत्येक वर्ष में किसी न किसी राज्य में चुनाव होता रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक राज्य में नगर निकाय एवं पंचायतों के भी चुनाव होते रहते हैं। इसके चलते देश में रह-रहकर चुनाव आचार संहिता के लागू होने की नौबत आती है।

नीति आयोग ने यह सुझाव दिया था कि कुछ राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकाल में विस्तार एवं कुछ राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करके एक देश एक चुनाव की तरफ बढ़ने की पहल की जा सकती है। इससे न सिर्फ चुनावी खर्च पर लगाम लगेगी, बल्कि सार्वजनिक धन की भी बचत होगी। प्रशासनिक मशीनरी पर भार कम होने से वह नीतियों के क्रियान्वयन के लिए ज्यादा समय दे सकेगी। केंद्र सरकार का भी ध्यान नीतिगत फैसले लेने और उनके क्रियान्वयन पर अधिक रहेगा। चुनावों की अवधि को घटाने से कार्यदिवसों की बचत होगी। काले धन पर रोक लगेगी तथा राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। इससे जातीय और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर भी अंकुश लगेगा। जब चुनाव आयोग यह कह चुका है कि हम लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने में सक्षम हैं तो फिर इस दिशा में गंभीर प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे हैं?

1952 के चुनाव में 10.45 करोड़ रुपये का व्यय हुआ था, जो 2014 में बढ़कर 30,000 करोड़ रुपये हो गया। वहीं 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में करीब 10 हजार करोड़ रुपये ही व्यय हुए, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका की अर्थव्यवस्था कई गुना बड़ी है।

सेंटर ऑफ मीडिया स्टडीज के एक अनुमान के अनुसार 17वीं लोकसभा के चुनाव पर 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक व्यय हुआ। चुनावों में होने वाले व्यय की प्रवृत्तियां बताती हैं कि प्रत्येक पांच वर्ष में यह व्यय दोगुना हो जाता है। 2015 में बिहार चुनाव पर लगभग 300 करोड़ रुपये व्यय हुए थे, जो 2020 के चुनाव में बढ़कर 625 करोड़ रुपये हो गए। 2016 में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल एवं पुडुचेरी के चुनावों पर कुल 573 करोड़ रुपये व्यय किए गए थे।एक अनुमान के अनुसार चुनाव आयोग प्रति वर्ष होने वाले चुनावों पर लगभग 1000 करोड़ रुपये व्यय करता है।

## हमे राजभाषा हिंदी के विकास को ध्यान में रखना चाहिए: एडीजी, श्री अखिल मिश्रा

**पत्र सूचना कार्यालय** और केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आज 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला और गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें अपर महानिदेशक पीआईबी - सीबीसी, रांची श्री अखिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अतिथि वक्ताओं के रूप में श्री आलोक कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, महालेखाकार कार्यालय, रांची, श्री अब्दुल हामिद , संयुक्त निदेशक पीआईबी रांची तथा श्री क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज), रांची भी मौजूद रहे।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, तदोपरांत सभी का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। इस गोष्ठी में दोनों विभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि श्री अखिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में हिंदी की सरलता और सुगमता को दशार्या जिसके चलते यह देश की राजभाषा बन पाई और इसके बोलने और समझनेवाले लगभग देश के हर हिस्से में मिल जाएंगे। उन्होंने सभी को अनुशासन और प्रतिबद्धता से हिंदी के विकास को ध्यान में रखने की सलाह दी।

महालेखाकार विभाग से आए श्री आलोक कुमार ने टिप्पण लेखन, इसके इतिहास एवं नए प्रारूपों पर मौजूद लोगों के साथ विस्तृत चर्चा की, और कैसे इसे और बेहतर और स्पष्ट बनाया जाए इस पर सभी को जरूरी नियमों से विस्तार में अवगत कराया। पीआईबी रांची के संयुक्त निदेशक श्री अब्दुल हामिद ने राजभाषा होने के चलते तथा 'क' क्षेत्र में कार्यालय होने से हिंदी के दैनिक रूप में प्रयोग के बारे में सभी को बताया। वहीं सेवानिवृत्त पूर्व भारतीय सूचना देवा के अधिकारी श्री क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज), रांची ने नए युवाओं में हिंदी के प्रयोग खासकर लेखनी में कमतर होने पर चिंता जताई। उन्होंने अन्य देशों के नागरिकों का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे हमें उन्हीं की तरह अपनी भाषा को हर संभव जगह पर प्रयोग करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना चाहिए।

आज के हिंदी दिवस पर हुए कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान की महती भूमिका रही। वहीं आज के कार्यक्रम में विषय प्रवेश क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव पुष्कर द्वारा किया गया।

आज के कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने भी महती भूमिका निभाई, मंच संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री राज किशोर पासवान द्वारा किया गया।

## हिंदी दिवस पर राष्ट्रभाषा के विकास का चिंतन



**शैलेन्द्र कुमार सिंह**

**(प्रिंसिपल मॉडर्न पब्लिक स्कूल कोडरमा)**




केन्द्र की राजभाषा हिन्दी और देवनागरी लिपि में होगी। यह निर्णय 14 सितम्बर,1946 को लिया गया था । 14 सितम्बर को ही हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार कवि राजेन्द्र सिंह राजेंद्र सिंह की जंयती तथा उनका 50वाँ जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिए इस दिन को चुना गया। वर्ष 1918 में गांधी जी ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी भाषा को राजभाषा बनाने को कहा था। इसे गांधी जी ने जनमानस की भाषा भी कहा था। हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। क्योंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में हिन्दी भाषा बोली जाती थी । इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। वर्ष 1949 में स्वतंत्र भारत की राजभाषा के प्रश्न पर 14 सितम्बर 1949 को काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया जो भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की अनुच्छेद 343 (1) में वर्णित किया गया हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरूआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित किया गया था और तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी की उपयोगिता को वैश्विक पटल पर दिखाना है, यहां हम हिंदी भाषा के महत्व को इस प्रकार जानेंगे। विश्व 'हिन्दी' की उत्पत्ति 'हिन्द' शब्द से हुई है जिसका अर्थ है सिन्धु नदी की भूमि । विश्व के 180 से अधिक यूनिवर्सिटीज में हिंदी पढ़ाई जाती है, जिनमें से 45 अमेरिकी यूनिवर्सिटीज हैं। स्पेनिश, मंदारिन और अंग्रेजी के बाद हिंदी दुनिया में चौथी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली पहली भाषा है। हिंदी एकमात्र ऐसी भाषा है जिसमें आप जो लिखते हैं वह वही होता है जो आप उच्चारण करते हैं। कई हिंदी शब्द हैं जैसे 'योग', 'मंत्र', 'अवतार', 'कर्म' आदि हिंदी से लिए गए हैं, अंग्रेजी में उपयोग किए जाते हैं और इंग्लिश डिक्शनरी में शामिल हैं। संयुक्त अरब अमीरात में हिंदी को तीसरी ऑफिशियल अदालती भाषा के रूप में अपनाया गया है। वहीं पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी पहले नेता थे जिन्होंने 1977 में इंटरनेशनल आडियंस को हिंदी में एड्रेस किया था। भारत के विदेश मंत्री के रूप में, अटल बिहारी ने यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली को हिंदी में एड्रेस किया था। वर्तमान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषण का प्रयोग कर हिंदी भाषा को विस्तार देने का काम किया है। हिंदी के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं! अंग्रेजी भाषा का प्रयोग सभी स्थानों पर किया जाता है यहां तक की भारत में आयोजित अधिकतर परीक्षाएं अंग्रेजी में आयोजित किए जाते हैं! यही नहीं साक्षात्कार के दौरान उम्मीदवारों की सफल सूची बनाने में उनके अंग्रेजी भाषा कौशल को ज्यादा महत्व दिया जाता है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है! भारत के ही दक्षिणी भूभाग और उत्तर पूर्व में इस भाषा को लेकर काफी विरोध नजर आता है!

हिंदी भाषा बोलने वाले नागरिकों को महाराष्ट्र गुजरात कर्नाटक तमिलनाडु केरल आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में द्वयं दर्जे का नागरिक समझा जाता है! इन क्षेत्रों में कई बार उन्हें प्रताड़ित किया जाता है महज इस बात पर कि वह हिंदी बहुल क्षेत्र से आते हैं! ऐसे में देखा जाए तो हिंदी अपने ही देश में तिरस्कृत और अपमानित होती हुई नजर आती है! हिंदी भाषा की गरिमा को प्रतिस्थापित करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है! मुझे लगता है कि महज हिंदी दिवस का आयोजन कर लेने मात्र से हिंदी का प्रचार प्रसार संभव नहीं है!

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएड प्रशिक्षु ज्योति प्रसाद ने महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ, उपनिदेशिका डॉ. संजिता कुमारी, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों एवं बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं का स्वागत कर किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने सभी प्रशिक्षुओं संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हिन्दी भाषा हमारे देश का गौरव बढ़ाती है। सभी भारतीयों को हिंदी बोलने पर गर्व होना चाहिए। वहीं उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि भाषाओं में हिंदी भाषा को एक सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। यह भाषा हम सभी भारतीयों के जीवन में अपने विचारों को व्यक्त करने का एक साधन है। इस अवसर पर बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं के लिए हाउस वाइज पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विजेताओं को पुरस्कार के रूप में नगद धनराशि प्रदान की गई। साथ ही बीएड सत्र 2022-24 के अगस्त माह के सर्वोत्तम सदन के लिए राधाकृष्णन सदन को सर्वोत्तम सदन का पुरस्कार प्रदान किया गया।

## हिंदी दिवस के अवसर पर विवेकानंद कॉन्वेंट ने हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कन्वेंट में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के अतीत व वर्तमान टॉपिक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा षष्ट् से कक्षा दशम तक के सभी छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। दिये गए टॉपिक पर सभी बच्चों ने बारी-बारी से हिंदी के अतीत व वर्तमान पर अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए हिंदी के बेहतरी पर भी सुझाव दिये। बच्चों ने अपने भाषणों में हिंदी के बारकी व देश में हिंदी के स्थान व उपयोगिता को भी सम्मिलित किया। इतना ही नही बच्चों ने हिंदी के प्रति वर्तमान केंद्र सरकार के सकरात्मक प्रयासो को भी सराहा। हिंदी के प्रति कवियों व साहित्यकारों के योगदान को भी नमन किया। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि हिंदी न केवल भाषा है, अपितु हिंदी अभिव्यक्ति का माध्यम है। हिंदी पूरे देशवासियों को एक सूत्र में बांधकर रखती है। मौके पर राधेश्याम पंडित, खुशबु गुप्ता, चंदन चौधरी, राजीव रंजन, अनुपम कुमार दास, शिक्षिका रानी शर्मा, निशा भारती, पूजा यादव आदि मौजूद थे।

## मेरिडियन अकादमी में हिंदी सप्ताह का समापन

**कोडरमा।** मेरिडियन अकादमी झुमरीतिलैया में हिंदी सप्ताह के अंतर्गत सप्ताह भर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडे ने राष्ट्रकवि नामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं उन्होंने कहा कि हिंदी वैश्विक भाषा बन चुकी है, यह जन-जन की भाषा है, इसमें हमारी संस्कृति और भारतीयता परिलक्षित होती है। हिंदी का इतिहास लगभग 1 हजार वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। हिंदी सन 1949 के 14 सितंबर को राजभाषा के रूप में समाद्रित हुई। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अंतर्गत हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। साथ ही राजभाषा प्रचार समिति अनुशंसा के आलोक में 14 सितंबर 1953 को हिंदी दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया, तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं निदेशक डॉ. श्रीनिवास कुमार ने कहा हिंदी भाषा एक अप्रतिम भाषा है, जो राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने के लिए सेतु का काम करता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुरेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपने विचार रखें।

## कोडरमा में स्नातक के नामांकन सीटों को यथावत रखा जाए, नहीं तो होगा आंदोलन : मो सद्दाम

**कोडरमा।** महिला महाविद्यालय में हो रहे स्नातक के नामांकन सीटों में पूर्व से निर्धारित सीटों की संख्या घटा दी गई है। सत्र 2023-27 में नामांकन सीटों के आर्ट्स विषयों में सीटों के घटने से महिला छात्रों को नामांकन लेने में परेशानी हो रही है जिसको लेकर जे जे कलेज झुमरी तिलैया छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र विंग के नेता मो सद्दाम एवं उनके सहयोगीयों के लारा महिला महाविद्यालय कोडरमा के प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। छात्र नेता मो. सद्दाम ने कहा कि शीघ्र ही पूर्व से निर्धारित सीटों को यथावत नहीं किया तो कलेज में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने सीटों को बढ़ाकर यथावत रखने की बात कही है। छात्र नेता ने कहा कि इस परीक्षा को समय से नहीं होने के कारण कई छात्र सरकारी नौकरी फर्म भरने से वंचज्ञापन देने के दौरान ताज राजा खान (पूर्व जिला सचिव झारखंड छात्र मोर्चा), आकाश कुमार, पंकज कुमार दास, रिया कुमारी सिंह, निशा कुमारी, ताजजुन परवीन, खुशबू कुमारी समेत कई छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# जी.एस. पब्लिक स्कूल में मना राष्ट्रीय हिंदी दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में गुरूवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य हिंदी वातावरण में सम्पूर्ण किया गया। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि 14 सितबंर का दिन वाकई हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है। ये पूरे देश को एक रखने वाली मातृभाषा भाषा हिंदी का दिन है। वहीं विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि आजादी मिलने के दो साल बाद 14 सितबंर 1949 को संविधान सभा में एक मत से हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था। इस निर्णय के बाद हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। वहीं उप-निदेशक नीरज सिंह ने हिंदी भाषा को भावनात्मक भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी का नाम शब्द 'हिंद' से लिया गया है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा था। मौके पर प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, हिंदी शिक्षक दिगंबर पांडेय ने अपने अभिभाषण से सबों का मन मोहा। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक शिव पूजन के लारा की गई।

# बाजार मुहल्ला नवयुवक संघ की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर बाजार मुहल्ला नव युवक संघ की बैठक जोड़ा मंदिर परिसर में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को इसबार भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजू प्रसाद केशरी को दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। जबकि नीरज गुप्ता,सत्यम सोनी व राजा केशरी को उपाध्यक्ष,मनोज गुप्ता व अमित गुप्ता को सचिव, रौशन सोनी, मोहित केशरी व संतोष सिंह को उप कोषाध्यक्ष, रंजन कुमार, चंदन कुमार, गोलू कुमार, विकाश कुमार व विक्की कुमार को उप सचिव, गोपाल सोनी व गोलू गुप्ता को मंत्री, विजय कुमार गुप्ता, रौनक केशरी व प्रभूषण गुप्ता को उप मंत्री बनाया गया. वही अजय केशरी, संजय साव, संतोष गुप्ता, प्रेम शंकर बाजपेयी, संतोष केशरी, अवधेश सोनी, सुनिल केशरी, उमेश सोनी, नरेश साव, लखन प्रसाद केशरी, अरुण सोनी, आदित्य केशरी, दीपक चंद्रवंशी, अरविंद सोनी व दिनेश साव को संरक्षक बनाया गया। इसके अलावे 21 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया जिसमें राजा सोनी, अमित सोनी, दिलिप गुप्ता, विक्की कुमार, रामजी केशरी, गुड्डू केशरी, मिलन केशरी, राहुल केशरी, अभिषेक कुमार, नितेश गुप्ता, विकाश गुप्ता, मुन्ना केशरी, धंजय सोनी, विपिन सोनी, दीपक कुमार, शुभम कुमार, अनु कुमार, रोहित कुमार, चंदन कुमार, अनुज कुमार, अनुराग कुमार व अंशु कुमार को शामिल किया गया गया है।

## मछली विक्रेताओं व पालक किसानों ने की बैठक



हुसैनाबाद पलामू। शहर के देवरी रोड स्थित गैस गोदाम के बगल में मछली दाना दुकानदर ने बैठक की। जिसमें हुसैनाबाद के मछली पालक किसान एवं सेलर कटर शामिल थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मछली का रेट होलसेलर एवं खुदरा रेट तय किया गया उसे पर तमाम कटर एवं मछली पलक अपने सहमति से इस रेट को फाइनल किया गया है। बाहरी गाड़ी जो हुसैनाबाद मार्केट में मछली लाकर कंपटीशन करते हैं उन्हें हुसैनाबाद मार्केट में नहीं आने पर रोक लगाया गया। बाहरी गाड़ी कोई भी हुसैनाबाद मार्केट में नहीं आएगा यह निर्णय लिया गया। बैठक में दर्जनों पालक व दुकानदार मौजूद थे।

# सीसीएल के सीएमडी ने बीएंडके और ढोरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल के सीएमडी सह कोल इंडिया के निदेशक तकनीकी बी वोरा रेड्डी ने गुरुवार को ढोरी और बीएंडके एरिया का दौरा किया। दौरे के क्रम में बीएंडके और ढोरी प्रक्षेत्र के परियोजना का निरीक्षण किया। सीएमडी ने बीएंडके जीएम एमके राव व ढोरी जीएम एमके अग्रवाल से कोयला उत्पादन व डिस्पैच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही परियोजना का नक्शा का अवलोकन करते हुए उत्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीएमडी बी वोरा रेड्डी ने कहा कि देश में ऊर्जा में कोयला की महत्वपूर्ण भूमिका हैण इसलिए लक्ष्य के अनुसार उत्पाद और कोयला का सम्प्रेषण करना है। कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में उत्पाद के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछरी परियोजना चालू करने की दिशा में पहल की जा रही है। विस्थापितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर बीएंडके जीएम एमके रावए ढोरी जीएम एमके अग्रवालए अमलो पीओ के आर सत्यार्थीए खास.ढ़ोरी पीओ रंजीत कुमारए कल्याणी पीओ शैलेश प्रसादए बोकारो पीओ अरविंद कुमार शर्माए खासमहल.कोनार पीओ कन्हैया शंकर गेवालए कारो पीओ सतेंद्र कुमारए एरिया सेल ऑफिसर मनोज कुमारए एसओ ईएंडएम जी मोहंतीए एसओ पीएडपी एसके झाए एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंहए मैनेजर बीपी साहूए मैनेजर जीएन सिंहए एएफएम राजीव कुमारए एसओएक्स प्रवीण कुमार व यूके पासवानए एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उडकेए कई अधिकारी मौजूद थे।

# मंगल पाठ के साथ दो दिवसीय भादवा बदी आमवस्या महोत्सव का समापन

खबर मंन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रेड़मा पांकी रोड स्थित राणी सती मंदिर के प्रांगण में श्री रानी सेवा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय भादवा बदी आमवस्या महोत्सव का आयोजन किया गया। पुजारी श्रवण पंडित ने गणेश पूजन के साथ पूजा प्रारंभ किया। मारवाड़ी समाज के 151 महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में मंगल पाठ किया। इस मौके पर देश विदेश से आये रंग बिरंगे फुलों के द्वारा दादी मां का अलौकिक श्रृंगार किया गया। साथ ही 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। दादी मां को चुनरी भेंट किया गया। मारवाड़ी समाज इस महोत्सव को काफी धूमधाम से मनाते हैं। कारण कि अपने कुल दादी के रूप में पूजा करते हैं। इस पूजा के पीछे मान्यता यह है कि जब दादी सती हुई थी तो उस समय उनकी राख को घोड़े पर ले जाया गया और जिस दिन घोड़ा रूका उसी दिन भादवी आमवस्या को लोग यह उत्सव मनाते हैं। इस मौके पर बनारस से आई प्रसिद्ध प्रवाचक पायल अग्रवाल ने मंगल पाठ का उच्चारण कराया। साथ ही उन्होंने मईया करलो सोलह श्रृंगार, दौड़ी दौड़ी आंगन में आयो म्हारा दादी जी, चौदस के दिन इन अखियों से उड़ गई निंदिया राणी जी समेत कई भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर मंगल पाठ की प्रथम ज्योत बद्री नारायण सिंघानियां सपत्नी बबीता सिंघानिया द्वारा प्रज्वलित किया गया। वहीं गणेश पूजन का अनुष्ठान अतुल तुलस्यान सपत्नी शशि तुलस्यान द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रसाद वितरण कर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर कोमल उदयपुरी, नीतू अगग्रवाल, रीना लाठ, विमल उदयपुरी, गोपाल छापड़िया, श्याम पोद्दार, आलोक सांवरिया, सुरेश भिवानिया, गिरधारी गर्ग, श्याम पोद्दार समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अमृत कलश में हर घर से हुआ मिट्टी संग्रह

**बेरमो।** आजादी के 75 वे वर्ष के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत नगर परिषद फुसरो के वार्ड सख्या 22 में मिट्टी को नमन वीरों का वंदन नमन करते हुए अमृत कलश को लेकर घर-घर मिट्टी संग्रहण किया गया। यह मिट्टी देश की राजधानी दिल्ली के भारत गेट के सामने अमृत वाटिका बनाया जा रहा है। अमृत वाटिका में यह मिट्टी भी सम्मिलित होगा कार्यक्रम का नेतृत्व वार्ड संख्या 22 के निवर्तमान वार्ड पार्षद भरत कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सोलोहवी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय शामिल हुए और घर घर जाकर मट्टी संग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ उषा सिंह सहित रमेश स्वर्णकार भाई, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, दिनेश यादव, सिंधु देवी, सुमन कुमारी, बसंती देवी, आदि शामिल रहे।

## हिंदी दिवस के अवसर पर विवेकानंद कॉन्वेंट ने हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कन्वेंट में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के अतीत व वर्तमान टपिक पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा षष्ट् से कक्षा दशम तक के सभी छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। दिये गए टॉपिक पर सभी बच्चों ने बारी-बारी से हिंदी के अतीत व वर्तमान पर अपना-अपना विचार व्यक्त करते हुए हिंदी के बेहतरी पर भी सुझाव दिये। बच्चों ने अपने भाषणों में हिंदी के बारकी व देश में हिंदी के स्थान व उपयोगिता को भी सम्मिलित किया। इतना ही नही बच्चों ने हिंदी के प्रति वर्तमान केंद्र सरकार के सकरात्मक प्रयासो को भी सराहा। हिंदी के प्रति कवियों व साहित्यकारों के योगदान को भी नमन किया। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि हिंदी न केवल भाषा है, अपितु हिंदी अभिव्यक्ति का माध्यम है। हिंदी पूरे देशवासियों को एक सूत्र में बांधकर रखती है। मौके पर राधेश्याम पंडित, खुशबु गुप्ता, चंदन चौधरी, राजीव रंजन, अनुपम कुमार दास, शिक्षिका रानी शर्मा, निशा भारती, पूजा यादव आदि मौजूद थे।

## एसपी से मिले झामुमो प्रतिनिधिमंडल

**कोडरमा।** झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी अनुदीप सिंह से मिलकर जिले की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर नेताओं ने एसपी को बताया कि ढिबरा जिले का एक मात्र रोजगार का साधन है, इस पर हजारों परिवार निर्भर है। प्रशासन लारा इसपर लचीला रुख अपनाने की जरूरत है। मौके पर गोपाल यादव, गंगा प्रसाद यादव, इस्लाम अंसारी, चन्द्रदेव यादव, उमेश यादव मौजूद थे।

## स्कूटी से गिर कर महिला घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना के समीप गुरुवार को एक महिला स्कूटी से गिर कर घायल हो गई। वहीं घायल महिला की पहचान पार्वती देवी पति सोहर यादव डंडाडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपनी बहु चंचल कुमारी को परीक्षा दिलवाने जेजे कॉलेज कोडरमा जा रही थी। इस दौरान स्कूटी पर सवार महिला पार्वती देवी स्कूटी से अचानक गिर गई। ग्रामीण के लारा घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर ले गए जहां से प्रथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रयासों से दूर हुई विद्युत समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के लट्टकुट्टा गांव में बिजली के तार व पोल काफी पुराने व जर्जर स्थिति में था। इस कारण अक्सर इस गांव में बिजली की समस्या से ग्रामीण परेशान रहते थे। बीते एक माह पूर्व यहां के ग्रामीणों ने जर्जर बिजली के तार व पोल को नया लगाने के लिए राज्य मंत्री सह राज्य समन्वय समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद के समक्ष आग्रह किया। जिसके बाद अविलंब योगेंद्र प्रसाद ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या से अवगत कराकर पोल व तार नया लगाने की बात कही। विभाग की ओर से तुरंत लट्टकुटा गांव में 24 पोल और जर्जर तार को बदलने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विभाग में पर्याप्त मात्रा में पोल नही रहने के कारण एक माह पूर्व 12 पोल इस गांव में उपलब्ध कराकर कार्य चालू किया गया था। फिलहाल 12 सितंबर को योगेंद्र प्रसाद के प्रयासों से बाकी शेष बचे 12 पोल व नया तार उपलब्ध करा दिया गया है। अब लट्टकुटा गांव में बिजली का नया पोल व नया तार जल्द ही लगा दिया जाएगा। इसे लेकर ग्रामीणों ने राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रति आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का अधिकतर पोल लकड़ी का है, जो कई दशक पूर्व लगाया गया था। मौके पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, मंजूर इलाही, पूर्व उपमुखिया चंदन पासवानए समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी, नसीम अंसारी, अख्तर अंसारी, मौजूद थे।

# पलामू: प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, विश्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अमीर हमजा ने कहा कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित योजना आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड राशन कार्ड धारी के प्रत्येक सदस्य को बनाने का काम किया जा रहा है ताकि गरीब व्यक्ति भी अपना बेहतर इलाज करा सकें। मोदी जी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः योजना का शुभारंभ कर देशवासियो को स्वास्थ सुविधा का तोहफा प्रदाण करेगें। आयुष्मान भवः संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ दुआ, आशीर्वाद होता है इसलिए देश के प्रधानमंत्री सभी भारतवासी नागरिग को लम्बी आयु की कामना के लिए योजना संचालित की जा रही हैं। मेला में मलेरिया, आयोडिन, बल्डशुगर, बिपी, हेमोग्लोबिन, अंधापन, नाक, कान, गला, टीबी, कुष्ठ की जांच की गई। इसके अलावा शिशु रोग, जच्चा बच्चा, स्त्री रोग, जननी सुरक्षा योजना, फलेरिया, एनोमिया, आईसी, ओपिडी, गोल्डन कार्ड का वितरण का अलग-अलग स्टॉल लगाकर मेले मे स्वास्थ जांच कर निशुल्कः दवा वितरण की गई। अलग-अलग ओपीडी मे डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद व उचित परामर्श दिया गया। मौके पर डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, डॉ एम एम प्रसाद, आयुष केंद्र प्रभारी डॉक्टर अखिलेश कुमार, डॉ दिनेश कुमार, डॉक्टर धीरज कुमार, डॉक्टर प्रियंका कुमारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार, मलेरिया पर्यवेक्षक डॉ विनोद कुमार तिवारी, रवि रंजन कुमार, पंकज कुमार पांडेय, एएनएम सोनम कुमारी, विभा कुमारी, सहित कईस्वास्थ कर्मी व सहिया मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत विशेष ग्राम सभा कर लाभुकों के चयन करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सदर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम ने की। बैठक में मुख्य अतिथि सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक उपस्थित थे। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 अंतर्गत लाभुकों के चयन के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिस पर पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चयन प्रक्रिया ग्राम सभा के माध्यम से होना है, इस पर उपाध्यक्ष ने तत्काल निर्देश देते हुए जल्द से जल्द विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर जरूरतमंद लाभुकों का चयन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सरकार ने किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन में प्रोत्साहित करने हेतु झारखंड मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना 2023 के अंतर्गत किसानों को 50% से लेकर 90% तक पशुपालन के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत इस योजना को शुरू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत किसान मवेशी यानी की गाय और भैंस का पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि कार्य कर सकता है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत है कि योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों को पशु आवास हेतु पशु आवास का निर्माण निःशुल्क, मनरेगा के द्वारा किया जाता है। पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम ने कहा कि इस योजना के माध्यम से दुधारू गाय खरीदने, पशुशाला निर्माण, गाय बीमा एवं पशुपालन संभंधित उपकरण के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिड़ी प्रदान की जाएगी। बकरी, सूकर एवं बत्तख चूजा पालन के लिए 75-90 प्रतिशत तक का अनुदान किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 सितंबर को सुआ एवं कौड़िया पंचायत ,18 सितंबर को सरजा एवं पोलपोल पंचायत, 20 सितंबर को लहलहे एवं झाबर पंचायत, 21 सितंबर को चियांकी एवं जमुने पंचायत, 22 सितंबर को राजवाडीह एवं जोड़ पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन मुखिया एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, सहायक जिला कुकुट पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, जतरू उरांव, पशुपालन ऑपरेटर जितेंद्र खतरी, सुआ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपाध्याय सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# आत्महत्या रोकथाम पर केबी कॉलेज में जागरूकता सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** गुरुवार को मनोविज्ञान विभाग एआईक्यूएसी एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कोषांग के संयुक्त तत्वावधान मे तथा प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता मे केबी कॉलेज के जंतुशास्त्र सभागार मे आत्महत्या रोकथाम जागरुकता विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे प्राचार्य डा के पी सिन्हाए विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग डा प्रभाकर कुमारए मुख्य अतिथि सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्राए प्रो लक्ष्मी नारायण रॉयए प्रो गोपाल प्रजापतिए आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य डॉ केपी सिन्हा ने मौके पर कहा जिंदगी से करें प्यार ताकि कभी न आए खुदकुशी का विचार। जीवन अनमोल है। जिंदगी के प्रति रखें संतुलित नजरिया। नकारात्मक सोच को जरिया न बनाएं। आयोजनकर्ता मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा आत्महत्या के विचार किसी को आ रहे हैं तो करीबी लोगो से बातचीत करें। पेशेवर काउंसलर या मनोचिकित्सक से बात करनी चाहिए। आत्महत्या के पीछे मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, व्यक्तिगत, सांस्कृतिक पारिस्थिकीय कारण जवाबदेह होते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर अस्पताल बोकारो के मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा आत्महत्या के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। आत्महत्या सप्ताह मनाने का उद्देश्य आत्महत्या के बारे मे जागरुकता बढ़ाना और वैश्विक स्तर पर आत्महत्या व इसके प्रयासों की संख्या को कम करना है।

## बेरमो खिलाड़ी आशा किरण सम्मानित

**बेरमो।** अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आशा किरण बारला और उनके कोच आशु भाटिया को ओएनजीसी की ओर से 13 सितंबर को सम्मानित किया गया ओएनजीसी के बोकारो स्टील स्थित दफ्तर में कंपनी के परिसंपत्ति प्रबंधक आदित्य जौहरी ने उन्हें सम्मानित किया जौहरी ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि बोकारो थर्मल में आशा किरण बारला ने भाटिया एथलेटिक्स अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है।